www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-318 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





महर्षि दयानंद सरस्वती ने नई चेतना का किया ... 02

■ देश में चारों तरफ अधर्म का बोलबाला : केजरीवाल
■ हाथी से उतरने की तैयारी में आधा दर्जन सांसद! 03

■ गाजा में संघर्ष विराम के आह्वान पर अमेरिकी ने...
■ पाकिस्तान में दो बड़े दल गठबंधन सरकार बनाने... 07

नूतन पहली मिस इंडिया थी जिसने फिल्मों में काम... 10

# सपा-कांग्रेस में गठबंधन का ऐलान

## दोनों दलों के नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके गठबंधन का खाका किया स्पष्ट

हम लखनऊ में आपसे बात कर रहे हैं पर भारत को बचाने का संदेश पूरे देश में जा रहा है : राजेंद्र चौधरी, सपा नेता

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। कई महीनों से चल रही रस्साकसी और खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन का ऐलान कर दिया गया। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 17 सीटों पर संतोष कर लिया। शेष 63 सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में गई हैं लेकिन इंडिया गठबंधन ने दलित नेता चंद्रशेखर की पार्टी या एकाध अन्य छोटी पार्टियों को चुनाव लड़ने के लिए फिलहाल कोई सीट नहीं छोड़ी है।

**भाजपा को हराने में हैं सक्षम**

बुधवार की शाम राजधानी लखनऊ के होटल में सपा और कांग्रेस के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस करके अपने गठबंधन का खाका स्पष्ट कर दिया। यह भी कहा कि दोनों पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा को पराजित करने के लिए पूरी तरह से एकजुट हैं। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों के सामने अपनी-अपनी बात रखी। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुटता के संकल्प को दोहराया। कहा कि यही गठबंधन उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने में सक्षम है और हम यह करके दिखाएंगे। जिस तरह से देश भर के किसान, नौजवान, महिलाएं और गरीब एनडीए की सरकार से परेशान हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था को दबाया गया है। ऐसे में देश में लोकतंत्र बचाने के लिए एनडीए की सरकार को 2024 में हटाना जरूरी हो गया है और इंडिया यह करके दिखाएगा। इस सवाल पर कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने की बात कही थी लेकिन अब तक शामिल नहीं हुए, कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि उनसे फिर से निवेदन किया गया है। उम्मीद है कि किसी दिन यात्रा में वह जरूर शामिल होंगे लेकिन इस सवाल पर सपा के दोनों नेता चुप ही रहे। सपा नेताओं ने कांग्रेस को दी गई 17 सीटें एक बार नहीं, दो बार गिनाईं और अपनी पार्टी के हिस्से में आईं 63 सीटों का आंकड़ा भी रखा। वे यह बताना नहीं भूले कि मप्र की खजुराहो सीट पर भी सपा लड़ेगी।



लोकतंत्र को बचाने के लिए यूपी में सपा व कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है : अविनाश पांडे, उप्र कांग्रेस प्रभारी

■ उप्र में 17 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस
■ 63 सीटों पर सपा के लड़ने पर बनी सहमति
■ गठबंधन के अन्य दलों को कोई सीट नहीं मिली

### कांग्रेस को मिली ये सीटें

कांग्रेस के खाते में जो सीटें आई हैं उनमें वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, प्रयागराज, सीतापुर, सहारनपुर, मथुरा, फतेहपुर सीकरी, झांसी, फतेहपुर, कानपुर नगर, बांसगांव, अमरोहा, बुलंदशहर, बाराबंकी, देवरिया, महराजगंज शामिल हैं। प्रदेश की अन्य 63 सीटों पर सपा अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# पटना में 3 मार्च को महागठबंधन की महारैली

**पटना,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। 20 फरवरी से तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा पर निकले हैं। 01 मार्च को बांका, जमुई और लखीसराय में जनसभा के बाद जन विश्वास यात्रा का समापन होगा। तेजस्वी यादव की विश्वास यात्रा के बाद 3 मार्च को महागठबंधन की महारैली पटना में होने वाली है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में महागठबंधन की ओर से महारैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दीपांकर भट्टाचार्य , येचुरी, राजा सहित कई नेता शामिल होंगे।

**महारैली में जुटेंगे 10 लाख लोग**

आरजेडी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी गयी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस दौरान दावा किया कि इस महारैली में 10 लाख लोग शामिल होंगे। वही आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि पूरा बिहार इंडिया गठबंधन के साथ है। 3 मार्च को भारी संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचेंगे। वही आरजेडी के प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार का विश्वासघात किया गया उसे लेकर बिहार की जनता गुस्से में हैं और बिहार में परिवर्तन चाहती है।



■ जनसभा के बाद जन विश्वास यात्रा का समापन होगा
■ राहुल, दीपांकर, येचुरी सहित कई नेता शामिल होंगे

### 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर तेजस्वी

तेजस्वी यादव 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर है। जन विश्वास यात्रा के पहले दिन तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और शिवहर में जनसभा को संबोधित किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान शिवहर में जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने वहां की जनता को रैली में आने का न्योता दिया।

# कांग्रेस सरकार बनने पर आर्थिक जनगणना कराएंगे : राहुल

**कानपुर/उन्नाव,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के 39वें दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के उन्नाव और कानपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरे देश में जाति जनगणना लागू करेंगे। इससे लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। इसके बाद देश में आर्थिक जनगणना भी कराएंगे। राहुल ने कहा कि आप लोग देश की असली ताकत हो, देश का आम आदमी ही देश की शक्ति बढ़ाता है। हिंदुस्तान के विकास के लिए जातीय जनगणना क्रांतिकारी कदम होगा। इससे ही लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा और इसके बाद देश में आर्थिक जनगणना भी कराएंगे, इससे पता लगेगा कि किसकी कितनी आबादी है और किसके हाथों में कितना धन है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर को ना पेंशन मिलेगी और ना शहीद का दर्जा मिलेगा। चार साल बाद अग्निवीर को निकाल दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में रोज पेपर लीक हो रहे हैं। प्रदेश के युवा सालों तैयारी करते हैं, पैसा खर्च करते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि कानपुर उद्योग नगरी है, लेकिन, जीएसटी और नोटबंदी थोप कर यहां के छोटे-मध्यम उद्योगों को बर्बाद कर दिया गया।



39वें दिन उत्तर प्रदेश के उन्नाव व कानपुर पहुंची यात्रा

### कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने जाएंगे राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर पांच दिनों के लिए ब्रेक लगेगा। वह 27 और 28 फरवरी को कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने लंदन जाएंगे। हालांकि, दो मार्च से फिर यात्रा शुरू हो जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को बताया कि यात्रा से ब्रेक के इन पांच दिनों में 26 फरवरी से एक मार्च तक दिल्ली में चुनाव को लेकर कई अहम बैठकें हैं। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक होनी है। इस बैठक में राहुल गांधी की मौजूदगी जरूरी है।

# आंसू गैस के गोलों से किसान की मौत

किसान आंदोलन

**चंडीगढ़,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब में शंभू और खनौरी सीमा पर बुधवार की दोपहर में हरियाणा पुलिस द्वारा आंसूगैस के गोले छोड़े जाने से एक प्रदर्शनकारी किसान की सिर में चोट लगने के कारण मौत हो गई और कई घायल हो गए। किसान जुगराज सिंह की खनौरी सीमा पर मौत हो गई। हालांकि, हरियाणा पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बुधवार को किसी भी किसान की मौत नहीं हुई। यह सिर्फ एक अफवाह है। दाता सिंह-खनौरी सीमा पर दो पुलिसकर्मियों और एक प्रदर्शनकारी के घायल होने की जानकारी है, जिनका इलाज चल रहा है। पटियाला के राजिंदरा अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया पीड़ित को रबर की गोली से चोट लगी है। प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच टकराव के बाद पंजाब के पांच जिलों के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर कई स्तर की बैरिकेडिंग लगा दी है, जिससे तनाव की स्थिति है और किसानों को फसल की न्यूनतम कीमत और ऋण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



■ हरियाणा पुलिस ने इसे बताया अफवाह
■ कई किसानों के घायल होने की भी खबर

**किसान नेता डल्लेवाल बोले, शहीद हुआ बच्चा**

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बातचीत में कहा कि हम आगे गए, सरकार ने हमें बातचीत का न्यौता दिया। सरकार हमारे खिलाफ प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि किसानों का दावा है एक 23 साल के बच्चे की मौत हो गई है। दिल्ली बाद में चले जाएंगे, पहली हमारी जिम्मेदारी उस बच्चे के प्रति है, जो शहीद हो गया है।

**टिकैत ने पाकिस्तान से बॉर्डर की तुलना**

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरकार को ललकारते हुए कहा कि या तो सुधर जाए, नहीं तो दिल्ली भी आ सकते हैं। उन्होंने हरियाणा के शंभू बॉर्डर की तुलना पाकिस्तान बॉर्डर से की। लाव-लश्कर के साथ मेरठ कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि कील कांटे लगाकर शंभू बॉर्डर के हालात ही ऐसे बना दिए हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि जिस तरह से हरियाणा में किसानों के ऊपर गोले और बुलेट इस्तेमाल किए जा रहे हैं, उससे पूरे देश में गुस्सा है।

**अर्जुन मुंडा ने की बातचीत की वकालत**

कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि किसी भी चीज का समाधान, आपसी समझ और संवाद और लगातार बातचीत के माध्यम से किया जा सकता है। कोई भी विषय हो हम उसका समाधान बातचीत के जरिए ढूंढ सकते हैं।

# लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति जस की तस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी रहेगी, इसलिए यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगे दोनों देशों के जवान क्योंकि 21वें दौर की वार्ता हुई 'फेल' हो गई है। जानकारी के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता की, लेकिन तत्काल कोई समाधान नहीं निकला। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इसका मतलब यह है कि दोनों पक्षों के सैनिक लगातार एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की बैठक का 21वां दौर 19 फरवरी 2024 को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित किया गया था। सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि चीन द्वारा जारी बयान में यह उल्लेख नहीं किया गया कि यह एक संयुक्त बयान था। यहां तक कि संयुक्त बयान के मामले में भी, इसे हमेशा पीएलए ही जारी करती है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए गाइडेंस के अनुसार, पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए 19 फरवरी 2024 को आयोजित कोर कमांडरों की बैठक के अंतिम दौर में हुई प्रगति पर स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बार भी यह वार्ता पूरा दिन चली पर कोई हल सामने नहीं आया। बस संवाद और बातचीत की गति बनाए रखने पर सहमति हुई है।



■ 21वें दौर की वार्ता हुई भी 'फेल' हुई
■ वार्ता में बस अगली वार्ता का मसौदा तय हुआ

# पीछे हटने को तैयार नहीं ईवीएम हटाओ मोर्चा

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस से अनुमति न मिलने के बावजूद ईवीएम हटाओ मोर्चा 22 फरवरी को जंतर-मंतर पर धरना देने के लिए अड़ा हुआ है। धरने को कांग्रेस, वामसेफ और आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन देने का ऐलान किया है। बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ईवीएम हटाओ मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक उदितराज ने कहाकि ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। इसलिए उनके प्रदर्शन को रोकना निंदनीय है। मोर्चा धरना देने के लिए अडिग है। कांग्रेस महासचिव दीपक बावरिया ने कहा कि किसान दिल्ली से 300 किलोमीटर दूर प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में दिल्ली में ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन की अनुमति न देना सरकार की लोकतंत्र विरोधी मंशा को दर्शाता है। प्रदर्शन करना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा ने सीधे-सीधे कहाकि भाजपा हर चुनाव में 20-25 फीसदी मतों का हेराफेरी ईवीएम के जरिए करती है। इसलिए जरूरी है कि पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए बैलेट पेपर से मतदान कराया जाए।




■ दिल्ली पुलिस की ना के बावजूद आज करेंगे प्रदर्शन
■ धरने को कांग्रेस, वामसेफ व आप का भी है समर्थन

# नहीं रहे आवाज की दुनिया के जादूगर अमीन सयानी

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। रेडियो पर आवाज की दुनिया के जादूगर माने जाने और 'बिनाका गीत माला' सरीखे कार्यक्रमों के जरिए अपने प्रशंसकों के दिलों पर राज करने वाले अमीन सयानी का मंगलवार की रात मुंबई में निधन हो गया।

वह 91 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्रजनित बीमारियों से पीड़ित थे। सयानी को कल दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें मुंबई के रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और देर शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली। रेडियो से नाता रखने वाला शायद ही ऐसा कोई शख्स होगा , जो सयानी से अनजान हो।



91 वर्षीय सयानी का दिल का दौरा पड़ने निधन

**शिक्षा** *17 राज्यों ने प्रति बच्चा लागत की है निर्धारित*

# शिक्षा के अधिकार से अब तक 60 लाख बच्चों को लाभ

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कमजोर नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध एक प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन इंडस एक्शन ने अपनी वार्षिक ब्राइट स्पॉट रिपोर्ट (बीएसआर) 2023 जारी की है, जिसमें भारत में मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई अधिनियम) के क्रियान्वयन से अब तक 60 लाख बच्चों को लाभ होने का पता चला है।**

2009 में लागू आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समुदायों के बच्चों के लिए आरक्षित करने का आदेश दिया गया है। आरटीई अधिनियम 'सभी के लिए शिक्षा' अभियान और सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों जैसे वैश्विक अभियानों के अनुरूप सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएसआर राज्यों में आरटीई धारा 12(1)(सी) को लागू करने में ब्राइट स्पॉट्स और चुनौतियों की पहचान करती है। मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और दिल्ली जैसे राज्यों में निजी स्कूलों की उच्च भागीदारी है, जबकि बिहार में 100 प्रतिशत निजी स्कूलों की भागीदारी है। हालांकि, देश में प्रतिपूर्ति प्रक्रियाएं एक समस्या बनी हुई हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि किसी भी राज्य ने अपनी प्रतिपूर्ति प्रक्रिया को सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली से नहीं जोड़ा है, जिससे वित्तीय प्रक्रियाएं बेअसर हो रही हैं।




18 राज्यों ने आरटीई को लागू किया

**बच्चों की संख्या में मामूली गिरावट आई**

रिपोर्ट में इस प्रावधान का लाभ पाने वाले बच्चों की संख्या में मामूली गिरावट सामने आई है, जिसके बढ़ने का कारण संभवत: महामारी के दौरान कम बजट वाले स्कूलों का बंद होना है। एक दशक पहले कानून बन जाने के बाद भी फरवरी 2023 तक केवल 18 राज्यों द्वारा ही आरटीई 12(1)(सी) लागू किया गया है। इस कानून को लागू ना करने वाले राज्यों को उच्चतम न्यायालय ने नोटिस जारी करके इसका क्रियान्वयन करने का आग्रह किया है। 17 राज्यों ने प्रति बच्चा लागत निर्धारित की है, जो चंडीगढ़ में सर्वाधिक 28,176 रुपए और मप्र एवं उप्र में सबसे कम है।

## सार संक्षेप

### आयकर विभाग ने कांग्रेस के 65 करोड़ जब्त किए : माकन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आयकर विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि उसके विभिन्न खातों से अलोकतांत्रिक तरीके से 65 करोड़ रुपए की बड़ी रकम निकाल ली गई है। यह निकासी भी तब हुई है जब पिछले वर्षों के रिटर्न से संबंधित एक मामला अदालत में विचाराधीन है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजाय माकन ने कहाकि अगर जांच एजेंसियां की कार्रवाई अनियंत्रित रहीं, तो इससे लोकतंत्र खत्म हो सकता है।

### 'सिख अधिकारी को खलिस्तानी कहने पर माफी मांगे भाजपा'



**नई दिल्ली।** आम आदमी पाटी ने कहा कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में तैनात एक सिख आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया है और पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा, बंगाल में ड्यूटी पर तैनात आईपीएस अधिकारी को भाजपा नेताओं ने खालिस्तानी बोलकर अपमानित किया है। पार्टी यह मांग करती है कि भाजपा नेता इसके लिए माफी मांगे।

### केंद्रीय मंत्रिपरिषद की 3 मार्च को होगी आखिरी बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले यह आखिरी बैठक होगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रियों को जीत का मंत्र देंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिपरिषद की यह बैठक दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित राजनयिक एन्क्लेव के सुषमा स्वराज भवन में होगी।

### हिमाचल के मनाली में इस सीजन का दूसरा हिमपात



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में हुए हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। हिमपात के चलते बुधवार को राज्य में चार नेशनल हाईवे व 387 सड़कें यातायात के लिए बाधित थीं। सबसे अधिक 288 सड़कें लाहौल-स्पीति जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 77 सड़कें अवरुद्ध हैं। उधर, पर्यटन नगरी मनाली व आसपास के इलाकों में इस सर्दी के सीजन और नए साल की दूसरी बर्फबारी हुई गई है।

### दिल्ली में मकान ढहने से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** यहां के कोटला मुबारकपुर इलाके में एक घर गिरने से बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घर की पहली मंजिल की दीवार का एक हिस्सा गिर गया, जिसके बाद विनय (32) की मौत हो गई।

# देश

उवाच "चुनाव आयोग स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी पहलुओं पर वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की गईं।
-राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.0 | 13.0 |
| मुंबई | 27.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 26.0 |

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

## मध्य प्रदेश की 29 में से 26 लोकसभा उम्मीदवारों के लिए सीटों पर नामों के पैनल तैयार

**भोपाल,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजनीति में कमलनाथ विवाद खत्म होने के बाद पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। पार्टी ने मध्य प्रदेश की 29 में से 26 सीटों पर नामों के पैनल तैयार कर लिए हैं। 6 सीटों पर एकल नाम तय किए गए हैं, जबकि 14 लोकसभा सीटों पर 2-2 नाम तय किए हैं। 4 सीटों पर 3-3 नाम शामिल किए हैं। ग्वालियर-चंबल की 2 सीटें ऐसी हैं, जहां पैनल में 5-5 नाम हैं। भोपाल, इंदौर और सतना सीट पर अभी तक नाम तय नहीं हो पाए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से तैयार पैनल पर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी और फिर नाम फाइनल किए जाएंगे। खजुराहो सीट पर भी पैनल बनाया गया है, लेकिन यह सीट सपा के लिए छोड़ी जा सकती है।

**13 सीटें ऐसी जहां उम्मीदवारों के पैनल में विधायक व एक महापौर का नाम शामिल**

जानकारी के अनुसार, राज्य की 29 लोकसभा सीटों में 13 सीटें ऐसी हैं, जहां उम्मीदवारों के पैनल में विधायक और एक महापौर का नाम शामिल है। कांग्रेस पार्टी ने रीवा, सीधी, शहडोल, छिंदवाड़ा, बैतूल और धार के लिए



**ग्वालियर-चंबल की दो सीटें जहां पैनल में पांच-पांच नाम**

सिंगल नाम का पैनल तय किया है। रीवा सीट के लिए पार्टी ने अजय मिश्रा बाबा का नाम है। बाबा रीवा नगर निगम में कांग्रेस पार्टी के महापौर हैं। 2019 के चुनाव में इस सीट से भाजपा के जनार्दन मिश्रा ने दूसरी बार जीत हासिल की थी। कांग्रेस के टिकट पर सिद्धार्थ तिवारी चुनाव लड़े थे। सिद्धार्थ विंध्य का शेर कहे जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं।

उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा जॉइन की थी। तिवारी ने त्योंथर विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। सीधी सीट से कमलेश्वर पटेल का नाम पैनल में है। पटेल को 2023 के विधानसभा चुनाव में सिहावल सीट पर हार मिली है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की रीति पाठक ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने पूर्व सीएम अर्जुन सिंह के बेटे अजय सिंह (राहुल भैया) को टिकट दिया, उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सीधी विधानसभा सीट से लगातार तीन बार के विधायक केदारनाथ शुक्ला का टिकट काटकर रीति पाठक को मैदान में उतारा था। पाठक ने यहां से जीत दर्ज की। जबकि अजय सिंह (राहुल भैया) चुरहट सीट से विधायक बन विधानसभा पहुंचे हैं। यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह और उनके बेटे अजय सिंह राहुल का गढ़ है, जहां दोनों कई बार विधायक बन चुके हैं।

शहडोल सीट से फुंदे लाल मार्को का नाम पैनल में है। मार्को लंबे समय से विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने से जनता के बीच लोकप्रिय हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा की हिमाद्री सिंह चुनाव जीती थीं। जबकि कांग्रेस की प्रमिला सिंह को हार मिली थी। हिमाद्री सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हुई थीं। इससे पहले वो कांग्रेस की सांसद थीं। भाजपा नेता नरेंद्र मरावी से शादी के बाद वह कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गईं थीं। छिंदवाड़ा सीट से पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ का नाम है। नकुलनाथ ने पहला लोकसभा चुनाव 2019 में जीता था। उन्होंने भाजपा के नत्थन शाह कवरेती को हराया था। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। बैतूल सीट से रामू टेकाम का नाम है। रामू टेकाम 2019 का चुनाव भी लड़ चुके हैं। लेकिन उन्हें भाजपा के दुर्गादास उइके से हार मिली थी। टेकाम अभी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष हैं। धार सीट से पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह बघेल हनी का नाम तय किया है। बघेल कुक्षी विधानसभा सीट से विधायक है। पूर्व मंत्री रहे बघेल की कुक्षी और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी पकड़ है। हनी के पिता प्रताप सिंह बघेल भी इस सीट से सांसद रह चुके हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के छतरसिंह दरबार को जीत मिली थी। जबकि कांग्रेस ने यहां से दिनेश गिरवाल को टिकट दिया था। कांग्रेस ने भिंड, गुना, सागर, दमोह, टीकमगढ़, देवास, खजुराहो, जबलपुर, मंडला, राजगढ़, विदिशा, देवास, उज्जैन, खरगोन और खंडवा सीट के लिए दो नाम का पैनल बनाया है। भिंड सीट से फूल सिंह बरैया और देवाशीष जरारिया हैं। दलित नेता बरैया एमपी की भांडेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। जबकि देवाशीष जरारिया 2019 का लोकसभा चुनाव इसी सीट से हार चुके हैं। इस सीट से भाजपा की संध्या राय चुनावी जीती थीं। देवाशीष जरारिया को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार का करीबी नेता माना जाता है। देवाशीष एमपी राजनीति में दलित समाज में युवा चेहरा बनकर उभरे हैं। गुना-शिवपुरी सीट से वीरेंद्र रघुवंशी व यादवेंद्र सिंह का नाम है। वीरेंद्र रघुवंशी कोलारस विस सीट से भाजपा के विधायक रह चुके हैं।

### दस मार्च के पहले कुछ सीटों के उम्मीदवार हो सकते हैं घोषित

*कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए पिछले दिनों ही दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार शामिल हुए थे। इस कमेटी की एक बैठक ओर होनी है, लेकिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा जब मध्य प्रदेश से निकल जाएगी, इसके बाद कमेटी की बैठक होगी। जिन सीटों पर नाम फाइनल होंगे, उनकी घोषणा दिल्ली से होगी जाएगी। उम्मीद है कि 10 मार्च के पहले कुछ सीटों के उम्मीदवार घोषित हो सकते हैं।*

# समावेशी व न्यायसंगत समाज बनाने के प्रयास जारी : मनोज सिन्हा



- उपराज्यपाल से मिला पाडरी जनजाति का प्रतिनिधिमंडल
- पाडरी जनजाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर प्रतिनिधिमंडल ने जताया आभार

**जम्मू,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि उनका प्रशासन एक समावेशी और न्यायसंगत समाज सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है ताकि सभी को राष्ट्रीय विकास का लाभ मिल सके। बुधवार को राजभवन में पाडरी जनजाति के 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल से मुलाकात के लिए पहुंचे। एलजी सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रयास एक समावेशी और न्यायसंगत समाज बनाना, हाशिए पर मौजूद लोगों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि वे राष्ट्रीय विकास का लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पाडरी जनजाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए मोदी, शाह और उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि ऐतिहासिक निर्णय ने समुदाय के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है और यह जनजाति के लिए जम्मू-कश्मीर और देश के विकास में योगदान करने के लिए एक सक्षम वातावरण तैयार करेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में चार और समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल किया है। इसमें गद्दा ब्राह्मण, कोली, पाडरी और पहाड़ी जातीय समूह शामिल है। इससे पहले 12 फरवरी को पहाड़ी समुदाय और अन्य पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में उपराज्यपाल से मुलाकात की और उनके समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में दम घुटने से दो सहोदर भाईयों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाए गए।

### तेलंगाना के पांच लोग दुबई जेल से रिहा

**हैदराबाद।** नेपाली चौकीदार बहादुर सिंह की हत्या के आरोप में दुबई की जेल में 18 वर्षों की सजा काटने के बाद तेलंगाना के सिरसिला के पांच लोगों को रिहा कर दिया गया है और वे स्वदेश पहुंच गए हैं। शुरुआत में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में दुबई की अदालत ने उनकी सज़ा को 25 साल तक बढ़ा दिया। पहले से ही 18 साल की जेल की सजा काटने के बाद, उन्हें अब अतिरिक्त सात साल की सजा काटने की आवश्यकता थी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने इस मामले में पहल करते हुए बहादुर सिंह के परिवार को 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने और माफी पत्र पेश करने की पेशकश की।

### मणिपुर में हायर सेकेंडरी की परीक्षा शुरू

**इंफाल।** मणिपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएसएलसी) परीक्षा 2024 बुधवार को राज्य के 111 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई। इस परीक्षा का आयोजन काउंसिल ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन मणिपुर (सीओएचएसईएम) कर रहा है और इसमें 31,351 छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। राज्य में संकट के कारण, कई छात्रों ने दूसरे राज्यों से परीक्षा देने का विकल्प चुना।

### ट्रक-ऑटो रिक्शा भिड़ंत में चालक समेत नौ की मौत

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक आउट पोस्ट (ओपी) क्षेत्र के बिहरौरा गांव में लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार रात डेढ़ बजे एक ट्रक और ऑटोरिक्शा के बीच हुई सीधी टक्कर में ऑटो चालक समेत नौ युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। 21 फरवरी को रात्रि करीब 01:30 बजे रामगढ़ चौक ओपी स्थित बिहरौरा के समीप लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक की ऑटोरिक्शा से टक्कर हो गई।

# मोदी के पास किसान की बात सुनने का समय नहीं : प्रियांक



- सरकार ने किसानो से बात करने की जहमत नहीं उठाई

**बेंगलुरु,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास मन-की-बात के लिए पर्याप्त समय है लेकिन किसान-की-बात सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। मंत्री ने कहा, जिस तरह से उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर नाकेबंदी की है, उससे पता चलता है कि सरकार किसानों के मुद्दों को हल करने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के पास मशहूर हस्तियों को बधाई देने के लिए पर्याप्त समय है, उनके पास मन-की-बात के लिए पर्याप्त समय है, लेकिन किसान-की-बात सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। खड़गे ने कहा कि सिर्फ डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का मतलब यह नहीं है कि केंद्र सरकार ने किसानों की समस्या का समाधान कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने उनसे बात करने की जहमत नहीं उठाई है। केंद्र सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। किसानों ने भारत रत्न के फैसले का स्वागत किया है, लेकिन वे डॉ. स्वामीनाथन की सिफारिशों की मांग कर रहे हैं।

# नरेंद्र नारायण यादव होंगे बिहार विस के उपाध्यक्ष

## विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने दिया पद से इस्तीफा

**पटना,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के इस्तीफे के बाद जेडीयू कोटे से विधायक नरेंद्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। उपाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र नारायण यादव गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद खुद उन्होंने इसकी जानकारी दी है। बताते चले कि बिहार विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने को लेकर कहा कि उन्होंने आलाकमान के नॉलेज में देने के बाद पद से इस्तीफा दिया है। हम पार्टी के समर्पित सिपाही हैं और पार्टी आलाकमान का जो निर्देश होगा, हम वही काम करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि उनको मंत्री बनाने की चर्चा है तो इस पर उन्होंने कहा कि यह सब फैसला आलाकमान को करना होता है। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर हजारी ने कहा कि इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है, पार्टी का जैसा निर्देश होगा हम वही करेंगे। आलाकमान के हर निर्देश का पालन होगा,



- नरेंद्र नारायण आज करेंगे नामांकन दाखिल

हम बिल्कुल नाराज नहीं है। महेश्वर हजारी के इस्तीफे के बाद खाली हुए विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र नारायण यादव गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो उनके ऊपर भरोसा जताया है निश्चित तौर पर उसपर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका हर निर्णय हमारे लिए आदेश होता है और जो भी जिम्मेदार दी है, हम उसे जिम्मेदारी को निभाएंगे। नरेंद्र नारायण यादव मधेपुरा के आलमनगर विधानसभा से जेडीयू के विधायक हैं। नरेंद्र नारायण यादव बिहार सरकार में पंचायती राज मंत्री रह चुके हैं। इसके साथ ही साथ साल 2005 से 2015 तक विभिन्न विभागों में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। मधेपुरा के बालाटोला के रहने वाले नरेंद्र नारायण यादव का काफी लंबा राजनीतिक करियर रहा है। नरेंद्र नारायण यादव ने जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत की थी। गौरतलब है कि विधानसभा के उपाध्यक्ष और जनता दल यूनाईटेड के वरीय नेता महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफ दे दिया है। पद छोड़ने के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद मैंने फैसला लिया है।

### मैं पार्टी के समर्पित सिपाही हूं : महेश्वर हजारी



जदयू से नाराजगी से सवाल पर महेश्वर जारी ने कहा कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है। अपने अलाकमान को जानकारी देने के बाद ही इस्तीफा दिया है। आगे आलाकमान जो भी आदेश देगी। उसका मैं पालन करुंगा। मैं पार्टी के समर्पित सिपाही हूं। सब दिन एक पैर पर रहकर मैंने पार्टी के लिए काम किया हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने और मंत्री बनने पर महेश्वर हजारी ने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व देगी वह मैं करुंगा। मैं आलाकमान का समर्पित सिपाही हूं। आगे आलाकमान जो भी तय करेंगे, वही मैं करुंगा। इधर, मंत्रिमंडल विस्तार के चर्चा के बीच यह कयास लगाया जा रहा है कि जदयू महेश्वर हजारी को बिहार सरकार के मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपे। चर्चा यह भी है कि नीतीश कुमार उन्हें कोई महत्वपूर्ण भी सौंप सकते हैं।

# किसी भी अधिकारी को धर्म के आधार पर निशाना बनाना गलत : अधीर रंजन

## सिख अधिकारी को खालिस्तानी बुलाए जाने का बोला हमला

**कोलकाता,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में भाजपा नेताओं ने एक पुलिस अधिकारी को खालिस्तानी कहकर उसका अपमान किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। वे बंगाल की संस्कृति से अवगत नहीं हैं। हम भी संदेशखली जाना चाहते थे, लेकिन हमें रोक दिया गया।

इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी अधिकारी को उसके धर्म के आधार पर निशाना बनाया जाना चाहिए। आईपीएस जसप्रीत सिंह इस तरह की भाषा से अपमानित महसूस कर रहे होंगे। कांग्रेस भी बंगाल पुलिस की आलोचना करती है, लेकिन हम ऐसी टिप्पणी नहीं करते। भाजपा को इसके लिए



सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा कार्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने कहा अपनी फसलों के लिए बेहतर समर्थन मूल्य की मांग कर रहे किसानों को भी भाजपा नेता खालिस्तानी बता रहे हैं। इतना ही नहीं, पंजाब के रहने वाले एक पुलिसकर्मी को भी अपना कर्तव्य निभाने के लिए इसी तरह का लेबल दिया गया है। प्रदर्शनकारी ने आगे कहा कि हम सभी भारतीय हैं।

### कोलकाता में सिखों ने किया प्रदर्शन

भाजपा नेता द्वारा एक सिख अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी बुलाए जाने का मामला भड़क गया है। सिख समुदाय से जुड़े करीब 200 लोगों ने बुधवार को शहर में भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। बताया गया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है।

### वाईएसआरसीपी के रास सांसद वी. पी.रेड्डी ने दिया इस्तीफा

**विजयवाड़ा,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद वेमीरेड्डी प्रभाकर रेड्डी ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। सांसद ने वाईएसआरसीपी अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को लिखे पत्र में कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से राज्यसभा सदस्यता और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है। वह वर्तमान में वाईएसआरसी की नेल्लोर जिला इकाई के अध्यक्ष हैं। रेड्डी ने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द उनका इस्तीफा स्वीकार करने की अपील की। इस बीच, रेड्डी के प्रशंसकों ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी आलाकमान ने अगले चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन में उन्हें दरकिनार कर दिया। अटकलें लगायी जा रही हैं कि वह तेलुगु देशम पार्टी में शामिल होंगे।

# गुलमर्ग में बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और यहां के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र सरकार से बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में स्कीइंग के लिए बुनियादी ढांचे को सुधारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अधिक शीतकालीन खेल प्रेमियों को आकर्षित करने के लिए गुलमर्ग में स्कीइंग बुनियादी ढांचे में सुधार करने की बहुत ज्यादा जरूरत है। अब्दुल्ला ने गुलमर्ग में मीडिया से कहा कि मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि गुलमर्ग को केवल खेलो इंडिया खेलों के नजरिये से न देखें, बल्कि इसे पूरी तरह से स्कीइंग गंतव्य के रूप में विकसित करें। गुलमर्ग में इसकी क्षमता है और कोंगडोरी में एक नया बुनियादी ढांचा स्थापित करने की जरुरत है जिसे पिछले 10 वर्षों के दौरान कुछ भी विकसित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जो स्कीयर पहले गुलमर्ग आना पसंद करते



थे, वे अब स्कीइंग के लिए कजाकिस्तान जाना पसंद करते हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि खेलो इंडिया शीतकालीन खेल गुलमर्ग में आयोजित किए जा रहे हैं। नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अगले साल जब खेलो इंडिया गेम्स यहां आयोजित होंगे तो एथलीटों को गुलमर्ग में एक नया बुनियादी ढांचा दिखाई देगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स का चौथा संस्करण बुधवार को इस स्कीइंग रिसॉर्ट में शुरू हुआ। पांच दिवसीय आयोजन में करीब 800 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। गुलमर्ग ने अब तक आयोजित शीतकालीन खेलों के सभी संस्करणों की मेजबानी की है।

चिंता | *गुजरात का शिक्षा विभाग खस्ता हाल*

# एक कमरे में चल रहे 341 प्राथमिक विद्यालय,14 सौ पद खाली

**अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में 341 सरकारी प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक ही कक्षा है। यह कहना है कि गुजरात सरकार का। विस के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक किरीट पटेल के सवाल का लिखित उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि दिसम्बर 2023 तक शिक्षा विभाग में प्रशासनिक अधिकारियों।**

के 1,400 से अधिक पद खाली थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में एक कक्षा होने का मुख्य कारण है जीर्ण-शीर्ण कक्षाओं का विध्वंस, छात्रों की कम उपस्थिति और नई कक्षाओं के निर्माण के लिए भूमि की अनुपलब्धता। विधानसभा में शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द नई कक्षाएं बनाई जाएंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि गुजरात शिक्षा सेवा कैडर क्लास-एक और क्लास- दो के अधिकारियों के 781 पद 31



- शिक्षा मंत्री ने जल्द से जल्द नई कक्षाएं बनाई जाने का दिया आश्वासन

दिसंबर तक भरे हुए थे। जबकि 1,459 पद खाली थे। रिक्त पदों को पदोन्नति और सीधी भर्ती के माध्यम से जल्द भरा जाएगा। कांग्रेस विधायक ने लगाए यह आरोप अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में शिक्षा की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है। दूसरे राज्यों की तुलना में हम कहीं खड़े नजर नहीं आते हैं।

भाजपा केवल प्रचार करने और गुजरात को मॉडल राज्य के रूप में पेश करने में अच्छी है। 2023 की ग्रेडिंग इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 25 प्रतिशत बच्चे गुजराती पढ़ तक नहीं सकते हैं। वहीं, 47.20 प्रतिशत बच्चे अंग्रेजी नहीं पढ़ सकते। पटेल का दावा है कि गुजरात शिक्षा क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में नहीं था। पटेल के आरोपों पर डिंडोर ने कहा कि राज्य सरकार ने 65 हजार से अधिक स्मार्ट क्लासरूम बनाए हैं। 43 हजार स्मार्ट क्लासरूम निर्माणाधीन है। मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्रोजेक्ट के तहत, हमने 2023-24 में 15,000 कक्षाओं का निर्माण किया, जबकि अन्य 15,000 कक्षाओं का निर्माण हो रहा है। पांच हजार से अधिक कंप्यूटर लैब का निर्माण किया गया है। स्कूलों में 15,000 से अधिक ऐसी लैब बनाने का काम चल रहा है। सरकार के प्रयासों के कारण 2022-23 में प्राथमिक विद्यालयों में ड्रॉपआउट अनुपात 37.22 प्रतिशत से गिरकर 2.68 प्रतिशत हो गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2023-24 में कुल 22,349 विद्या सहायक और ज्ञान सहायक नियुक्त किए गए। हंगामा करने पर कांग्रेस के 10 विधायक विस से निलंबित गुजरात विस में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 विधायकों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

कांग्रेस सदस्य पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक फर्जी सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं में धन की हेराफेरी के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।

पत्नी : क्यों क्या हुआ ?

पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?

# देश में चारों तरफ अधर्म का बोलबाला : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने जनतंत्र व स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने देश में बढ़ती तानाशाही को कड़ा संदेश दिया है। केजरीवाल ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में कहा कि देश में चारों तरफ अधर्म का बोलबाला है। चारों तरफ इतना अधर्म का बोलाबाला कि लोग आपस में चर्चा करने लगे हैं कि अब ईमानदारी-सच्चाई के रास्ते पर चलने से कोई फायदा नहीं है। देश में बहुत बड़े स्तर पर इतने इतने बड़े-बड़े षड्यंत्र और कुकर्म चल रहे हैं। पचहत्तर साल बाद इस देश के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छा भविष्य उम्मीद देने वाला मनीष सिसोदिया आज जेल के अंदर है, धर्म जेल के अंदर है और हमारे देश की मां-बेटियों को छेड़ने वाला बृजभूषण सिंह सत्ता का सुख भोग रहा है। आज इस देश में मोहल्ला क्लीनिक बनाने और गरीबों को दवाइयां दिलवाने वाला सत्येंद्र जैन जेल के अंदर है। ये लोग हिमंता बिश्वा शर्मा, सुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय, नारायण राणे, भावना गावली, अशोक चौहान, यशवंत जादव, यामिनी जादव, छगन भुजबल, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल, गोपाल कांडा समेत देश के अनगिनत सबसे बड़े कुकर्मी और भ्रष्टाचारियों चुन-चुन कर अपनी पार्टी में शामिल करा रहे हैं और वह सत्ता का सुख भोग रहे हैं। ईमानदार लोग जेल के अंदर हैं। आज चारों तरफ इतना ज्यादा अधर्म का बोलबाला हो गया है कि खुलेआम विधायक खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के अंदर इनके अधिकारी ने वोट में गड़बड़ी करके भारी बहुमत से जीतने वाले व्यक्ति को हरा दिया और हारने वाले व्यक्ति को जिता दिया। पाकिस्तान के अंदर भी रावल पिंडी के उस इलेक्शन कमिश्नर की आत्मा जाग गई, जिसने कहा कि हमने भारी बहुमत से उन लोगों को हरा दिया, जो भारी बहुमत से जीत रहे थे और उनको जिता दिया, जो हार रहे थे। इन लोगों ने तो भारत को पाकिस्तान बना दिया है। पचहत्तर साल में इस देश के 140 करोड लोगों ने कड़ी मेहनत करके जो हासिल किया था, इन लोगों ने एक झटके में सब कुछ खत्म कर दिया। केजरीवाल ने कहा कि ये लोग खुलेआम कह रहे हैं कि हम तो 370 सीट जीत रहे हैं। इनके कहने का मतलब यह है कि इनको देश के 140 करोड़ लोगों की जरूरत नहीं है। देश के लोग देख रहे हैं कि इतने बड़े स्तर पर चारों तरफ अधर्म ही अधर्म हो गया है। देश में विपक्ष की सरकारें काम करना चाहती हैं, लेकिन ये लोग उसको काम करने नहीं देते हैं। इससे बड़ा अधर्म और क्या होगा कि इन्होंने सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली गरीबों की दवाइयां रोक दी, टेस्ट रोक दिए गए और गरीबों को मरने के लिए सड़कों पर बेहाल छोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबने वीडियो देखा है और सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुना है। पिछले एक महीने के घटनाक्रम ने पूरे देश के सामने भाजपा का चीर हरण करके छोड़ दिया कि भाजपा चुनाव जीतती नहीं है, चुनाव चोरी करती है। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव बहुत छोटा-सा चुनाव था। हमने सोचा था कि बहुत आसानी से चुनाव जीत जाएंगे। चंडीगढ़ मेयर के इस छोटे-से चुनाव ने पूरे देश को हिला दिया। भाजपा अधर्म कर रही है, अब यह नहीं चलेगा। इस दौरान दिल्ली विधानसभा का सदन जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। सदन को संबोधित करते हुए श्री केजरीवाल ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। उनके साथ सदन में मौजूद अन्य सदस्यों ने भी जय श्रीराम के जयकारे लगाए और देश से भाजपा के अधर्म को छुटकारा दिलाने का संकल्प लिया।



चंडीगढ़ मेयर चुनाव में शीर्ष अदालत का फैसला बढ़ती तानाशाही को कड़ा संदेश : अरविंद केजरीवाल

### अन्नदाताओं को दिल्ली आने से रोक रहीं केंद्र सरकार : मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारे किसान दिल्ली आना चाहते हैं। उनके पास कोई हथियार नहीं है, उनको आने देना चाहिए। हमने भी तो रामलीला मैदान में आंदोलन किया था, उनको भी रामलीला मैदान दे दो, वहां किसान बैठ जाएंगे। किसानों की मांग है कि हम जो फसल पैदा करते हैं, उसका पूरा दम मिलना चाहिए। पूरा दम उनका हक है। बिल्कुल मिलना चाहिए। ये लोग फसलों का पूरा दाम भी नहीं देंगे और किसानों को प्रदर्शन भी नहीं करने देंगे। आज देश का युवा बेरोजगार है, वो दर-दर भटक रहा है। व्यापारी भी बुरे हाल में है, इन लोगों ने महंगाई इतनी कर दी है कि महिलाओं के घर का खर्चा नहीं चल पा रहा है। दिल्ली के अंदर एक के बाद एक झुग्गियां तोड़ी जा रही हैं।

## साइबर अटैक के बढ़ते पैमाने पर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनावरण

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। साइबर अटैक के बढ़ते पैमाने और तरीकों को देखते हुए साइबर सुरक्षा सभी व्यक्तियों, कॉर्पोरेट संस्थाओं और देशों के लिए जरूरी है। इसको देखते हुए 63 मून्स टेक्नोलॉजीज ने साइबर सुरक्षा में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनावरण किया है। 63 मूंस ने अपने तीन वर्टिकल सीवाईबीएक्सटीएम, 63 एसएटीएसटीएम और साइबरडोमेटम द्वारा बेहतरीन उत्पादों और सेवाओं को पेश किया है। जो सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस नर्व सेंटर से संचालित है और विकेंद्रीकृत फ्रेंचाइज नेटवर्क द्वारा समर्थित हैं। इजराइल से लेकर यूएसए तक, दुनिया की 10 सर्वश्रेष्ठ साइबर सुरक्षा फर्मों के साथ गठबंधन में 63 मून्स का साइबर सुरक्षा वर्टिकल बनाया गया है।

कंपनी के इनोवेशन के तरीके ने कई प्रमुख साइबर सुरक्षा फर्म जैसे ब्लैकबेरी, रिसिक्योरिटी, मॉर्फिसेक आदि को बेस्ट इन क्लास और व्यापक साइबर सुरक्षा सूट बनाने के लिए भागीदार बनने के लिए अपनी ओर खींचा है। 63 एसएटीएसटीएम के टेक सीईओ नीहार पठारे ने कहा कि सीवाईबीएक्सटीएम, 63 साइबरडोमेटम



और साइबरडोमेटम का रोलआउट पूरे भारत में इंटरनेट से जुड़े हर डिवाइस की सुरक्षा के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सीवाईबीएक्सटीएम यह मोबाइल फोन उपयोगकर्ता को वेरिफाइड नंबर डेटाबेस के साथ अपने सहज डायलर ऐप के साथ सुरक्षित कॉल करने में मदद करता है। यह वाईफाई स्टेटस और उससे संबंधित जोखिमों की जांच करने, हानिकारक और जूठे इनबाउंड मैसेजेस से बचाने, संभावित खतरों की पहचान करने और प्रत्येक यूआरएल लिंक की सुरक्षा को वेरिफाई करने में भी मदद करता है। यह परफार्मेंस की निगरानी के लिए एप्लिकेशन नेटवर्क और संसाधन उपयोग को भी ट्रैक करता है और सभी ऐप्स का विवरण दिखाने वाला एक डैशबोर्ड भी देता है।

**सार संक्षेप**

### पोपीयीज इंडिया ने चांदनी चौक में अपने पहले स्टोर का अनावरण किया




**नई दिल्ली।** अलग-अलग फ्लेवर्स के जरिए दुनिया को जोड़ने की कोशिश को आगे बढ़ाते हुए, भारत की सबसे बड़ी फूड सर्विस कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने चांदनी चौक की ऐतिहासिक गलियों में प्रसिद्ध लुइसियाना चिकन, पोपीयीज़ का भव्य शुभारंभ किया है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रतिष्ठित ओमेक्स चौक मॉल में विश्व मशहूर लुइसियाना स्टाइल के चिकन दिग्गज की बेहद अपेक्षित शुरुआत दर्शाता है। पोपीयीज अपने बोल्ड, लुइसियाना स्टाइल फ्राइड चिकन और विश्व के सबसे प्रसिद्ध चिकन सैंडविच के लिए दुनिया भर में मशहूर है। 2019 में अमेरिकी में इंटरनेट पर तहलका मचाने वाला पोपीयीज़ अब दिल्ली के चिकन खाने के शौकीनों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के सीईओ और एमडी समीर खेत्रपाल ने कहा कि हमें राजधानी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध फ्राइड चिकन ब्रांड, पोपीयीज़ को पेश करके खुशी हो रही है।

### फोन पे ने इंडस ऐपस्टोर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** फोन पे ने दिल्ली के भारत मंडपम में अपने इंडस ऐपस्टोर को उपभोक्ता के लिए लॉन्च की घोषणा की। इंडस ऐपस्टोर भारत के लिए एक अधिक प्रतिस्पर्धी और स्थानीयकृत मोबाइल ऐप स्टोर इकॉनमी बनाने का फोन पे का प्रयास है, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा मोबाइल ऐप डाउनलोड बाजार है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टार्टअप संस्थापकों और टेक उद्योग के लीडरों ने भाग लिया, जो भारत के फलता-फूलता डिजिटल इकोसिस्टम के लिए इस लॉन्च के महत्व को दर्शाता है। फोन पे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा कि इंडस ऐपस्टोर वर्तमान स्थिति को चुनौती देता है, जिससे मोबाइल ऐप बाजार में अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के इस युग की शुरुआत होती है, जिससे बदले में एक अधिक लोकतांत्रिक और जीवंत भारतीय डिजिटल इकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी।

बसपा को लग सकता है तगड़ा झटका

# हाथी से उतरने की तैयारी में आधा दर्जन सांसद!

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

■ नया ठिकाना तलाश रहे कई बसपा नेता

■ बसपा का जनाधार लगातार घटता जा रहा

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बसपा को तगड़ा झटका लग सकता है। वैसे भी बसपा का जनाधार लगातार घटता जा रहा है। 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा का महज एक उम्मीदवार ही चुनाव जीत सका था। ऐसे में पिछली बार बसपा के टिकट पर चुनकर लोकसभा पहुंचे आधा दर्जन सांसदो का पार्टी छोड़ना तकरीबन तय माना जा रहा है। ये सभी भाजपा, सपा, रालोद या कांग्रेस की शरण में जा सकते हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का सपा और रालोद के साथ गठबंधन था। जिसके चलते पार्टी के 10 उम्मीदवार चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंच गए थे। लेकिन इस बार बसपा अकेले ही चुनाव मैदान में उतर रही है।



**अफजाल को सपा ने बनाया उम्मीदवार**

इसके उसके सांसदों को हार का डर सता रहा है और ज्यादातर पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं। गाजीपुर के बसपा सांसद अफजाल अंसारी को जहां पहले ही सपा ने गाजीपुर से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं अमरोहा के सांसद दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं।बिजनौर के बसपा सांसद मलूक नागर रालोद मुखिया जयंत चौधरी के संपर्क में है। इसके अलावा लालगंज से बसपा की सांसद संगीता आजाद का भी बसपा से मोहभंग हो चुका है। वे प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुकी हैं। जौनपुर से पार्टी के सांसद श्याम सिंह यादव की सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दो महीने पहले मुलाकात हुई थी। इसके बाद वे दिल्ली में भी भाजपा के कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

**भाजपा में जा सकते हैं रितेश पांडेय**

अकबरपुर के सांसद रितेश पांडेय ने तो संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंच भी किया था। सूत्र बता रहे हैं कि संगीता आजाद, रितेश पांडेय और श्याम सिंह यादव भाजपा में ठिकाना तलाशने की मुहिम में हैं। इन्हें लगता है कि भाजपा से टिकट मिला तो वे फिर से संसद पहुच सकते है।




■ नई दिल्ली में किसानों के दिल्ली चलो मार्च फिर से शुरू होने के मद्देनजर प्रतिबंधों के बीच दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम का दृश्य फोटो इम्तियाज खान

## दिल्लीवासियों से अपने वादे में विफल रही सरकार : प्रवीण शंकर

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि नवंबर 2022 से पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से एमसीडी में सत्ता में आने पर 1 जनवरी 2024 तक तीनों लैंडफिल साइटों को खाली करने का वादा किया था, लेकिन अब वह दिल्लीवासियों से अपने वादे पर विफल रहे हैं। पूरे 2023 में अरविंद केजरीवाल और मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय यह दावा करते रहे कि लैंडफिल साइटों को साफ किया जा रहा है, लेकिन जनवरी 2024 की समय सीमा आते-आते भलस्वा, गाज़ीपुर और ओखला में लैंडफिल साइटें लगभग उतनी ही खड़ी हुई हैं, जितनी 7 दिसंबर 2022 को थीं, जिस दिन केजरीवाल की पार्टी ने एमसीडी चुनाव जीता था। 1 जनवरी 2024 से गैर सरकारी संगठनों, आरडब्ल्यूए और भाजपा नेताओं सहित दिल्लीवासी अरविंद केजरीवाल और डॉ. शेली ओबेरॉय से पूछ रहे हैं कि लैंडफिल साइटों को कब साफ किया जाएगा, लेकिन वे दोनों चुप हो गए हैं और लैंडफिल साइटों की सफाई पर सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आज एक्स (ट्वीटर) पर एक पोस्ट एवं वीडियो के माध्यम से दिल्लीवासियों के सामने एमसीडी का एक आंतरिक दस्तावेज जारी किया है जिसमें एमसीडी ने 31 जनवरी 2024 को बिना किसी सार्वजनिक घोषणा के चुपचाप लैंडफिल साइटों की मंजूरी को एक साल से 3 साल तक बढ़ा दिया है।



## भारत के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व प्रगति : शेखावत

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित वॉटर इनोवेशन समिट में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बुनियादी ढांचे में एक दशक के क्रांतिकारी विकास और आधुनिकीकरण की शुरुआत की। पिछले एक दशक में जल क्षेत्र के प्रति भारत की 'अद्वितीय' प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने खुलासा किया कि देश में सिंचाई,नदी शुद्धिकरण, पेयजल और भूजल पुनर्भरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ है। पिछले 10 वर्षों में भारत के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व प्रगति देखी गई है, जिसमें सड़क मार्ग, रेलवे, जलमार्ग, वायुमार्ग और ऊर्जा शामिल हैं। शेखावत ने कहा कि भारत नवाचार और विकास के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जिसमें परिवर्तनकारी पहल देश को उज्जवल भविष्य की ओर ले जा रही है। इस अवधि के दौरान हासिल किए गए महत्वपूर्ण मील के पत्थर में से एक महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन है, जिसे 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने इस मिशन के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा,जल जीवन मिशन की शुरुआत के बाद से, एक आदर्श रहा है जल क्षेत्र में बदलाव। मिशन ने देश भर के लाखों घरों के लिए स्वच्छ पेयजल तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है। शेखावत ने कहा, पिछले चार वर्षों में जल क्षेत्र की पहल में तेजी से वृद्धि है, जो पिछले 72 वर्षों के संचयी प्रयासों को पार कर गया है।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82241773A | इंजेक्शन रेबीज वैक्सीन मानव युक्त शुद्ध रेबीज एंटीजन एनएलटी 2.5IU 1mL खुराक के रूप में शीशी में | 12735 Nos | 13.03.2024 |
| 02 | 82249307A | नैनो-पैक्लिटेक्सेल 100 मिलीग्राम | 1000 Nos | 13.03.2024 |
| 03 | 82241690A | कम से कम जिंग के साथ विटामिन बी कॉम्प्लेक्स कैप करें जिसमें विटामिन बी1 (थियामिन)-10 मिलीग्राम, विटामिन बी 2 (राइबोफ्लेविन)-10 मिलीग्राम, विटामिन बी 3 (नियासिन)-100 मिलीग्राम, विटामिन बी 5/कैल्शियम पैंटोथेनेट-50 मिलीग्राम, विटामिन बी 6 (पाइरिडोक्सिन)- 3 मिलीग्राम, विटामिन बी 12 शामिल हो। (कोबालामिन)- 5mcg, विटामिन B7 (बायोटिन)-100mcg, विटामिन B9 (फोलिक एसिड)-1.5 मिलीग्राम, एस्कॉर्बिक एसिड 150 मिलीग्राम और जिंक सल्फेट-60 मिलीग्राम | 3264800 Nos | 13.03.2024 |
| 04 | 82241151A | मेटफॉर्मिन 1000mg एसआर/ईआर | 3491470 Nos | 13.03.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

दिनांक : 16.02.2024 540/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मातृभाषा में बेहतर मानसिक विकास : प्रो अंजू श्रीवास्तव

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करने से हमारा बेहतर मानसिक विकास होता है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस वैज्ञानिक तथ्य को ध्यान में रखकर ही मातृभाषाओं को बढ़ावा दिया गया है। हिन्दू कालेज की प्राचार्या प्रो.अंजू श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मातृभाषा सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए कहा कि हिन्दू कालेज ऐसा संस्थान है जहां देश में बोली जानी लगभग सभी भाषाओं के विद्यार्थी एक साथ अध्ययन करते हैं। इन विद्यार्थियों में मातृभाषाओं का प्रयोग बढ़ाने के लिए कालेज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर हिंदी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. रामेश्वर राय ने कहा कि भारत की देशज भाषाओं में बिखरे लोक साहित्य को मातृ भाषाओं के साथ सहेजने की चुनौती है। प्रो.राय ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि औपनिविशिकता की प्रतिक बन चुकी अंग्रेजी का मोह त्यागकर मातृभाषाओं का सम्मान करना सीखे। मातृ भाषा सप्ताह के अंतरगत आयोजित संगोष्ठी में दर्शन शास्त्र की सहायक आचार्य डॉ.अनन्या बरुआ ने अपनी मातृभाषा असमी में देश की संस्कृति का संक्षिप्त परिचय दिया वहीं प्राणी विज्ञान की प्रो. सोमा घोराई ने बंगाली भाषा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध बांग्ला कवि काजी नजरूल इस्लाम और रवींद्रनाथ ठाकुर का जिक्र किया जिन्होंने आजादी के संघर्ष में राष्ट्र को प्रेरित करने का काम किया था। प्रो. घोराई ने 1937 में हिन्दू कालेज के विद्यार्थियों के नाम लिखे रवींद्रनाथ ठाकुर के ऐतिहासिक पत्र का वाचन भी किया। कोरिया में अध्यापन कर रहे विभाग के पूर्व छात्र ज्ञान प्रकाश ने कोरिया के लोगों के मातृभाषा के प्रति अगाध प्रेम के बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए छात्रों को निज भाषा उत्थान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी मातृभाषा मगही में एक लोकगीत भी प्रस्तुत किया। साहित्य सभा के संयोजक जसविंदर सिंह ने पंजाबी लोकगीत सुनाया वहीं हिंदी विभाग के अन्य विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी मातृभाषा में अपने भाव व्यक्त किए। मंच संचालन मोहित और कशिश ने किया। कार्यक्रम में अनेक भाषा क्षेत्र जैसे असम,बंगाल,केरल,पंजाब समेत उत्तर भारत के अलग अलग क्षेत्र से आने वाले अनेक छात्र व प्राध्यापक उपस्थित रहे।



■ हिन्दू कालेज में मातृभाषा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

■ युवा पीढ़ी से मातृभाषाओं का सम्मान करने का किया आह्वान

### विमलेंदु तीर्थंकर ने प्रेमचंद को किया याद

हिंदी विभाग के प्राध्यापक विमलेंदु तीर्थंकर ने अपनी मातृभाषा भोजपुरी में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रेमचंद को याद किया जिन्होंने गति और संघर्ष से पूर्ण जीवन को सुंदर माना था। उन्होंने कवि गोरख पाण्डेय के गीत मैना का सस्वर पाठ भी किया। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ.पल्लव ने अपनी मातृभाषा मेवाड़ी की विशेषताओं को इंगित करते हुए अपने प्रिय कवि प्रभात की बुद्धू का झाड़ू कविता व कवि अंबिकादत्त की कविता नुगरे का पद का पाठ किया जो कि हाड़ौती की प्रसिद्ध कविता है। हिंदी विभाग के डा नौशाद अली ने उर्दू में एक ग़ज़ल सुनाई वहीं रसायन विज्ञान की छात्रा अन्नपूर्णा ने मलयालम और हिंदी विभाग के अब्दुमूमिन ने अपनी मातृभाषा उजबेक में रचना पाठ किया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/नार्दर्न रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 ने अधोविख्यात काम के लिए एक पैकेट प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| | |
|---|---|
| कार्य और स्थान का नाम | डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंगः शाहदरा और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच पुराने यमुना ब्रिज नंबर 249 के स्थान पर यमुना नदी पर नया पुल। |
| कार्य की पूर्णता अवधि | 12 महीने |
| लगभग काम की लागत | रु. 1,91,65,001.48 |
| बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 2,45,800 |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 20.02.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in को 16:00 बजे निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 14.03.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 29.02.2024 से 14.03.2024 उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

No. 336-Dy.CEE/C/NDLS/2023-24/R-1 Dated: 20.02.2024 555/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

पत्र संख्या 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 52, 53, 54, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65 & 67-डब्ल्यू-4-23-24 दिनांक : 20.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ के तहत डी.एल.आई.-बी.टी.आई सेक्शन पर एलसी नंबर 117, 122, 123, 125 और 126 पर कवरिंग शेड और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान हेतु कार्य। (निविदा संख्या 52-W-IV-23-24)<br>2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ के तहत आर.ओ.के.आर-ई अनुभाग पर एलसी संख्या 5, 7, 13, 24, 37ए और 47ए पर एल.एच.एस. पर जल जमाव को रोकने के लिए एल.एच.एस. के मार्गों पर कवर शेड का प्रावधान हेतु कार्य। (निविदा संख्या 53-W-IV-23-24)<br>3. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ के तहत आर.ओ.के., जे.एच.आई. और जे.एच.एल. में अधिकारी विश्राम गृह की देखभाल हेतु कार्य। (निविदा संख्या 54-W-IV-23-24)<br>4. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में मनसा (एम.एस.जेड) में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 59-W-IV-23-24)<br>5. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में जाखल में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 60-W-IV-23-24)<br>6. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में टोहाना में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 61-W-IV-23-24)<br>7. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में बरेटा में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 62-W-IV-23-24)<br>8. सहायक मंडल अभियंता जींद के अधिकार क्षेत्र में नरवाना में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 63-W-IV-23-24)<br>9. सहायक मंडल अभियंता जींद के अधिकार क्षेत्र में जींद शहर में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 64-W-IV-23-24)<br>10. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में मनसा मौर में गुड्स शेड की विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 65-W-IV-23-24)<br>11. सहायक मंडल अभियंता जाखल के अधिकार क्षेत्र में दिल्ली-भटिंडा अनुभाग समपार संख्या 219 पर एल.एच.एस. का निर्माण और समपार संख्या 239 पर एल.एच.एस. के एप्रोच का संतुलन कार्य हेतु कार्य। (निविदा संख्या 59-W-IV-23-24) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 4,83,94,241.84 (2) Rs. 3,63,07,942.62 (3) Rs. 59,99,979.07 (4) Rs. 94,33,148.92 (5) Rs. 14093201.41 (6) Rs. 15972277.63 (7) Rs. 2874153.87 (8) Rs. 9399635.78 (9) Rs. 16936992.39 (10) Rs. 4707112.75 (11) Rs. 155859580.54 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 3,92,000.00 (2) Rs. 3,31,500.00 (3) Rs 1,20,000.00 (4) Rs. 188700.00 (5) Rs. 220500.00 (6) Rs. 229900.00 (7) Rs. 57500.00 (8) Rs. 188000.00 (9) Rs. 234700.00 (10) Rs. 94200.00 (11) Rs. 929300.00 |
| 4 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 01.03.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 15.03.2024 को 15:00 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 553/24

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

अगर वैक्सीन रखने के लिए कोल्ड चैन को नहीं बनाये रखा जाता तो वैक्सीन की प्रभाव कारीता आधी हो जाती है। अगर एक दिन में 500 मरिजो को वैक्सीन लग रही है तो सब मरिजो को रेबीज होने का ख़तरा बना रहता है:-

**डॉ. बीपी त्यागी, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी राष्ट्रवादी जनसत्ता दल**

# पहले दो बेटियों को चौथे फ्लोर फेंका, फिर खुद कूद गई

■ मां और एक बेटी मौत, एक का अस्पताल में चल रहा इलाज ■ आर्थिक रूप से परेशान होना बताई गई वजह

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में एक मां ने अपनी 2 बेटियों को घर की चौथी मंजिल से फेंक दिया। इसके बाद वह खुद भी कूद गई। घटना में महिला और उसकी एक बेटी की मौत हो गई। जबकि एक बेटी की हालत गंभीर है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। वहां से सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार दोपहर बरौला गांव की है। बताया गया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसलिए सरिता परेशान चल रही थी। इसी बात को लेकर अक्सर पति और पत्नी के बीच कहासुनी हो जाती थी। महिला सरिता का पति मनोज प्रयाग अस्पताल की कैंटीन में काम करता है। वह अपने परिवार को लेकर बरौला गांव में किराए के मकान में रहता है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे के आसपास मनोज घर से खाना खाकर कैंटीन गया। उसके बाद करीब 12 बजे पड़ोसियों ने मनोज को फोन पर हादसे की जानकारी दी। घटना के बाद आस-पड़ोस के लोग महिला सरिता (32) को लेकर प्रयाग अस्पताल गए।





गंभीर हालत को देखते हुए सरिता को आईसीयू में भर्ती कराया गया। लेकिन कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। घटना में उसकी 5 साल की बेटी कृतिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 साल की दिव्या अस्पताल में भर्ती है। 7 साल की बड़ी बेटी है, जो हादसे के समय स्कूल गई थी। बताया गया कि महिला की चार बेटियां थी, एक बेटी को उसने अपनी बहन को दे दिया था। आर्थिक तंगी से परेशान होकर ऐसा कदम उठाने की चर्चा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**तार में अटकने के बाद जमीन पर गिरी थी सरिता**

सरिता ने पहले अपने दोनो बच्चों को चौथे फ्लोर की छत से नीचे फेंका। इसके बाद खुद भी कूद गई। जिस स्थान पर वो कूदी दोनों बिल्डिंग के बीच में गलियारा थ। वहां तार का जाल था। जिसमें सरिता फंस गई। झूलने और तार टूटने के बाद वो दोबारा नीचे गिरी। उसके सिर में गंभीर चोट लगी। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। लेकिन कुछ देर में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**3 साल की बच्ची की बची जान**

सरिता ने पहले अपनी पाच साल की बेटी को नीचे फेंका। इसके बाद उसने अपनी तीन साल की बेटी दिव्या को नीचे फेंका। दिव्या दोनों मकानों के बगल में खाली प्लाट पर गिरी। जिस समय वह नीचे गिर रही थी उसी प्लाट पर बने बाथरूम में एक महिला नहा रही थी। दिव्या उसकी कमर पर गिरी। इससे बच्ची बच गई।

# प्राधिकरण ने 31 रेस्टोरेंट और होटल को जारी नोटिस

सीधे नाले में डाल रहे थे चिकानाई युक्त पानी, 15 दिन में लगाए ईटीपी और ग्रीस ट्रेप

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। प्राधिकरण ने नोएडा के विभिन्न कमर्शियल सेक्टरों में संचालित 31 रेस्टरोंट, होटल और वाणिज्यिक संस्थानों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। ये संस्थान अपने यहा से चिकनाई युक्त वेस्ट पानी को बिना शोधित किए मुख्य ड्रेन में डाल रहे थे। इस कारण सीवर लाइन और ड्रेन जाम होने की शिकायत मिल रही है। प्राधिकरण्र अधिकारी ने बताया किये पानी सीधे ड्रेन में न डालकर वेस्ट वाटर को ईटीपी और ग्रीस ट्रैप के जरिए शोधित करने के बाद मुख्य ट्रंक सीवर लाइन में डाला जाए। साथ ही किचन में ग्रीस ट्रैप लगाने के निर्देश भी दिए गए है। ये काम रेस्टोरेंट, होटल और वाणिज्यिक संस्थानों को 15 दिन में करना होगा। ऐसा नहीं करने पर इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही और भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा।

**इन रेस्टोरेंट, होटल और वाणिज्यिक संस्थानों को जारी किया गया नोटिस**

- द कोर्ट यार्ड डिनर सेक्टर-104
- कोलोकल रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- एट लाइफ रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- स्पेजिया बिस्टरो सेक्टर-104
- ला पाइनोज पिज्जा सेक्टर-104
- बाबस रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- आहार रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- द गेंट पांडा एशियन रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- स्वीट आई रेस्टोरेंट सेक्टर-104
- करीमस सेक्टर-104
- छवी होटल हाजीपुर
- द इलीट होटल एंड बैक्यूवेट हाजीपुर
- फूड तरकारी हाजीपुर
- सिंग्ह फूड नोएडा हाजीपुर
- बाबा द ढाबा हाजीपुर
- द आर्टीसन वॉक फूड हाजीपुर
- डेज ट्रीट हाजिपुर
- स्टर्लिंग मॉल हाजीपुर
- क्लब-26 सेक्टर-26
- जेएसबी एवरग्रीन स्नेक्स एंड स्वीट्स सेक्टर-29
- मिठास सेक्टर-53
- हीरा स्टवीट्स सेक्टर-50
- बीकानेर स्वीट सेक्टर-50
- जय श्री बालाजी सेक्टर-41
- जेएसबी एवरग्रीन स्वीट्स एंड स्नेक्स सेक्टर-41
- नाथू स्वीट्स सेक्टर-18
- हल्दीराम सेक्टर-18

## सार संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के मामले में चालक पर केस दर्ज

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक माह पहले हुए सड़क हादसे में उपचार के दौरान महिला के दम तोड़ने के मामले में उसके बेटे ने अज्ञात चालक के खिलाफ फेज दो में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए शिकायतकर्ता की बाइक में टक्कर मारी, जिससे मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायत में दिल्ली के जोहोरीपुर निवासी चंदर प्रकाश गौड़ ने बताया कि वह 22 जनवरी 2024 को घर से बाइक पर मां कुसुम शर्मा के साथ गांव रतनपुर अलीगढ़ स्थित मामा के घर जाने के लिए निकला था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर जब वह सेक्टर-93बी के पास पहुंचे तो सफेद रंग की गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मां को गंभीर चोट लग गई और शिकायतकर्ता भी घायल हुआ। हादसे के बाद कार का ड्राइवर कार से उतरा और भीड़ एकत्र होता देख भागने की कोशिश की, लेकिन वहां खड़े लोगों ने उस चालक को पकड़ लिया। कुसुम शर्मा की उपचार के दौरान 30 जनवरी की रात दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### स्कूटी की टक्कर से व्यक्ति घायल

**नोएडा।** शिव मंदिर के तरफ से तेज गति में आ रही स्कूटी के चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। फेज दो पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-93 निवासी राहुल रावत ने बताया कि बीते 19 फरवरी को रात साढ़े नौ बजे उसके मामा नरेंद्र मलिक दुकान के सामने से रोड पार कर रहे थे। शिव मंदिर के तरफ से तेज गति में आ रही स्कूटी के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें उनके हाथ में फ्रेक्चर आ गया। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट लगी है। स्कूटी सवार आरोपी की पहचान युवराज सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विश्व भाषा दिवस पर अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**नोएडा।** विश्व भाषा दिन के अवसर पर नोएडा लोक मंच द्वारा अंतर्विद्यालय अंग्रेजी निबन्ध तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी विषय के प्रति हिचक व डर को समाप्त करना। बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखार कर मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में 15 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। हर स्कूल से 4-4 बच्चों ने लिखित परीक्षा दी। जिसमें 17 बच्चों की भाषण प्रतियोगिता, जिसमें सोशल मीडिया, समय का मूल्य, अंग्रेजी का महत्व आदि पर निबंध लिखे। प्रतियोगिता में रचना यादव, गिरजा सिंह, रैना शाहमीरी जज थे। प्रतियोगिता में आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान संस्कार केंद्र की राखी ने और तीसरा स्थान आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के पुष्पा और एक संस्कार केंद्र स्कूल होशियापुर की राखी झा ने प्राप्त किया।

# नवनियुक्त डीसीपी का एनईए ने किया स्वागत



**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में नव नियुक्त पुलिस उपायुक्त फेस-1 विद्या सागर मिश्रा से सेक्टर-6, नोएडा स्थित कार्यालय में मिला। इस दौरान पुष्प भेंट कर उनका गौतमबुद्ध नगर में पुलिस उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। विपिन कुमार मल्हन ने विद्यासागर मिश्रा की नोएडा में नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उनसे अपेक्षा की, कि आपके कुशल नेतृत्व एंव वृहत अनुभव से नोएडा में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार के साथ-साथ उद्योगों से संबंधित समस्याओं का समाधान होगा । प्रतिनिधिमंडल के महासचिव वीके सेठ, वरि. उपाध्यक्ष राकेश कोहली, उपाध्यक्ष आरएम जिंदल, सह. कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी के साथ-साथ रोहित मित्तल, अंकुर अरोड़ा, कार्तिक कमल कुमार, परवेश ठुकराल आदि मौजूद रहे।

# ठगी की रकम वापस मांगने पर दंपती को बंधक बनाकर पीटा

- न्यायालय के आदेश पर चार आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ केस
- आरोपियों ने प्लॉट बेचने के नाम पर की 7.85 लाख की धोखाधड़ी

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। प्लॉट बेचने के नाम पर 7.85 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर दंपती को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ फेज दो थाने में केस दर्ज कराया है। महिला और उसके पति को आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में दिल्ली के अशोक नगर की हीमा देवी ने बताया कि उसके पति ड्राइवर हैं और वह भी कामकाजी महिला है। कुछ समय पहले महिला को उसके रिश्तेदार प्रकाश सिंह रावत ने बताया कि उन्होंने सलारपुर गांव में 50 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा है। उन्होंने डीलर ज्ञानेंद्र थापा से भी मिलवाया। ज्ञानेंद्र ने पीड़िता को एक प्लॉट दिखाया। वहां आशीष भाटिया, विजय शर्मा और संजीव तोमर मिले। तीनों ने खुद को जमीन का असली मालिक बताया। संबंधित जमीन के नक्शे और दस्तावेज भी तीनों ने महिला और उसके पति को दिखाए। ज्ञानेंद्र समेत चारों ने खुद को सुदर्शन ग्रुप का पार्टनर बताया। महिला को प्लॉट की आवश्यकता थी, ऐसे में उसने पति से वार्ता करने के बाद इसे खरीदने के लिए हामी भर दी। आरोपियों ने प्लॉट को गैर विवादित बताते हुए बयाना के तौर पर मार्च 2022 में 1.50 लाख रुपये चेक से ले लिए। 50 वर्गगज का सौदा छह लाख रुपये में तय हुआ। इसके अलावा 1.85 लाख रुपये प्लाट की पांच फुट की दीवार, गेट, आरसीसी डालकर तथा बिजली सुविधा देने के लिए तय हुआ था। पीड़िता ने कुल 7.85 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। आरोप है कि कुछ दिन बाद पीड़िता अपने पति के साथ प्लाट पर पहुंची तो पता चला कि प्लाट का मालिक कोई और है। उस प्लॉट के मालिक ने महिला को बताया कि जिन लोगों ने उसे प्लॉट बेचा है वे व्यापक स्तर पर दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। पीड़िता जब सेक्टर-51 स्थित कार्यालय पर पहुंचीं तो आरोपियों ने दंपती को तीन घंटे तक कमरे में बंधक बनाकर रखा और मारपीट की।

# नकली कैंप लगाकर अवैध वसूली करने वालों के विरुद्ध निगम ने कराई एफआईआर

**गजियाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम/डूडा विभाग का नकली कैंप लगाकर जनता को मकान दिलाने का झांसा देने वाले के खिलाफ नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारी को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, साथ ही नकली कैंप लगाकर अवैध वसूली करने वाले के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने के लिए भी कहा गया जिसके क्रम में परियोजना अधिकारी संजय पथरिया द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए नकली कैंप लगाने वाले गैंग का पता लगाया साथ ही प्राथमिक भी दर्ज कराई।

संजय पथरिया परियोजना अधिकारी डूडा गाजियाबाद ने बताया कि संजय नगर सेक्टर 23 में पुलिस चौकी के सामने पानी की टंकी के परिसर में पथ विक्रेता रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने का नकली कैंप अमित कुमार भटनागर एल ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ तथा उसके सहयोगियों द्वारा अवैध वसूली के लिए नकली कैंप लगाया गया, तथा आम जनमानस से पथ विक्रेता रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने के लिए कहा। साथ ही नगर निगम से मकान दिलाने का आश्वासन भी दिया और अवैध रूप से 500 -500 वसूले गए।

गाजियाबाद नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम / डूडा विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई कैंप सेक्टर 23 संजय नगर पुलिस चौकी के सामने पानी की टंकी परिसर में पथ विक्रेता रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने हेतु नहीं लगवाया गया है, अवैध रूप से वसूली करने के लिए जिसके द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया गया है उसकी विरुद्ध कड़ी कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है। डुडा विभाग के अन्य अधिकारियों व टीम को इस प्रकार की घटना पुनः शहर में घटित ना हो सचेत रहने के लिए चेतावनी भी दी गई है। गाजियाबाद नगर निगम/ डुडा विभाग द्वारा शहर निवासियों से अपील है कि वह जागरूक रहे किसी के धोखाधड़ी में बिना जानकारी के ना आए नवयुग मार्केट स्थित डुडा विभाग कार्यालय में समस्त चल रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी ले सकते हैं। साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण से भी संपर्क कर सकते हैं।

# ऐप डाउनलोड कराकर 21 लाख रुपए ठगे

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। साइबर जालसाजों ने रिचार्ज के लिए ऐप डाउनलोड कराकर एक व्यक्ति के साथ 21 लाख रुपये की ठगी कर ली। कई बार में खाते में रकम ट्रांसफर की गई। पीड़ित की शिकायत पर एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में सेक्टर-134 स्थित जेपी विशटाउन निवासी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि बीते दिनों उन्हें अपना मोबाइल रिचार्ज करना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर खोजा। संबंधित नंबर पर कॉल करने पर एक व्यक्ति ने फोन उठाया और बातों में उलझाकर अरुण से अवल टेस्क रिमोट ऐप डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही अरुण ने ऐप डाउनलोड किया आईएमपीएस के माध्यम से जालसाज ने 21 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन कर लिया। मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। शिकायतकर्ता ने जब संबंधित नंबर पर दोबारा कॉल की तो वह बंद मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस खाते में रकम गई है उन खातों की जांच की जा रही है। संबंधित बैंक से भी इस मामले को लेकर संपर्क किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की हत्या के मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास, दोनों पर 40 हजार का जुर्माना

**गजियाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। युवक की हत्या करने के मामले में दोषी पिता व पुत्र को अदालत ने बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। युवक की हत्या करने के मामले में सोमवार को कोर्ट ने सुनवाई के बाद पिता पुत्र को दोषी करार दिया था।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन शर्मा ने बताया कि थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नासीरपुर में रहने वाले वीरपाल का भाई देवेंद्र 24 अगस्त 2021 को पड़ोस में रहने वाले छोटू के मकान के बाहर छोटू और टीटू के साथ लूडो खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले जगमाल और उसके बेटे मोहित और हिमांशु ने देवेंद्र के साथ झगड़ा कर दिया। जगपाल से तमंचा लेकर मोहित ने देवेंद्र को गोली मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद देवेंद्र के भाई वीरपाल ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था।

उपचार के दौरान देवेंद्र ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई वीरपाल ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मोहित, हिमांशु और जगमाल को नामजद कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। मामले की अंतिम सुनवाई सोमवार को एडीजे 13 कोर्ट के न्यायाधीश सौरभ गोयल की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की ओर से 14 गवाह पेश किए गए। अदालत ने जगमाल और मोहित को दोषी करार दिया था। हिमांशु नाबालिग है उसका मामला किशोर न्यायालय बोर्ड में विचाराधीन है। बुधवार को ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए जगमाल और उसके बेटे मोहित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# अवैध कब्जे पर चला निगम का बुलडोजर, मोहन नगर में कब्जा मुक्त कराई पांच करोड़ की जमीन



**गजियाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने बुधवार को मोहन नगर जोन स्थित करेड़ा गांव में अभियान चलाकर लगभग 1000 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। खाली कराई गई जमीन लगभग 5 करोड़ रुपए है। मौके पर क्षेत्रीय निवासियों ने विरोध किया। वरिष्ठ प्रभारी संपत्ति अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में निगम की टीम करहेड़ा पहुंची और अभियान चलाकर जमीन की अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इस मौके पर संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, जोनल प्रभारी की टीम, पुलिस बल के साथ प्रवर्तन दल भी उपस्थित रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संपत्ति विभाग को भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिन्होंने भूमि को गलत तरीके से क्रय या विक्रय किया है।

# फ्लावर शो में सीखे, कैसे बनाए घरेलू कचरे से 'काला सोना'

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में तीन दिवसीय फ्लावर शो का आयोजन 23 से 25 तक नोएडा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस बार फ्लावर शो में बहुत खास होने जा रहा है। इसकी एक वजह शहर को कचरा मुक्त श्रेणी में 5 स्टार रैंकिंग से 7 स्टार रैंकिंग में लाने की है। इसलिए यहां घरेलू कचरे को काले सोने (आर्गेनिक खाद) में बदलने की विधि को बताया जाएगा। बचपन से ही वातावरण एवं पौधों का प्रेम एवं महत्व समझाने के लिए स्कूली बच्चों का पौधरोपण सिखाया जाएगा। फ्लावर शो में 80 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों की ओर लगाए जा रहे है। इसमें 38 नर्सरी और कुछ तो कलिम्पोंग और भीमताल से लगाए जा रहे है। बीच, खाद, पौध, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले यहां लाए जा रहे है। इसके अलावा अब तक 3500 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके है।



**80 स्टॉल और 38 नर्सरी फ्लावर शो में होंगे शामिल**

**फूलों का बनाया जाएगा राम मंदिर मॉडल**

यहां विभिन्न प्रजातियों के फूलों द्वारा निर्मित राम मंदिर मॉडल, हिरन, धनुष एंव अन्य आकर्षण स्कल्पचर को सजाया जाएगा। यहां राम मंदिर में सैकड़ों प्रजाती के फूलों को लगाया जाएगा। इसके अलावा उद्यान एवं लैंड स्केपिंग प्रतियोगिता, सब्जियों पर नक्काशी कलर, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, पुष्प प्रदर्शनी, बोनसाई, कैक्टस, और सकुलेंट्स, फोलिऐज एंव सजावटी पुष्पाकृतियां, हैंगिंग बास्केट्स, वर्टिकल गार्डन, इकेबाना शामिल है।

**स्पाट गार्डन गैलरी में होगा जापानी गार्डन**

नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग द्वारा स्पॉट गार्डन श्रेणी में जैपनीज गार्डन तैयार किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर पंच वाद्य यंत्र बजाए जाएंगे इसके बाद सीआरपीएफ बैंड द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 और 24 फरवरी को शाम साढ़े बजे आयोजित किए जाएंगे। इसमें कथक नृत्य, लाफ्टर कामेडी और प्रस्तु किया जाएगा।

**इन प्रजातियों के अलावा ये भी करेंगे शिरकत**

कुल 4000 हजार से ज्यादा प्रजाति के पुष्प शामिल किए गए है। इसमें कैक्टस, बोनसाई, फलों एवं सब्जियों के अलावा उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, दक्षिण दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी , दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण, ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण शिरकत करेंगे।

# रेबीज वैक्सीन के लिए फ्रिज का न होना मतलब मरिजो की जान से खिलवाड़ : डॉ बी पी त्यागी



**गजियाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी सत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बीपी त्यागी ने कम्बाइन अस्पताल में पिछले 7 महीने से रेबीज वैक्सीन रखने की फ्रिज ख़राब होने को गंभीरता से लिया है और इसे आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि अगर वैक्सीन रखने के लिए कोल्ड चैन को नहीं बनाये रखा जाता तो वैक्सीन की प्रभाव कारीता आधी हो जाती है। अगर एक दिन में 500 मरिजो को वैक्सीन लग रही है तो सब मरिजो को रेबीज होने का ख़तरा बना रहता है। इस बात को हमारा मीडिया बार बार उठाता है लेकिन न तो जन प्रतिनिधिओ न अधिकारियो के कान पर जूँ रेगती है। सबको मालूम है एक बार कमल का चिह्न मिल जाये तो जीत पक्की है। इस लिए जनता की फ़िक्र न करते हुए सब अपनी एनर्जी टिकट लेने में लगा देते है। विपक्ष कितनी भी आवाज़ उठाए उसको दबा दिया जाता है। रास्ट्रवादी जनसत्ता दल रेबीज के टीके तो लगा ही रहा है, उसके साथ साथ नुक्कड़ सभायें भी शुरू करेगा और रेबीज जैसी घातक बीमारी के बारे में गाज़ियाबाद व यू पी की जनता को बतायेगा ।

उवाच

टार्क कंपनी को 125 एकड़ जमीन आवंटित करने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की तरफ से कंपनी को पत्र भेज दिया गया है। जल्द ही कंपनी को भूखंड आवंटित कर दिया जाएगा।

**डॉ अरूणवीर सिंह, सीईओ यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**



# मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश को लेकर जापान की तीन बड़ी कंपनियां इच्छुक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में जापान की तीन बड़ी कंपनियां निवेश करने को आगे आई हैं। शत प्रतिशत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के तहत तीनों कंपनियों द्वारा लगभग 80 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

आगामी 17 से 19 अप्रैल तक जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित हो रहे मेडटेक जापान सम्मेलन-2024 में एमओयू साइन कर आवंटन पत्र सौंपे जाएंगे। सम्मेलन में प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, शासन व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वहीं विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए इस दौरान जापान में रोड शो भी किया जाएगा।यीडा सिटी के सेक्टर-28 में केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। इसे दो वर्षों में क्रियान्वित किया जाना है। अब तक 74 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उड़ान भरने को तैयार है, इसको देखते हुए मेडिकल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां यहां निवेश के लिए आगे आ रही हैं। जापान की अंतरराष्ट्रीय स्तर की तीन बड़ी कंपनियां निवेश करने जा रही हैं। इस संबंध में कंपनी के पदाधिकारी पूर्व में यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। शत प्रतिशत एफडीआई के तहत निवेश करने वाली तीनों कंपनियों ने 25- 25 एकड़ के भूखंड की मांग की है। इनमें एक स्कैन दूसरी कैंसर थेरेपी और तीसरी सीटी स्क्रैन से संबंधित है। बता दें कि एफडीआई के तहत निवेश करने वाली कंपनियों को पॉलिसी के तहत 75 फीसदी लैंड सब्सिडी, रिसर्च एंड डवलपमेंट के लिए 2 करोड़ रुपए, 5 साल के लिए पीएफ, 100 करोड़ कैपिटल सब्सिडी सहित लाभ प्रदान किए जाएंगे।



**मेडिकल डिवाइस पार्क में जापान की तीन कंपनियां निवेश करेंगी। 17-19 अप्रैल तक टोक्यो में आयोजित हो रहे मेडटेक जापान में एमओयू साइन कर आवंटन पत्र सौंपा जाएगा। इस दौरान परियोजना के प्रचार-प्रसार के लिए वहां रोड शो भी किया जाएगा।**
**डॉ़ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

- **निवेश को लेकर टोक्यो में 17-19 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है मेडटेक जापान रोड शो, शो में एमओयू साइन कर मौके पर सौंपे जाएंगे आवंटन पत्र**
- **100 एफडीआई के तहत आएगा निवेश, 25- 25 एकड़ के भूखंड किए जाएंगे आवंटित**
- **औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी व प्राधिकरण के अधिकारी सम्मेलन में लेंगे हिस्सा, परियोजना के प्रचार प्रसार के लिए किया जाएगा रोड शो**

### प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी ये सुविधाएं-

मेडिकल डिवाइस पार्क में प्राधिकरण द्वारा कॉमन टूलिंग रूम, 3डी डिवाइजन, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एंड टूलिंग, मेकाट्रोनिक जोन, इलेक्ट्रॉनिक एसेंबली फैसिलिटी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस ब्लॉक, एक्सपोर्ट एंड प्रमोशन, इंक्यूबेशन सेंटर एंड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्किल डवलपमेंट, कॉमन ऑफिस कॉम्प्लेक्स, शोरूम, सेंट्रल वेयरहाउस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम एंड डिजाइन फैसिलिटीज, सेंसर टेस्टिंग आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इनका निर्माण कार्य चल रहा है।

# सीएम डैशबोर्ड को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर करें विशेष फोकस

ग्रेटर नोएडा, 21 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के विकास कार्यों को गति देने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीश कुमार वर्मा की अध्यक्षता म् विकास भवन के सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके।



उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि यदि किसी भी अधिकारी को कोई समस्या हो वह मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित डाटा फीडिंग करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**जेवर,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एयरपोर्ट आसपास जमीन बेशकीमती होने पर कॉलोनाइजर कॉलोनी काट कर भूखंड बेच रहे है। शिकायत मिलने पर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने बुधवार को बुलडोजर लगाकर 15000 वर्गमीटर जमीन पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 10 करोड़ आंकी गई है।



**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने 10 करोड़ रूपए की जमीन को कराया अतिक्रमण**

जेवर क्षेत्र के सबौता मुस्तफाबाद की खसरा नंबर-155 और रामनेर गांव की खसरा संख्या 32 नोएडा एयरपोर्ट के पास आता है। दोनों गांव की जमीन अधिग्रहण एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहण किया चुका है और किसानों को मुआवजा बांटा चुका है। इसके बाद कॉलोनाइजर दोनों गांव की जमीन पर अवैध कॉलोनी काट कर बेच रहे थे। यमुना प्राधिकरण को इसकी शिकायत मिलने पर कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया। मंगलवार यमुना प्राधिकरण ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर बुलडोजर लगाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 15000 वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। खाली गई जमीन की कीमत करीब 10 करोड़ रूपए आंकी गई है। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बैट्री का चिप बनाने वाली टार्क कंपनी यीडा में करेगी 80 हजार करोड़ का निवेश

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। हीरानंदानी समूह टार्क सेमीकंडक्टर जापान के साथ यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में सेमीकंडक्टर का उत्पादन करेगी। जिसमें कंपनी यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 125 एकड़ बैट्री चिप परीक्षण और पैकेजिंग यूनिट, कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगा। जिसमें 80 हजार करोड़ रूपए का निवेश करेगा, जिसमें हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। मंगलवार को यूपी कैबिनेट में टार्क कंपनी भूखंड आवंटित करने के साथ निवेष को लेकर कई छूट को मंजूरी दे दी है। हीरानंदानी समूह की कंपनी टार्क सेमीकंडक्टर्स ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बैट्री का चिप बनाने के लिए यूनिट स्थापित करने का आवेदन किया था। यह प्रदेष का पहला सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी होगी। कंपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) यूनिट और कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब प्लांट दोनों स्थापित करना चाहती है। टार्क कंपनी ने स्पेशल इकोनॉकी जोन के तहत 91 एकड़ जमीन के लिए आवेदन किया था। केंद्र सरकारी की पॉलिसी के अनुसार एसईडी के लिए कम से कम 125 एकड़ जमीन होनी चाहिए। एसईडी को केंद्र सरकार के साथ प्रदेश सरकार की तरफ से कई तरह सहायता प्रदान की जाती है। यमुना प्राधिकरण ने पिछले बोर्ड बैठक में जमीन आवंटन का प्रस्ताव पास कर उप्र कैबिनेट से मंजूरी के लिए भेज दिया था। उप्र कैबिनेट ने मंगलवार को इसे मंजूरी दे दी है।

- **स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तहत सेक्टर-28 125 एकड़ जमीन किया जाएगा आवंटित**
- **उप्र कैबिनेट से सेमीकंडक्टर बनाने टार्क कंपनी को भूखंड आवंटन की मिली हरी झंडी**

जिसमें टार्क कंपनी को सेमी कंडक्टर के लिए 125 एकड़ जमीन आवंटन करने के लिए प्राधिकरण तैयार हो गया। कंपनी को इसका पत्र भेज दिया। कंपनी को 111 एकड़ में इकाई स्थापित करना होगा और 14 एकड़ में ग्रीन बेल्ट किया जाएगा। ग्रीन बेल्ट के लिए शर्त रखी गई है कि कंपनी के बाउंड्रीवाल के बाहर होनी चाहिए। कंपनी 14एकड़ जमीन का भुगतान नहीं करना होगा।

### सेमी कंडक्टर में निवेश को लेकर मिलेगी कई छूट

टार्क कंपनी को सेमीकंडक्टर स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से जमीन में 75 प्रतिषत की सब्सिडी दी जाएगी। 100 करोड़ रूपए कैपिटल सब्सिडी, पांच साल तक जीएसटी में शत प्रतिषत छूट, दो करोड़ रूपए आर एंड डी में छूट, कर्मचारियों को स्किल के लिए पांच हजार रूपए प्रति माह प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार स्टांप ड्यूटी में छूटी भी मिलेगी। केंद्र सरकार की तरफ से एसईडी नियम के तहत अलग से छूट दी जाएगी।

### कंपनी 80 हजार करोड़ रूपए का करेगी निवश

टार्क ने ताइवान की एक कंपनी के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर स्थापित करने जा रहा है। जिसमें करीब 80 हजार करोड़ रूपए का निवश होगा। फेस एक में 1800 करोड़ रूपए का निवेश करेगी।

### बैट्री के चिप का कंपनी करेगी निर्माण

भारत में अभी तक बैट्री में इस्तेमाल होने वाली चिप का निर्माण नहीं किया जाता है। विदेश से बैट्री का चिप आयात किया जाता है। आने वाले समय में यहां पर बैट्री का चिप बनाने में भारत आत्मनिर्भर हो जाएगा। जिसमें मोबाइल से लेकर एडप्टर की चिप का निर्माण किया जाएगा। कंपनी ने यमुना में स्थापित होने वाली असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) यूनिट और कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब प्लांट दोनों के लिए अपने आवेदन जमा किए हैं। सेमीकंडक्टर निर्माण के बाद एटीएमपी चलन में आता है। कंपनी के सीईओ दर्शन हीरानंदानी ने कहा कंपनी का अनुमान है कि परियोजना का पहला चरण सभी मंजूरी मिलने के 24 महीने के भीतर लागू किया जाएगा। इसके अलावा, समूह ने इकाई को चलाने के लिए चरण 1 में प्रति घंटे 200,000 लीटर पानी (और सभी 3 चरणों के लिए 750,000 लीटर प्रति घंटे) की भी मांग की है।

टार्क कंपनी को 125 एकड़ जमीन आवंटित करने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की तरफ से कंपनी को पत्र भेज दिया गया है। जल्द ही कंपनी को भूखंड आवंटित कर दिया जाएगा।

**डॉ अरूणवीर सिंह, सीईओ यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

# जीबीयू में पंचदिवसीय विपस्सना ध्यान कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले ध्यान केन्द्र में बुधवार को पंचदिवसीय विपस्सना ध्यान कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समस्त संकाय सदस्यों द्वारा बुद्धमूर्ति के समक्ष प्रदीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुई। संकाय की डीन और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. श्वेता आनंद का विभागाध्यक्ष डॉ. पासवान ने खतक देकर स्वागत किया। बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य ने पाली साहित्य के आलोक में गौतम बुद्ध द्वारा अन्वेषित विपस्सना भावना के बारे में बताया। कार्यक्रम के आयोजक एवं बोधि ध्यान साधना के समन्वयक डॉ. मनीष मेश्राम ने स्वागत भाषण दिया तथा उपस्थित जनसमूह को विपस्सना ध्यान के नियमित अभ्यास से प्राप्त होने वाले लाभों से अवगत कराया। इसके साथ ही बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मेश्राम ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को विपस्सना का अभ्यास भी करवाया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत बुद्ध वन्दना से हुई, जिसमें भारतीय बौद्ध श्रद्धालुओं तथा बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय में अध्ययनरत विदेशी बौद्ध भिक्षु एवं भिक्षुणियों ने भाग लिया। बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चिंतल वेंकट सिवसाई ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. श्वेता आनंद, डॉ. चंद्रशेखर पासवान, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. चिंतल वेंकट सिवसाई, डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य, डॉ. प्रियदर्शिनी मित्रा, विक्रम सिंह यादव, डॉ. रेनू यादव, कन्हीया, अजय, संदीप, सचिन, राकेश और राजकुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें विश्वविद्यालय के सदस्य, कर्मचारी, छात्र-छात्रों के साथ कई बौद्ध अनुयायियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र कुलदीप कुमार दिवाकर ने किया।



# राष्ट्रीय सेवा योजन के विद्यार्थी गांव में पहुंचकर लगाया शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजन गौतम बुद्ध विवि के विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ एवं सर्वेक्षण अभियान शुरु हुआ। बुधवार को ग्राम जगनपुर में प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ कर अनेक स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर गांव के निवासियों से बातचीत कर विभिन्न जानकारी एकत्रित की, ग्रामवासियों की जीवन शैली को प्रत्यक्ष रूप से देखा, ग्रामीणों की समस्याओं को समझा। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन गौतम बुद्ध विश्विद्यालय के प्राध्यापक व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कंसल व डॉ. अल्पा यादव ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विश्वविद्यालय के नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र के समन्वयक डॉ. संतोष तिवारी, विधि विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अनिता यादव, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश पाल और गांव के समाजसेवी योगेंद्र कुमार का विशिष्ट योगदान रहा। यह कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जे. पी. मुयाल की देखरेख में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर.के. सिन्हा और कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, इस कार्य की विशेष प्रशंसा की है। यह शिविर सात दिन तक विभिन्न आयामों पर कार्य करेगा। शिविर स्वच्छ भारत, शिक्षित भारत और विकसित भारत के मंतव्य के साथ कार्य करेगा।



# ट्रैक्टर पर सवार होकर किसान पहुंचे जिला मुख्यालय

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने ट्रैक्टर पर सवार होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन शौंपा। बुधवार को बड़ी संख्या में किसान नॉलेज पार्क में ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे, पूर्व निर्धारित रास्ते से सभी किसान जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना दिया। जिला मुख्यालय पहुंचे किसानों और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ देर शाम बैठक हुई। जिसमें पूर्व के मांगों जिसमें आबादी निस्तारण, बैकलीज, सर्किल रेट सहित विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि किसानों की प्राधिकरण के साथ बैठक करेंगे कि किसानों की समस्याओं का कितन प्रतिशत समाधान हुआ। वहीं किसानों का कहना है कि 23 तारीख को दिल्ली जाने का हमारा कार्यक्रम है, उसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। किसानों के राष्ट्रपति के नाम दिए मांग पत्र में मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें, भोजन, दवाओं, कृषि-इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाएं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में काफी कमी करें। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों, खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल की जाएं। खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाना। सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी। नई शिक्षा नीति, 2020 को रद्द करें। सभी के लिए आवास सम्बंधी पन्द्रह सूत्रीय मांग को रखा।



**पूर्व के मांगों को लेकर जिलाधिकारी के साथ किसानों की हुई बैठक**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# पुरानी रंजिश के चलते व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला

**दनकौर,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बा के रहने वाले एक व्यक्ति पर मंगलवार को जानलेवा हमला किया गया। घटना के बाद घायल पीड़ित का राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार चल रहा है। पीड़ित स्वजन द्वारा बुधवार को कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बिलासपुर कस्बा के रहने वाले युनुस का कहना है कि कस्बे के एक परिवार से विगत कुछ माह से रंजिश चली आ रही है। उनका कहना है कि मंगलवार को उनका भाई मुंतयाज दूसरे पक्ष की गली से होकर गुजर रहा था। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दौरान मुंतयाज को पैर और कमर में गम्भीर चोटें आई हैं। झगड़े की सूचना मिलने के बाद पीड़ित पक्ष भी घटना स्थल पर पहुंच गया। लेकिन इससे पहले ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये। पीड़ित स्वजन द्वारा घायल को कस्बा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के चलते घायल को राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के लिए रेफर कर दिया गया। बुधवार को पीड़ित स्वजन द्वारा कोतवाली पहुंच कर मामले की शिकायत की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बीआरसी पर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

जेवर, 21 फरवरी (देशबन्धु)। बीआरसी कार्यालय पर बुधवार को चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद अल्वी के द्वारा शुभारंभ किया गया था। नोडल शिक्षण संकुल हरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में सौ अध्यापकों ने भाग लिया। ट्रेनर रति गुप्ता व महेश ने गणित और भाषा का प्रशिक्षण बड़े ही गुणवत्ता से सिखाया। प्रशिक्षण संदर्शी पर आधारित था। प्रशिक्षण में कक्षा एक, दो व तीन में संदर्शिका का उपयोग, ट्रैकर आदि के बारे में पूर्ण रूप से सिखाया गया तथा छात्रों को कैसे निपुण बनाया जाए उसके बारे में भी बताए गए। इसके बाद डाइट प्रवक्ता राजेश खन्ना, भोला सिंह, भूपेंद्र आदि ने अपने अनुभवों को बताते हुए इस प्रशिक्षण का समापन कर सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किए।



# एप्पल ने गलगोटियास विवि में अत्याधुनिक आईओएस डेवलपमेंट लैब का किया शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। एप्पल कंपनी ने गलगोटियास विश्वविद्यालय में अपनी बहुप्रतीक्षित आईओएस डेवलपमेंट लैब का उद्घाटन किया है जो नवाचार को बढ़ावा देने और आईओएस डेवलपर्स की अगली पीढ़ी के पोषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले पिछले साल सितंबर में, आईओएस स्टूडेंट डेवलपर प्रोग्राम, एक उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी वाली पहल, भारत में गुणवत्तापूर्ण आईओएस प्रतिभा को विकसित करने के लिए शुरू की गई थी और तब से इसका विस्तार गलगोटियास विश्वविद्यालय तक हो गया है। यह पहल टाटा कंसल्टिंग सर्विसेज, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, कॉग्निजेंट और एचसीएल का प्रतिनिधित्व करने वाले ट्विच सहयोग का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों में प्रौद्योगिकी, पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक दृष्टिकोण और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुंच बढ़ाना है। सुविधा का लेआउट सामान्य कक्षाओं से भिन्न है, जो एक कॉर्पोरेट कार्यालय जैसा दिखता है। गलगोटिया ने जोस्वियाक को विस्तार से बताया कि यह डिजाइन पूरे फ्लोर पर संकाय सदस्यों और छात्रों के बीच आसान सुविधा प्रदान करेगा। एप्पल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ग्रेग जोस्वियाक ने ट्विटर पर साझा करते हुए कहा कि आज दिल्ली के गलगोटिया विश्वविद्यालय में आईओएस डेवलपमेंट लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। मुझे आईओएस डेवलपर्स की अगली पीढ़ी से मिलना और 100 आई मैक्स से सुसज्जित लैब देखना बहुत पसंद आया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विश्वविद्यालय के शिक्षण और शिक्षण पर आईओएस डेवलपमेंट लैब के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एप्पल के लिए काम करना वास्तव में एक प्रेरणादायक और समृद्ध अनुभव रहा है, न केवल छात्रों के लिए बल्कि गलगोटियास में संकाय और नेतृत्व टीम के लिए भी।

### शिक्षा और प्रौद्योगिकी के अंतर्संबंध में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 121/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 09.02.2024 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 शब्बीर पुत्र वसीर नि0 ग्राम फतेहपुर अट्टा तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 01.06.2023 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मथुरापुर | 43 | स्व0 शब्बीर पुत्र वसीर नि0 ग्राम फतेहपुर अट्टा तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्रीमती आमना | 62 वर्ष | पत्नी |
| | | | श्री मोबिन | 36 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री मुकीम | 30 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री रूकसाना | 33 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | श्री आशमीन | 28 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | श्री नसीम बेगम | 28 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | श्री साहिन | 25 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | गुड्डी | 18 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1168/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 26.09.2022 स्व0 श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री गावर्धन व श्री गोवर्धन पुत्र श्री भीमा नि0 अट्टा गूजरान तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक कमशः 31.01.2022, 26,03,1997 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 477<br>479<br>711<br>712<br>713<br>672 | स्व0 श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री गावर्धन व श्री गोवर्धन पुत्र श्री भीमा नि0 अट्टा गूजरान तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सुनीता | पुत्री | 44 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती अनीता | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बबीता | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती गीता | पुत्री | 29 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 22 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## नरीमन-सयानी : गुम हुईं दो आवाज़ें

90 साल के पार जाकर बुधवार को ऐसी दो महान शख्सियतें सदा के लिये जुदा हो गईं, जिन्होंने अपनी आवाज़ों के दम पर लम्बे समय तक अपने-अपने कार्यक्षेत्रों को गुंजायमान किये रखा था। इनमें से एक हैं महान विधिवेत्ता फली सैम नरीमन जिन्होंने लगभग सात दशकों तक पहले बॉम्बे हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायाधीशों के समक्ष अनगिनत मामलों की सुनवाइयों के दौरान अपने कानूनी तर्कों को न जाने कितनी बार 'मी लॉर्ड' के सम्बोधनों के साथ पेश करते हुए अपनी प्रखर मेधा, प्रतिभा व तर्क क्षमता से सबको मंत्रमुग्ध किया, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय रेडियो के सबसे चहेते उद्घोषक अमीन सयानी भी इस जहां के अपने करोड़ों 'भाइयो और बहनो' को अलविदा कह गये। फली एस नरीमन के कहे शब्द यदि कानों से होकर बुद्धि को झकझोरते थे, तो अमीन सयानी की मधुमिश्रित आवाज़ कानों में पड़ते ही सीधे दिल का रास्ता पकड़ लेती थी। उनकी उम्र क्रमश: 91 तथा 95 वर्ष थी। दोनों ही भारतीयों के जीवन का अविभाज्य हिस्सा रहे- एक कानूनी किताबों के माध्यम से तो दूसरे रेडियो के जरिये।

10 जनवरी, 1929 को तत्कालीन रंगून कहे जाने वाले और अब येंगून बन चुके म्यांमार (तब का बर्मा) में एक पारसी परिवार में जन्मे नरीमन ने स्कूली शिक्षा हिमाचल प्रदेश के शिमला से तथा अर्थशास्त्र के साथ बीए व कानून की शिक्षा मुंबई के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों से पूरी की। बहुत कम उम्र में बाम्बे हाईकोर्ट से उन्होंने वकालत शुरू की और अल्प समय में ही उन्होंने कानून व संविधान सम्बन्धी अपने ज्ञान का लोहा मनवा लिया था। यहां 22 साल तक प्रेक्टिस करने के बाद बाद वे दिल्ली चले आये और जल्दी ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी अपनी धाक जमाई। 1971 में भारत सरकार के वे सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ वकील रहे। फिर 1972 से 1975 तक अतिरिक्त लोक अभियोजक थे परन्तु आपातकाल लगाने के विरोध में उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। बाद में 2011 से 2013 तक वे भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल रहे।

पद्मभूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित फली एस नरीमन ने अनेक महत्वपूर्ण व मील के पत्थर साबित हुए मुकदमों में अहम भूमिका निभाई थी। 1999 से 2005 तक वे राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिये नियुक्त किये गये थे। उनका काम केवल कोर्ट रूम तक ही सीमित नहीं था। अनेक तरह की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के वे प्रमुख भी रहे थे। उनकी आत्मकथा 'बिफोर मेमोरी फेड्स' काफी लोकप्रिय हुई थी जिसमें उन्होंने अपने वकालती पेशे के बाहरी-भीतरी पक्षों को उजागर किया है। उनके नाम पर विस मूट ईस्ट का 'फली नरीमन पुरस्कार' भी रखा गया है। भोपाल के कुख्यात गैस ट्रेजेडी में आरोपी कम्पनी यूनियन कार्बाइड का केस लड़ने पर आजन्म पछताने वाले नरीमन ने कहा था कि 'काश वे यह मामला हार जाते।' अपनी आत्मकथा में भी उन्होंने इस पर अफसोस जताया है। इस केस में उन्होंने यूनियन कार्बाइड तथा पीड़ितों के बीच कोर्ट के बाहर समझौते की पेशकश की थी और उन्हें एक बड़ा मुआवजा प्रस्तावित किया था।

इसके बावजूद भारत के सेकुलर ताने-बाने के हमेशा पक्षधर रहे इस महान कानूनविद की लोकप्रियता व प्रतिष्ठा में कोई कमी नहीं आई थी। जिस कॉलेजियम सिस्टम के जरिये आज शीर्ष न्यायालय के चीफ जस्टिस की नियुक्ति होती है, उसे मान्यता 1993 के एक प्रसिद्ध मामले से मिली थी जो 'सेकेंड जज केस' के नाम से जाना जाता है। उनके लड़े गये मुकदमों की फेहरिस्त आखिर लम्बी क्यों न हो उन्होंने लगभग सात दशकों तक न्यायपालिका की सेवा की।

उधर 21 दिसम्बर, 1932 को मुम्बई में जन्मे अमीन सयानी की आवाज भारत की सीमाएं लांघकर उन तमाम पड़ोसी देशों तक में सुनी जाती थी, जहां हिन्दी समझी व बोली जाती है। रेडियो सीलोन से प्रसारित होने वाला उनका कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' दुनिया भर में सम्भवत: सर्वाधिक सुना जाने वाला कार्यक्रम था। ऐसे दौर में जब मनोरंजन के नाम पर आम लोगों के लिये केवल सिनेमा और रेडियो ही था- अमीन सयानी ने इन दोनों के सम्मिश्रण से यह अनूठा कार्यक्रम बनाया था। 3 दिसम्बर 1952 से प्रारम्भ हुआ बिनाका गीतमाला 1994 तक जारी रहा जिसमें हर हफ्ते रिलीज़ होने वाली हिन्दी फिल्मों के सर्वाधिक लोकप्रिय गानों की रैंकिंग की जाती थी। कभी पार्श्व गायक बनने की चाहत रखने वाले और पहले अंग्रेजी के उद्घोषक रहे अमीन सयानी को बिनाका गीतमाला का काम (पहले एक टूथपेस्ट के विज्ञापन के रूप में बनाते हुए) संयोगवश तथा उनके भाई के जोर देने पर मिला परन्तु उन्होंने उसे इस तरह बनाया और स्वयं को उसमें झोंक दिया कि बुधवार की शाम को 7 बजे जब वह 'भाइयो और बहनो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी...' के वाक्य के साथ प्रारम्भ होता और आधे घंटे तक प्रसारित होता था, तो देश में एक तरह से अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। पूरा देश लाखों छोटे-बड़े रेडियो व ट्रांजिस्टरों के इर्द-गिर्द सिमट जाता था। इसकी लोकप्रियता का आलम यह था कि पहले 7 गाने और बाद में 16 गाने किस क्रम में हैं, अमीन सयानी की भाषा में कहें तो 'पायदान पर', बतलाते हुए अपने विशाल श्रोता वर्ग को सम्मोहित करते चले जाते थे। इस दौरान आने वाले तमाम लोकप्रिय गीतों की वे ईमानदारी से रैंकिंग करते रहे जबकि उनकी प्रभावित करने की ताकत इतनी जबरदस्त थी कि वे किसी भी गीत को चढ़ा या उतार सकते थे। हर साल दिसम्बर के अंतिम बुधवार को वे उन गानों को पेश करते थे, जो 25 हफ्तों तक रैंकिंग में रहे थे। 1986 में यह 'सिबाका गीतमाला' और उसके पहले कुछ समय 'हिट परेड' के नाम से भी प्रसारित होता रहा। हर हफ्ते उनके लिये 60 हजार से ज्यादा चिट्ठियां आती थीं। उन्होंने 54 हजार रेडियो कार्यक्रम तथा 19 हजार स्पॉट्स या जिंगल्स किये थे। बाद में इसके श्रोता वर्ग टेलीविज़न की तरफ मुड़ गये।

फली एस नरीमन और अमीन सयानी की आवाजें अब अनंत में विलीन में हो गईं हैं- एक, जिस आवाज़ से कोर्टरूम ठहर जाते थे; और दूसरी, जिससे भारत ठहर जाता था।

# क्या हम आजाद हैं?

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

1989 में एक फिल्म आई थी मैं आजाद हूं। जब यह फिल्म आई थी, तब भारत को आजादी मिले 40 साल हो चुके थे। इन चार दशकों में देश ने कई उतार-चढ़ाव, गम और खुशी के पल देखे। इन सबके बीच लोकतंत्र और संविधान के संरक्षण का भाव फलता-फूलता रहा। उस दौर में समाज में एक बड़ी चिंता भ्रष्टाचार को मिटाने की थी और कई फिल्मों में इसे देश के लिए सबसे बड़ी बुराई के तौर पर प्रस्तुत किया जाता था, जिसके खात्मे के लिए नायक आगे आता है। तब तक न राम मंदिर के आंदोलन के लिए रथ यात्रा निकाली गई थी, न आम लोगों को इस बात का एहसास था कि बाबरी मस्जिद को तोड़ने का अपराध भी किया जा सकता है। उदारीकरण भी देश में तब तक नहीं आया था, इसलिए समाज के उच्च वर्गों की जिंदगियों और सरोकारों से मध्यमवर्गीय लोगों के सरोकार बहुत अलग थे। इसलिए तब इस फिल्म में जिस तरह सियासत, मीडिया और कारोबार जगत का गठजोड़ दिखाकर भ्रष्टाचार का नया रूप दिखाया गया, जिस अंदाज में आम आदमी के सवालों को उठाया गया, वो वास्तविकता से दूर होने लगे थे। फिल्म में मीडिया मालिक कहता है कि झूठ जोर से बोला जाए तो लोग उसे सच मान लेते हैं। वह झूठ के कारोबार से पहले मुख्यमंत्री और फिर दिल्ली की सत्ता पर बैठने की महत्वाकांक्षा पालता है, अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को कुचल देना चाहता है। उसकी निगाह में लोकतंत्र का कोई मोल नहीं है। आज से 35 साल पहले इस तरह की कहानी काफी हद तक नाटकीय लगी थी, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज तो इस खुशफहमी को पाले हुए था कि हिटलरी सोच हिटलर की मौत की साथ ही खत्म हो चुकी है। देश तो यही मानकर चलता था कि अनेकता में एकता वाले भारत में नफरत कभी भी टिक नहीं सकेगी, भारत की हस्ती कभी मिट नहीं सकेगी।

लेकिन आज 2024 के भारत को देखें तो लगता है कि जो कुछ 1989 में दिखाया गया, वह एक तरह से देश की भावी तस्वीर ही थी। पिछले 15 दिनों की कुछ घटनाओं को देखें। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने ही मतपत्रों में अपनी ओर से क्रॉस के निशान लगाकर आप और कांग्रेस के गठबंधन को हराया और भाजपा को जिता दिया। चूंकि सारा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया और आप ने इस मामले को अदालत में ले जाने की हिम्मत दिखाई, इस वजह से सच्चाई सामने आई। अब आप के कुलदीप कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ का मेयर बनाया है और पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की सराहना हो रही है, लोग लोकतंत्र की रक्षा के लिए अदालत को धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन क्या वाकई यह प्रकरण खुश होने का है। क्या इस घटना को अंत भला तो सब भला कहकर भुलाया जा सकता है, या फिर इसे लोकतंत्र के लिए एक गहरी चुनौती मानते हुए हमेशा याद रखा जाना चाहिए? अदालत ने अनिल मसीह पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं, लेकिन मसीह ने क्या अपने लिए वोटों से छेड़छाड़ की थी, या फिर किसी और के फायदे के लिए। वो कौन सी ताकतें हैं, जिन्होंने ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी से असंवैधानिक काम करवाए, क्या कभी उनकी शिनाख्त हो पाएगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान वोटों की गिनती के आदेश दिए। क्या इसे सामान्य बात माना जा सकता है। क्योंकि चुनाव करवाने और वोट गिनवाने का काम तो चुनाव आयोग का है। अगर अदालतों में अब चुनाव के फैसले, वोटों की गिनती होने लगे, तो सोचिए कि लोकतंत्र किस बदहाली का शिकार हो चुका है। 30-32 वोट तो अदालत में गिन लिए गए, मगर लोकसभा चुनावों में 97 करोड़ मतदाताओं के वोट तो अदालत में नहीं गिने जा सकते, तो क्या निर्वाचन आयोग इस बात की गारंटी लेगा कि 97 करोड़ वोटों में कोई हेरफेर नहीं होगी।

**सुप्रीम कोर्ट तक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मामला पहुंचा तो इंसाफ हो गया, लेकिन क्या देश में होने वाली हर नाइंसाफी अदालत की चौखट तक पहुंच पाएगी और क्या हर बार अदालत से इंसाफ मिल पाएगा। अभी किसान फिर से दिल्ली की सीमा पार करने के लिए निकल पड़े हैं और एक बार फिर उन पर पंजाब-हरियाणा की शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले दागे गए।**

सुप्रीम कोर्ट तक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मामला पहुंचा तो इंसाफ हो गया, लेकिन क्या देश में होने वाली हर नाइंसाफी अदालत की चौखट तक पहुंच पाएगी और क्या हर बार अदालत से इंसाफ मिल पाएगा। अभी किसान फिर से दिल्ली की सीमा पार करने के लिए निकल पड़े हैं और एक बार फिर उन पर पंजाब-हरियाणा की शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले दागे गए। जब कांवड़ लेकर बेरोजगार नौजवानों की भीड़ सड़कों पर आती है और तब कानून व्यवस्था से लेकर दैनंदिन जीवन प्रभावित होता है, तब तो सरकार हेलीकाप्टर से उन पर फूल बरसाती है। मानो युवाओं के कांवड़ ढोने से देश की तरक्की हो रही हो, समृद्धि आ रही हो। लेकिन जिन किसानों की कड़ी मेहनत से देश का पेट भरता है, खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता आती है, उनके साथ दुश्मनों की तरह सलूक किया जा रहा है। किसान अपनी मेहनत का सही दाम ही मांग रहे हैं, मगर सरकार उनसे सौदेबाजी वाले अंदाज में बात कर रही है कि 23 नहीं हम केवल 5 फसलों पर एमएसपी देंगे, वो भी 5 साल के कांट्रैक्ट पर। इसके बावजूद किसान शांति के साथ ही आगे बढ़ने का प्रस्ताव रख रहे हैं और सरकार उन पर आंसू गैस के गोले गिराने के साथ दावा कर रही है कि किसान उसकी प्राथमिकता में हैं और वो बातचीत से समाधान निकालना चाहती है। अगर सरकार की नीयत साफ होती तो समाधान पहली वार्ता में ही निकल जाता, उसके लिए चार बार बैठने की जरूरत नहीं पड़ती।

ऐसा लगता है मानो मैं आजाद हूं का खलनायक किरदार पर्दे से बाहर निकल कर जीवंत हो चुका है। जो अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को कुचल देना चाहता है। कभी छात्रों को कुचला जाता है, कभी किसानों को, कभी अग्निवीर के जवानों को। विपक्ष को सीधे-सीधे कुचलने की जगह उनमें फूट डलवाकर सत्ता की राह बनाई जा रही है। इस राह में नफरत, हिंसा और अराजकता सबका भरपूर इस्तेमाल हो रहा है। हिंदुस्तान में गांधी की धोती-चादर, और नेहरू की शेरवानी-गुलाब को देखकर पहचान का चलन था, लेकिन अब जालीदार टोपी, पगड़ी और बुरके से पहचान का विनाशकारी मंत्र भक्तों को दिया गया। इस मंत्र के ताजा शिकार बने आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह, जो प.बंगाल में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में अपने दल-बल के साथ ड्यटी पर थे। संदेशखाली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले में विवाद चल रहा है और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी यहां पहुंचे थे। उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश जब जसप्रीत सिंह ने की, तो उन्हें खालिस्तानी कहा गया। जसप्रीत सिंह का आरोप है कि उन्हें भाजपा के लोगों ने खालिस्तानी कहा, क्योंकि उन्होंने पगड़ी पहनी हुई थी। सोशल मीडिया पर इस दौरान हुई झड़प का वीडियो वायरल है, जिसमें जसप्रीत सिंह कह रहे हैं कि धर्म के आधार पर उन पर टिप्पणी नहीं की जाए।

अब तक मुसलमानों को उनके पहनावे और खान-पान के लिए निशाने पर लिया जा रहा था, बार-बार उनसे देशभक्ति साबित करने कहा जाता है। ईसाइयों के खिलाफ भी ऐसा ही माहौल बनाया जा चुका है। मिशनरी स्कूलों में हिंदुत्व को खतरा है, इसकी झूठी खबरें सोशल मीडिया पर फैलाई जाती हैं। और अब नफरत का विस्तार सिख कौम तक होता दिख रहा है। जसप्रीत सिंह अपने लिए जवाब देने में सक्षम हैं, लेकिन ऐसे कितने पगड़ीधारी हैं, जो अपना बचाव नहीं कर पाएंगे, तो क्या सरकार यह गारंटी दे पाएगी कि वह सबकी रक्षा करेगी। अगर सरकार ऐसी गारंटी नहीं दे सकती, तो फिर सत्तारुढ़ दल क्या फिर से सत्ता पर काबिज होने का अधिकारी है, यह लोगों को सोचना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता में आने का दावा तो कर ही चुके हैं, अभी उन्होंने ये तक कह दिया कि उन्हें विदेशों से आमंत्रण भी मिलने लगे हैं, क्योंकि वे भी भाजपा की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। ये सीधे लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देने वाला बयान हैं, क्योंकि इसमें मोदी साफ तौर पर कह रहे हैं कि उन्हें ही नहीं दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्षों तक को चुनाव से पहले नतीजों का पता है। क्या ये भारत की आंतरिक नीति में दखलंदाजी नहीं है। अबकी बार ट्रंप सरकार बोलकर नरेन्द्र मोदी ने जो गलती की थी, यह उसी का दोहराव है। एक ही गलती बार-बार हो तो वो गलती नहीं आदत कहलाती है। क्या लोकतंत्र की उपेक्षा की आदत हम आजादी के अमृतकाल में देख रहे हैं। मैं आजाद हूं से लेकर क्या हम उस दौर में आ पहुंचे हैं, जहां हमें पूछना पड़े कि क्या हम आजाद हैं। या फिर नफरत, स्वार्थ और हिंसा की भ्रष्ट राजनीति के हम गुलाम बन चुके हैं।

# रोजगार सृजन पर मोदी सरकार की चुप्पी पर उठते सवाल

■ **नन्तु बनर्जी**

यह समझना मुश्किल है कि सरकार रोजगार सृजन पर चुप क्यों है जबकि वह साल-दर-साल बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड खर्च का लगातार दावा कर रही है। नयी नौकरी चाहने वालों के लिए अवसर लगातार कम हो रहे हैं। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोज़गारी का लगातार बढ़ना चिंता का कारण बनता जा रहा है। वर्तमान में, देश का वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद विस्तार बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक हो सकता है, लेकिन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले बेरोजगारी के आंकड़ों को देखते हुए यह रोजगारहीन आर्थिक विकास की तरह दिखता है, जबकि बुनियादी ढांचे पर होने वाला खर्च सीधे तौर पर रोजगार से जुड़ा होता है।

सरकार ने देश के सतत विकास के लिए, 2019 से 2023 तक पांच साल की अवधि में बुनियादी ढांचे पर 14 खरब डॉलर खर्च करने की अपनी योजना के बारे में अक्सर बात की थी। इस तरह के बुनियादी ढांचे के खर्च से देश में स्वचालित रूप से लाखों नौकरियां पैदा होनी चाहिए थीं। यदि हां, तो सरकार बुनियादी ढांचे के खर्च से जुड़े रोजगार सृजन पर चुप्पी क्यों साधे हुए है? केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने वार्षिक बजट में रोजगार सृजन के आंकड़ों को क्यों छोड़ दिया? आर्थिक मामलों के विभाग के तहत वित्त मंत्रालय की बुनियादी ढांचा नीति और योजना प्रभाग, रेलवे, परिवहन विभाग, राजमार्ग और एक्सप्रेस वे के साथ-साथ सरकार के समग्र बुनियादी ढांचे के खर्च में सीधे शामिल है। रोजगार सृजन पर मंत्रालय की लंबी चुप्पी एक बड़ा रहस्य बनी हुई है।

**विश्व बैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2010 और 2020 के बीच, भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गई। सीएमआईई के एक अनुमान में कहा गया है कि 2022 तक महिला श्रम बल की भागीदारी घटकर नौ प्रतिशत रह गई थी। श्रम बाजार संकट के दौर से गुजर रहा है। नई सरकारी नौकरियां कम हैं। मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ रहा है।**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, भारत के 2030 तक सात वित्तीय वर्षों में बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की संभावना है, जो 2017 और 2023 के बीच पिछले सात वित्तीय वर्षों में खर्च किए गए 67 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है। हालांकि, इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड आवंटन और परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के बीच बहुत अंतर है। ऐसा प्रतीत होता है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर तथाकथित बजट आवंटन और उनके कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी में कुछ गंभीर गड़बड़ी है।

राष्ट्रीय बजट शायद ही परियोजना कार्यान्वयन में अत्यधिक देरी के बारे में बात करता है, जिसके कारण कई प्रमुख परियोजनाएं रद्द हो गईं और अन्य की लागत में भारी वृद्धि हुई। आधिकारिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पिछले जुलाई माह तक लगभग 809 विलंबित परियोजनाओं की लागत में 4.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई। सेंटर फॉरमॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी (सीएमआईई) की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि 117 अरब डॉलर (7.63 लाख करोड़ रुपये) की परियोजनाएं वित्त वर्ष 2018 में खत्म कर दी गई। यह संदिग्ध है कि क्या बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर वार्षिक बजट आवंटन वास्तविक परियोजना खर्च या गैर-खर्च की सही तस्वीर प्रदान करता भी है? रोजगार सृजन के पहलू पर सरकार की लगातार चुप्पी के पीछे यह एक कारण हो सकता है। इन परिस्थितियों में, जोरदार बुनियादी ढांचे के बजट आवंटन प्रस्ताव कुछ हद तक खोखले लग सकते हैं।

2023-24 के आखिरी पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का पूंजी निवेश परिव्यय 33प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये (122 अरब डॉलर) कर दिया गया था। सरकार का रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.40 लाख करोड़ रुपये (29बिलियन) खर्च करने का इरादा है, जो अब तक का सबसे अधिक परिव्यय और 2013-14 के आवंटन का लगभग नौ गुना होने का दावा किया गया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लगभग 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रुपये (9बिलियन) के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लेने के लिए पहचाना गया था, जिसमें निजी स्रोतों से 15,000 करोड़ रुपये (1.8बिलियन डॉलर) भी शामिल थे। इनका उद्देश्य बंदरगाह, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचाना है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने 50 और हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों, जल हवाई अड्डों और उन्नत लैंडिंग मैदानों को पुनर्जीवित करके क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बनाई है। उम्मीद तो यह थी कि सरकार 2024-25 के वोट-ऑन-अकाउंट (लेखानुदान) बजट में आम आदमी और विशेष रूप से करदाताओं को जानकारी देगी तथा रोजगार पर उनके प्रभाव के बारे में परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक पूरी रिपोर्ट प्रदान करेगी।

दुर्भाग्य से, पूंजी निवेश के उन बड़े-बड़े अनुमानों से परे बढ़ती बेरोजगारी की गंभीर हकीकत भी छिपी है। सरकार यह बताने में असमर्थ है कि इतने बड़े निवेश पर्याप्त नौकरियाँ पैदा करने में क्यों विफल हो रहे हैं। हर महीने नौकरी की तलाश कर रहे युवा पुरुषों और महिलाओं की बढ़ती संख्या से स्थिति और खराब होती जा रही है। सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार, बेरोजगारी दर लगभग आठ प्रतिशत के आसपास मंडरा रही है, जो लगभग पांच साल पहले लगभग पांच प्रतिशत थी। बताया गया है कि रोजगार के लिए कानूनी उम्र के 900 मिलियन भारतीयों में से श्रम बल भागीदारी दर छह साल पहले 46 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है।

विश्व बैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2010 और 2020 के बीच, भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गई। सीएमआईई के एक अनुमान में कहा गया है कि 2022 तक महिला श्रम बल की भागीदारी घटकर नौ प्रतिशत रह गई थी। श्रम बाजार संकट के दौर से गुजर रहा है। नई सरकारी नौकरियां कम हैं। मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ रहा है। विभिन्न स्तरों पर सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के नेताओं सहित संगठित नौकरी दलालों द्वारा इसका शोषण किया जाता है। उदाहरण के लिए, पश्चिम बंगाल में, केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पूरे राज्य में फैले बड़े कैश-फॉर-नौकरी रैकेट का खुलासा किया है।

राज्य-स्तरीय चयन परीक्षा पास करने वाले हजारों सरकारी वित्त पोषित स्कूलों में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार महीनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि कथित भर्ती घोटाले के कारण उन्हें नौकरी नहीं मिली। पश्चिम बंगाल, देश के कई क्षेत्रीय पार्टी शासित राज्यों में से एक, तथा नौकरी की सबसे अधिक कमी वाले राज्यों में से एक है। बिहार, ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग अन्य नौकरी-भूखे राज्यों में से हैं। बेटरप्लेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चित आर्थिक माहौल के कारण 2022-23 में भारत में फ्रंटलाइन नौकरियों की संख्या में 17.5प्रतिशत की गिरावट आई है। बेटरप्लेस एशिया का सबसे बड़ा मानव पूंजी एसएएएस समाधान है जो उद्यमों को अपने फ्रंटलाइन श्रमिकों के संपूर्ण जीवनचक्र का प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है।

जाहिर है, भारत में मौजूदा बेरोजगारी की स्थिति का सरकार के बुनियादी ढांचे के निवेश के दावों से कोई संबंध नहीं है। जैसा कि पूरी दुनिया में देखा गया है, बुनियादी ढांचा निवेश रोजगार सृजन के लिए एक इंजन की तरह काम करता है। आर्थिक विकास की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और नौकरी में वृद्धि के बीच संबंध महत्वपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी, रोजगार सृजन, प्रतिस्पर्धात्मक लाभ और जीवन की बेहतर गुणवत्ता बुनियादी ढांचे के विकास के कुछ प्रमुख लाभ हैं। सरकार का बड़ा बुनियादी ढांचा निवेश देश के आम नागरिकों के रोजगार सृजन और जीवन की गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन से मेल खाने में विफल रहता है। यह संभव है कि वास्तविक जमीनी निवेश बजटीय निधि आवंटन से काफी कम हो। इससे शायद यह समझा जा सकता है कि सरकार रोजगार सृजन पर चुप क्यों है।

## गुरवाणी विचार

# सातवें नानक हरि राय साहिब

सिखों के सातवें नानक गुरु हरि राय साहिब का इस धरा पर प्रकाश माता निहाल कौर की कोख से 20 फरवरी 1630 को कीरतपुर में हुआ। पिता गुरुदिता जी छठवें नानक गुरु हर गोविंद साहिब के सुपुत्र थे। इस तरह आप छठवें नानक के पौत्र थे। आपकी शादी बीबी कृष्ण कौर के साथ बुलंद शहर में हुई थी। आप की दो संतानें बाबा राम राय और हरिकृष्ण साहिब थे। बचपन से ही आप बहुत दयालु प्रकृति के। एक दिन आप अपने घर के बगीचे में टहल रहे थे तब आप का कुर्ता हवा के झोंके से एक पौधे के साथ जा टकराया जिससे उस पौधे की कुछ पंखुड़ियां टूटकर जमीन गिर पड़ीं। आपको इस बात रसे बहुत ही सदमा पहुंचा कि इतने नरम-नरम फूल जो हर वक्त खुशबू बिखेरते रहते हैं। मेरे चोले में फंसकर टूट गये इसके बाद फिर आप स्वयं पौधों की संभाल करने लगे।

आपको मार्च 1644 में गुरु गद्दी प्राप्त हुई आपका मन पूजा पाठ में ही लगा रहता था पर 1646 में पंजाब जब भीषण अकाल पड़ा तब आप ने संगत से प्राप्त दसबंध की रकम से लंगर शुरु करवा दिया ताकि किसी भी व्यक्ति को भूखा न रहना पड़े। इस तरह गुरुदेव ने अकाल पीड़ितों को काफी राहत पहुंचाई। जब शाहजहां ने गद्दी पर बैठते ही हुक्म दिया कि सभी हिंदुओं द्वारा बनाए जा रहे नये मंदिर तोड़ दिये जाएं और पुरानों की मरम्मत न करने दी जाए तब आपने इस बात का विरोध किया क्योंकि सिख धर्म के अनुसार न किसी को अकारण डरावे न किसी से अकारण डरो। आपने सहमे हुए हिन्दुओं का पक्ष लेकर बादशाह से काफी विरोध प्रकट किया। आपने अपने दादा गुरु हर गोविंद साहिब के आदेश के अनुसार एक छोटी सी सेना भी रखी। जिसमें बाईस सौ घुड़सवार थे ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों की मदद की जा सके और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जा सके। आपने सिख धर्म का भी काफी प्रचार प्रसार किया। इसी सिलसिले में जब आप एक दिन मराझ गांव पहुंचे तो वहां के चौधरी भाई काले जी ने आपकी सेवा की। एक दिन भाई काले आप के दरबार में आप के दो भतीजों भाई फूलो और भाई सुंदरों जिनके पिता हर गोविंद साहिब के समय एक धर्म युद्ध में शहीद हो गए थे। उन बच्चों ने दरबार में आकर अपने पट पर हाथ मारना शुरु कर दिया।

घटि घटि के अंतर की जानने वाले गुरुदेव ने यह देखकर हंस कर कहा कि इन बच्चों को किसी बात की कमी नहीं रहेगी। इनकी संतानें सतलुज और यमुना के बीच राज्य करेंगी। गुरुदेव के आशीर्वाद के फलस्वरूप पटियाला नाभा और जींद की रियासतें जिन्हें फूलकिया रियासतें कहा जाता है पर इनका शासन रहा। जहां आप दुखी दिलों को नाम दान देकर प्रभु सिमरन बंदगी के साथ जोड़ते थे वहीं शारीरिक रोग मिटाने के लिए एक दवाखाना भी खोल दिया। जहां दुर्लभ दवाइयां भी उपलब्ध थीं ताकि प्रत्येक रोगी का सुचारू रूप से इलाज हो। बादशाह शाहजहां का लड़का दारा जब बीमार पड़ा तो हकीमों द्वारा तजबीज की जाने वाली दवाई जब कहीं न मिली तो फिर गुरुदेव के दरवाजे से आकर वह दवाई लेकर गया। शाहजहां के बाद भाइयों की आपसी लड़ाई में जब दारा शिकोह लाहौर की तरफ भागा और गुरुदेव के दरबार में प्रार्थना की तब गुरुदेव ने उसे सकुशल लाहौर पहुंचाया और उनका पीछा करने वाली सेना को रास्ते में ही रोककर वापस खदेड़ दिया।

जो शरण आवै तिस कंठ लावै। ऐह बिरद सुवामी संदा। इस बात से औरंगजेब ने काफी रोष प्रकट और गुरुदेव को दिल्ली बुला भेजा। गुरुदेव स्वयं तो नहीं गए पर अपने बड़े बेटे राम राय को यह समझाकर दिल्ली भेजा कि जो भी बादशाह प्रश्न पूछें वह गुरु घर के नियमों के अनुसार ही उनका जवाब दें। राम राय ने दिल्ली पहुंचकर बादशाह के कई प्रश्नों का जवाब गुरमत के अनुसार ही दिया किंतु बादशाह के यह पूछे जाने पर कि गुरुग्रंथ साहिब में मिट्टी मुसलमान की पेड़े पई कुमिहार के प्रश्न पर बादशाह को खुश करने के लिए मिट्टी बेईमान कह दिया। इस पर औरंगजेब तो बहुत खुश हुआ और उसे देहरादून की रियासत दे दी पर गुरुदेव को इस बात का पता चलने पर कि राम राय ने गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी की एक लाइन तोड़ मरोड़ कर पढ़ी है तो उन्होंने खबर भिजवा दी अब कभी गुरु दरबार में मत आना। इस तरह एक लाइन गलत पढ़ने पर हमेशा के लिए गुरु घर से अलग कर दिया। गुरु गद्दी भी अपने छोटे बेटे हरि कृष्ण को दे दी। आपने प्रचार हेतु तीन केन्द्र स्थापित किए जिस के प्रमुख भाई सुथरे शाह भगत भगवान और भगत फेरू नियुक्त किए गए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# सत्य सर्व शक्तिमान, विकास के सोपानों के साथ सत्य की मजबूत प्रासंगिकता

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानों में समय-समय पर मूल्यों की स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम, सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को वरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढंका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित 'सत्यमेव जयते' आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## फिलीपींस में ट्रक गहरी खाई में गिरा, 14 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य में नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत में बुधवार को एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ट्रक एक राजमार्ग पर जा रहा था। इस दौरान माबिनय शहर में अपराह्न करीब 1:30 बजे में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और वह गहरी खाई में लुढ़क गया। ट्रक के पलटने से कई यात्री उसके नीचे दब गए थे। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए।

# गाजा में संघर्ष विराम के आह्वान पर अमेरिकी ने लगाया वीटो



■ अल्जीरिया व अरब देशों के एक समूह ने पेश किया था प्रस्ताव
■ प्रस्ताव के पक्ष में 13 वोट पड़े, ब्रिटेन अनुपस्थित रहा

**संयुक्त राष्ट्र,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम के आह्वान वाले अरब प्रस्ताव पर एक बार फिर वीटो लगाया दिया है। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने बुधवार को दी। अल्जीरिया और अरब देशों के एक समूह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रस्ताव पेश किया जिसके पक्ष में 13 वोट पड़े, ब्रिटेन अनुपस्थित रहा और अमेरिका ने वीटो का उपयोग किया।

अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने वीटो को सही ठहराते हुए कहा, कभी-कभी कठिन कूटनीति में आम समय की तुलना में ज्यादा समय लगता है। यह परिषद जो भी कार्रवाई करती है, उससे मदद मिलनी चाहिए और चल रही संवेदनशील वार्ताओं में बाधा नहीं डालनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अमेरिका एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पेश कर रहा है, जिसमें बंधक समझौते और स्थायी शांति की खोज के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि हम एक निर्णायक और महत्वपूर्ण दौर में हैं। आइए हम इसे सही समय पर सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध हों। यही कारण है कि अमेरिका एक अलग प्रस्ताव पेश कर रहा है जो सभी बंधकों को रिहा करने के फार्मूले के आधार पर एक अस्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करेगा और यह हमास की भी निंदा करेगा। प्रस्ताव पेश करने वाले अल्जीरियाई राजदूत अमर बेंजामिन ने सुरक्षा परिषद की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त करते हुए घोषणा किया कि कोई भी बहाना सुरक्षा परिषद की निष्क्रियता को तर्कसंगत नहीं बना सकता है, और गाजा में चल रहे नरसंहार को रोकने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए।

श्री बेंजामिन ने चेतावनी देते हुए कहा, हम तेजी से एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहे हैं जहां हिंसा को रोकने का आह्वान अपना महत्व खो देगा। आज, हर फिलिस्तीनी मौत, विनाश और नरसंहार की अवस्था में फंसा हुआ है।

रूसी राजदूत वासिली नेबेंज्या ने अमेरिका की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसने इजरायल को मारने का लाइसेंस प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगाकर चल रही वार्ता को बाधित किया है और सुरक्षा परिषद के सदस्यों से वाशिंगटन की अराजकता का मुकाबला करने का आग्रह किया। उन्होंने बल देकर कहा कि जनमत अब सुरक्षा परिषद को निष्क्रियता के लिए माफ नहीं करेगा।

चीनी राजदूत झांग जून ने अमेरिकी वीटो की आलोचना करते हुए कहा कि इससे गलत संदेश गया है।

## इजरायली मिसाइल ने सीरिया की राजधानी में आवासीय इमारत को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफ़र सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफ़र सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया। मिसाइलें इमारत की पांचवीं और चौथी मंजिल पर गिरीं, प्रारंभिक जानकारी में लोगों के घायल होने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों ने कहा कि सीरिया में इजरायली मिसाइल हमले नियमित हो गए हैं और रिहायशी इलाकों पर हमले का मतलब आमतौर पर हत्या का प्रयास होता है।

## यूक्रेनी सैनिकों को अवदीवका से लौटते समय पकड़ा

**मॉस्को,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन में डोनेट्स्क शहर के उत्तर में एक पूर्व यूक्रेनी गढ़ अवदीवका से वापसी के दौरान 850 से 1,000 यूक्रेनी सैनिकों को पकड़ लिया गया है या उनका कोई पता नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार को दो यूक्रेनी सैनिकों.का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने यूक्रेन में युद्ध का सामना करने के लिये तैनात वरिष्ठ पश्चिमी अधिकारियों और सैनिकों के हवाले से मंगलवार को कहा कि अवदीवका से यूक्रेनी सैनिकों का पीछे हटना भारी नुकसान है, जो पहले से ही कमजोर हो रहे मनोबल को झटका दे सकता है। यूक्रेन की वापसी गलत योजना है और बहुत देर से शुरू हुई, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अवदीवका का नुकसान कोई महत्वपूर्ण रणनीतिक झटका नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि यूक्रेनी सैनिकों के बीच मनोबल पहले से ही 2022 में एक असफल जवाबी हमले की पृष्ठभूमि और यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ वालेरी ज़ालुज़नी को हटाने के कारण कम हो रहा है, जो सैनिकों की भर्ती के लिए कीव के प्रयासों को और जटिल कर सकता है।



## सुडोकू 6474

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 22 फरवरी , 2024 माघ शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन -आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा। मित्रों और प्रियजनों से मिलकर खुशी अनुभव करेंगे।

कर्क -आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह -मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

कन्या -आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला -आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक -आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु -आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर -आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ -आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन -आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ब्रिटिश नौसेना का बैलेस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण असफल

**लंदन,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन की नौसेना का मंगलवार को ट्राइडेंट द्वितीय अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण असफल रहा। 'द सन' ने मंगलवार को सूत्रों एवं ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एचएमएस वेनगार्ड बैलेस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण सशस्त्र पनडुब्बी से किया गया था। उस समय ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स वहां मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार दागी गई मिसाइल नाटकीय रुप से विफल हो गयी और पनडुब्बी से कुछ ही दूरी पर पानी में नष्ट हो गयी। मिसाइल को हवा में दागा गया था लेकिन उसके पहले चरण के बूस्टर चालू नहीं हुए और मिसाइल पानी में गिरकर डूब गई। सूत्रों ने समाचार पत्र का बताया कि यह मिसाइल पनडुब्बी से निकलने के बाद उसके ठीक पास में ही गिर गई। समाचार पत्र ने बताया कि यह घटना 30 जनवरी को अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के तट पर हुई। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अखबार को जारी एक बयान में कहा कि प्रक्षेपण के दौरान समस्या उत्पन्न हुयी लेकिन आश्वासन दिया कि लंदन का परमाणु निवारक प्रभावी बना हुआ है। अखबार ने पहले बताया था कि ब्रिटेन नौसेना 2016 के बाद पहली बार अटलांटिक महासागर में ट्राइडेंट द्वितीय आईसीबीएम का पहला प्रक्षेपण करने की तैयारी कर रही थी। मिसाइल को ब्राजील और पश्चिम अफ्रीका के बीच गिरने से पहले 6,000 किलोमीटर से अधिक उड़ान भरने की योजना बनाई गई थी।

# पाकिस्तान में दो बड़े दल गठबंधन सरकार बनाने पर सहमत



■ पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति बनी
■ शहबाज प्रधानमंत्री व आसिफ जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे

**इस्लामाबाद,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दो बड़े राजनीतिक दल, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के बीच आम चुनाव के बाद आखिरकार गठबंधन सरकार पर सहमति बनी गई है। मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में गत आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने पाकिस्तानी संसद के निचले सदन के लिए 266 उम्मीदवारों को चुना है। ये लोग नये प्रधानमंत्री का चुनाव करेंगे और प्रांतीय अंसेबली प्रांतीय प्रमुखों का चुनाव करेगीं।

'जियो न्यूज' ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। जबकि पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे। सत्ता साझा करने के फॉर्मूले के अनुसार पीपीपी शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं होगी लेकिन राष्ट्रपति कार्यालय सहित शीर्ष संवैधानिक पद प्राप्त कर सकती है। पीपीपी को अन्य चीजों के अलावा विशेष रूप से, राष्ट्रपति पद, सीनेट का अध्यक्ष पद, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष के पद मिलेंगे, जबकि पीएमएल-एन को प्रधान मंत्री कार्यालय, नेशनल असेंबली अध्यक्ष का पद और विधानसभा, सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के लिए राज्यपालों को नामित करने का अधिकार मिलेगा।

# ट्रम्प को सार्वजनिक बयानों पर घेरे प्रचार टीम: बिडेन



ट्रम्प के विवादास्पद क्षणों की याद दिलाने की होगी कोशिश

**वाशिंगटन,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के कर्मचारियों को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सार्वजनिक बयानों पर हमले तेज करने का निर्देश दिया है। सीएनएन ने निर्देश से परिचित दो स्रोतों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि श्री बिडेन ने प्रचार अभियान के वरिष्ठ कर्मचारियों से कहा कि श्री ट्रम्प जो कहते हैं, उस पर अधिक ध्यान दें। एक वरिष्ठ अभियान सलाहकार ने कथित तौर पर कहा कि श्री बिडेन की टीम इस बात से आश्चर्यचकित है कि बड़ी संख्या में मतदाता राष्ट्रपति के रूप में श्री ट्रम्प के कार्यकाल को 'गुलाबी चश्मे' से देखते हैं। ऐसे में श्री बिडेन लोगों को श्री ट्रम्प के अधिक विवादास्पद क्षणों की याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री बिडेन के प्रचार अभियान के त्वरित प्रतिक्रिया निदेशक अम्मार मौसा ने कहा, डोनाल्ड ट्रम्प उन सभी चीजों के एकदम विपरीत हैं जो राष्ट्रपति बिडेन ने अपने पद संभालने के बाद से की है और हासिल की है, तथा अगले नौ महीनों में अभियान की सर्वोच्च प्राथमिकता मतदाताओं के लिए स्पष्ट विकल्प पेश करना होगा। श्री बिडेन के प्रचार अभियान ने पिछले सप्ताह उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) संबंधी रुख के लिए श्री ट्रम्प पर हमला करते हुए एक नया विज्ञापन लॉन्च किया। विज्ञापन में श्री ट्रम्प की स्थिति को खतरनाक और गैर-अमेरिकी बताया गया और नाटो के प्रति श्री बिडेन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

## कुष्ठ रोग खत्म करने में मदद के लिए डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञ श्रीलंका पहुंचेंगे

**कोलंबो,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। कुष्ठ रोग के उपचार में विशेषज्ञता वाली विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के चिकित्सों की एक टीम मार्च में श्रीलंका पहुंचेगी। कुष्ठ विरोधी अभियान (एएलसी) के निदेशक प्रसाद राणावीरा ने स्थानीय टीवी पर बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 लॉकडाउन के कारण 2020 और 2021 के दौरान संख्या में गिरावट के बाद 2023 में श्रीलंका में पाए जाने वाले कुष्ठ रोगियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

श्री राणावीरा ने कहा कि 2023 में कुष्ठ रोग के 1,550 से अधिक मामले सामने आए और उनमें से 173 स्कूली बच्चे थे। उन्होंने कहा कि कुल 1,550 में से पश्चिमी प्रांत, जो श्रीलंका का सबसे अधिक आबादी वाला प्रांत है, में 599 मामले दर्ज किए गए।

श्री राणावीरा ने कहा कि डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञ श्रीलंका से कुष्ठ रोग को खत्म करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने में उनकी मदद करेंगे।

## वर्ग पहेली 6474



**बायें से दायें:-**

१. प्राचीन कालीन, प्राचीनकाल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों से निमा4णया अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिसे किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हटना पड़ा हो पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुन: प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२२. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ा कर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी पुल आदि का निचोड़, आनंद, मज़ा

## वर्ग पहेली-6473



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1731 – अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन का जन्म हुआ।
1746 – फ्रांसीसी सेनाओं ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स पर कब्जा किया।
1821 – स्पेन ने फ्लोरिडा राज्य को 50 लाख डॉलर में अमेरिका को बेच दिया।
1857 – स्काउट्स की अंतर्राष्ट्रीय संस्था के संस्थापक रॉबर्ट बेडल पॉवेल का जन्म लंदन के एक धार्मिक घराने में हुआ। उन्होंने समाज में युवाओं को आगे लाने और कमजोर लोगों की मदद करने के उद्देश्य से स्काउट्स की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की स्थापना की।
1885 – क्रांतिकारी जतीन्द्र मोहन सेन गुप्ता का जन्म हुआ।
1913 – मैक्सिको के क्रन्तिकारी राष्ट्रपति फ्रैन्सिस्को मेजेरो की सेना ने हत्या कर दी।
1944 – महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का निधन।
1958 – भारत के विख्यात राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी और साहित्यकार अबुल कलाम आजाद का 70 वर्ष की आयु में निधन।
1979 – यूनाइटेड किंगडम ने सेंट लूसिया को स्वतंत्रता प्रदान की।
1980 – अफगानिस्तान में सैन्य शासन की घोषणा।
1982 – भारतीय उपमहाद्वीप के विख्यात उर्दू कवि जोश महीलाबादी का निधन।
1991 – तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने इराक को कुवैत से अपनी सेना हटाने के लिए कहा और धमकी दिया कि ऐसा नहीं करने पर अमेरका इराक पर हमला कर देगा।
1997 – स्कॉटलैंड में रोसलिन संस्थान के शोधकर्ताओं की एक टीम ने पहली बार एक स्तनधारी जीव की कोशिका से %क्लोन% बनाने की घोषणा की।

**समझौता** *भारत यात्रा पर आए है यूनान के प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस*

# भारत-यूनान आपसी व्यापार 2030 तक होगा दो गुना

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और यूनान ने आपसी संबंधों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए मिलकर कई नयी पहल करने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के विस्तार का निश्चय किया है। दोनों देश परस्पर व्यापार को 2023 तक दो गुना करने की दिशा में अग्रसर हैं। दोनों देशों के नागरिकों को एक-दूसरे के यहां आने-जाने में आसानी (आव्रजन एवं आवागमन के क्षेत्र में भागीदारी) के लिये चल रही बातचीत को जल्द से जल्द सम्पन्न करना चाहते हैं।**

यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए यूनान के प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस के साथ बातचीत के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दी। भारत ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों की चिंताएं और प्राथमिकताएं समान हैं और दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में अपने सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की है। श्री मोदी ने कहा, आज हमने इन संबंधों को एक आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नए कदमों की पहचान की। हमने दोनों देशों के बीच आव्रजन एवं आवा-गमन भागीदारी समझौते को जल्द से जल्द संपन्न करने पर चर्चा की। इससे हमारे दोनों देशों के लोगों के संबंध और सुदृढ़ होंगे। श्री मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुये मुझे बहुत ख़ुशी हो रही है। पिछले वर्ष मेरी ग्रीस (यूनान) यात्रा के बाद उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत होती रणनीतिक भागीदारी का संकेत है।

उन्होंने कहा, सोलह वर्षों के बाद, इतना बड़ा अंतराल के बाद यूनान के प्रधानमंत्री का भारत आना, अपने आप में एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस बुधवार शाम राजधानी में 'रायसीना डायलॉग' में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए आए हैं। श्री मोदी ने दोनों पक्षों के बीच आज की बातचीत को 'सार्थक और उपयोगी' करार देते हुये कहा, यह प्रसन्नता का विषय है कि हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नयी ऊर्जा और दिशा देने के लिये कयी नये अवसरों की पहचान की। कृषि के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग की संभावनायें अनेक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष इस क्षेत्र में किये गये समझौते के कार्यान्वयन के लिये दोनों पक्ष कदम उठा रहे हैं। दोनों देश चिकित्सा उपकरण , प्रौद्योगिकी, नवाचार, कौशल विकास और अंतरिक्ष जैसे कई क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बढ़ाने पर भी राजी हैं।



'रायसीना डायलॉग' में मुख्य अतिथि के के तौर पर हुए शामिल

## दुनिया को जानें

### शोधार्थियों को मधुमेह के पुराने घावों के उपचार में मिली सफलता

**कैनबरा,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की टीम ने मधुमेह के पुराने घावों का प्रभावी ढंग से उपचार करने में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व अंतराष्ट्रीय टीम में ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के शोधकर्ताओं शामिल है। टीम ने मधुमेहग्रस्त रोगियों को पुराने घावों से निजात दिलाने के लिए प्लाज्मा सक्रिय हाइड्रोजेल थेरेपी (पीएएचटी) के माध्यम से उपचार करने में सफलता हासिल की है। जिसमें एंटीबायोटिक्स या सिल्वर-आधारित ड्रेसिंग (पट्टियां करने) की आवश्यकता नहीं होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया (यूनिएसए) में प्लाज्मा मेडिसिन अनुसंधान समूह के प्रमुख एंड्रे स्ज़िली ने आज बताया कि शरीर के आंतरिक घावों, मधुमेह से ग्रस्त पांव के अल्सर और संभावित कैंसरयुक्त ट्यूमर के उपचार के लिए यह नई विधि कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्लाज्मा के सक्रिय हाइड्रोजेल मौजूदा संक्रमण से लड़ने में मरीज की भी मदद कर सकता है।

# प्रादेशिकी

## विधानसभा का बजट सत्र गैरसैंण के बजाय देहरादून में करना दुर्भाग्यपूर्ण

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा का बजट सत्र गैरसैंण के बजाय देहरादून में करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के समय गैरसैंण विधानसभा में यह प्रस्ताव पारित हुआ था कि हर साल विधानसभा का बजट सत्र गैरसैंण में आयोजित होगा। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ठंड के कारण विधानसभा के बजट सत्र को देहरादून में कर रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा, अधिकांश विभागों में उपनल कर्मचारी 7-8 सालों से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं। विद्यालयों में भी अंशकालिक शिक्षकों के बिना काम नहीं हो रहा। न तो उनकी सेवा और न ही उनके भविष्य की सुरक्षा है। विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर उपनलकर्मियों के नियमितीकरण के लिए कानून बनाया जाना चाहिए।

## हिमाचल विधान सभा का सदन एसजीएसटी के मुद्दे पर हंगामा

**शिमला,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा का सदन एसजीएसटी के मुद्दे पर तपा। सदन में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक विक्रम ठाकुर ने कांगड़ा जिला में स्थापित होने वाली वरुण बेवरीज को एसजीएसटी में 250 फीसद की छूट देने का मुद्दा उठाया। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व विक्रम ठाकुर आमने सामने हो गए। मुख्यमंत्री ने सदन में भाजपा

### ■ सुक्खू व विक्रम ठाकुर आमने सामने

कार्यकाल में उद्योगों को एसजीएसटी में छूट के साथ साथ सस्ती दरों पर भूमि मुहैया करवाने की बात कही। मुख्यमंत्री व विक्रम ठाकुर दोनों के बीच खूब शब्द बाण चले। भाजपा विधायक विक्रम ठाकुर ने सरकार को उनके कार्यकाल की जांच करवाने की चुनौती देते हुए कहा कि जांच में कुछ गलत पाए जाने की स्थिति में उन्हें जेल में डाल दो, साथ ही कहा कि ऐसी स्थिति में वह सदन से त्याग पत्र दे देंगे। मगर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसी को जेल में नहीं डालते। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के विधायक सनसनी फैलाने के लिए आरोप लगा रहे हैं जो उनकी आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पारदर्शिता में विश्वास रखती है। आने वाले समय में वह भाजपा की पूर्व सरकार में हुए घोटालों को भी सामने लाएंगे। सीएम ने कहा कि जिस वरूण बिवरेज की बात विपक्ष के विधायक कह रहे हैं उससे सरकार ने 30 करोड रूपए जमीन की एवज में लिए और 7 रूपए यूनिट बिजली सेस के साथ लेने का एग्रीमेंट किया है। पूर्व सरकार की तरह नहीं कि तीन रूपए प्रति यूनिट में बिजली दे दी या एक रूपए में जमीन लीज पर दे दी। सीएम ने कहा कि किसी भी उद्योग से जीएसटी तब मिलेगा जब उसका उत्पाद हिमाचल में कंज्यूम होगाए जब हिमाचल में खपत ही नहीं होगी तो जीएसटी कहां से मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जिस उद्योग की खपत होगी उससे पूरी वसूली भी की जाएगी।

सीएम ने कहा कि 300 करोड रूपए से ऊपर का जो भी उद्योग प्रदेश के भीतरी क्षेत्रों या दूरदराज में लगेगा उसे स्टेट जीएसटी में छूट दी जाती है। उन्होंने कहा कि बीबीएन एरिया में एसजीएसटी में छूट 75 फीसदी रखी गई है। दूरदराज के क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के मकसद से इस छूट को 250 से 400 फीसद तक रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने इंडो फार्मा कंपनी को लेकर कहा कि उसके बारे में वह पूरी जानकारी हासिल करेंगे और पूर्व सरकार ने किस तरह से उसे दिया है इसकी भी पूरी जानकारी ली जाएगी। कहीं गलत हुआ होगा तो उसे जेल भेजने से भी पीछे नहीं हटेंगे। सीएम ने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग में गलत हुआ था और गलत करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।



### दम है तो जांच बिठाए सरकार : बिक्रम सिंह

भाजपा के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने बजट चर्चा में बोलते हुए सीएम के सामने सरकार को चुनौती दी कि सरकार में दम है तो वह पूर्व सरकार के समय में उनके कार्यकाल की जांच करवा लें अगर गलत किया है तो कटघरे में खडा कर दें। उन्होंने कहा कि केवल एक ही उद्योग वरूण बिवरेज को सरकार ने 250 फीसदी जीएसटी में राहत क्यों दी। उन्होंने सवाल उठाया कि पंजाब कि किस नेता के कहने पर ऐसा किया गया। ऐसी रियायतें दूसरे उद्योगों को क्यों नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि इसी कंपनी ने पठानकोट में उद्योग लगाया है जहां पर एक हजार करोड का निवेश किया है। वहीं पर इसकी ट्रेडिंग होगी। उन्होंने इस कंपनी पर सरकार की मेहरबानी को लेकर सवाल उठाए उन्होंने जोश जोश में इंडो फार्मा उद्योग का मामला भी उठाया और कहा कि पूर्व सरकार में गलत हुआ है तो सरकार सामने लाए। उन्होंने इसमें कहा कि वह कौन सा नेता है जिसके दवाब में सरकार स्क्रैप पॉलिसी नहीं ला पा रही है। इसे लेकर यहां चर्चा होनी चाहिए।

### जसवां परागपुर में धांधली

बिक्रम सिंह ठाकुर ने अपने विस क्षेत्र जसवां परागपुर में लोक निर्माण विभाग के डीवीजन में धांधलियां होने का आरोप जडा। उन्होंने कहा कि यहां पर ठेका देने के लिए 10 फीसदी पैसा मांगा जाता है और इसमें कांग्रेस के कई नेता शामिल है। 30 ठेकेदारों ने इस संबंध में लिखकर भी दिया है। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को इमानदार बताते हुए कहा कि वह इस मामले में जांच करवाएं और कार्रवाई करें।

## केदारनाथ धाम की यात्रा होगी महंगी, हेली सेवाओं का बढ़ेगा किराया

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू हो रही है। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं तो वहीं 8 मार्च को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाएगी। संभवत 11 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जा सकते हैं। इस बार हेली सेवाओं के माध्यम से केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा किराया चुकाना पड़ सकता है। क्योंकि, इस साल हेली सेवाओं के किराए में संभावित 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

दरअसल, पिछले साल जब केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाओं के रेट तय किए गए थे, उस दौरान यह निर्णय लिया गया था कि केदारनाथ धाम के लिए ये किराया अगले तीन सालों के लिए तय है। साथ ही हर साल किराए में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। जिसके तहत इस साल हेली सेवाओं के किराए में पिछले साल की तुलना में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। पिछले साल हेली सेवाओं का एक तरफ का किराया सिरसी से 2749 रुपये फाटा से 2750 रुपये और गुप्तकाशी से 3870 रुपए केदारनाथ धाम तक का किराया था। ऐसे में इस साल इन किराए में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। वर्तमान समय में किराए की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन जल्द ही उत्तराखंड नागरिक उड्डयन परिषद की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी।



प्रस्तावित किराए के तहत सिरसी से केदारनाथ धाम तक के लिए 2886.45 रुपये फाटा से केदारनाथ तक के लिए 2887.50 रुपये और गुप्तकाशी से केदारनाथ धाम तक का किराया 4063.5 रुपये होने की संभावना है। पिछले साल केदारनाथ धाम तक के लिए 9 हेली कंपनियां सेवाएं दे रही थी। जबकि, यात्रा शुरू होने से पहले ही हेलीकॉप्टर की चपेट में आने से यूकाडा के वित्त नियंत्रक अमित सैनी की मौत हो गई थी। जिस पर एक हेली कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया गया था। ऐसे में इस साल एक अन्य हेली कंपनी के चयन को लेकर टेंडर खोला गया है।

बता दें कि बाबा केदारनाथ धाम के लिए हर साल हेली सेवाओं का संचालन किया जाता है। हेली सेवाओं के लिए सिरसी, सोनप्रयाग और गुप्तकाशी में 3 सेक्टर बनाए गए हैं। जहां 9 हेलीपैड बने हैं, वहीं से हेली सेवाओं का संचालन किया जाता है।

## सार संक्षेप

### काशीपुर तहसील में पटवारी 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**देहरादून।** जनपद उधम सिंह नगर की तहसील काशीपुर में नियुक्त राजस्व उप निरीक्षक अपने सहयोगी को विजिलैंस 7 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नम्बर 1064 पर शिकायत दर्ज कराई कि जनपद उधम सिंह नगर तहसील काशीपुर में नियुक्त राजस्व उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार आय प्रमाण पत्र बनाने की एवज में 7 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता भ्रष्ट कर्मचारी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही चाहता है। शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान सैक्टर नैनीताल, हल्द्वानी ने जाँच में प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया। टीम ने बुधवार को धर्मेन्द्र कुमार राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी) एवं उनके साथ भ्रष्टाचार में लिप्त प्राईवेट व्यक्ति अलाउद्दीन को शिकायतकर्ता से सात हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये तहसील काशीपुर कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गित प्रकरण दर्ज कर अग्रिम जाँच की जा रही है । निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेसन ने ट्रैप टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी।

### हिमाचल विधान सभा परिसर में विपक्षी भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया

**शिमला।** हिमाचल विधान सभा परिसर में विपक्षी भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने कांग्रेस की 10 गारंटियों के मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के मकसद से प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले भाजपा के तमाम विधायक नेता प्रतिपक्ष के विधान सभा स्थिति कार्यालय में एकत्र हुए तथा इसके बाद सभी विधायक कांग्रेस की गारंटियों की तख्तियां हाथों में लेकर परिसर में गेट नंबर- 3 के पास एकत्र होकर नारेबाजी करने लगे। इसी गेट से तमाम मंत्री व विधायक सदन की कार्यवाही में भाग लेने सदन में प्रवेश करते हैं। भाजपा विधायकों ने विधान सभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुआई में प्रदर्शन किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने विधान सभा चुनाव में लोगों को 10 गारंटियां दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू दो बजट पेश कर चुके हैं। मगर दोनों बजट में कोई भी गारंटी पूरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी मुख्यमंत्री ने विधानसभा के अंदर इतने झूठे वादे नहीं किए, जैसे सीएम सुक्खू कर रहे हैं। लिहाजा भाजपा विधायक दल प्रदेशवासियों का ध्यान आकर्षित करना चाहता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के करीबी लोग हिमाचल की सारी इंडस्ट्री को तबाह करने में लगे हुए हैं। कई उद्योग हिमाचल से अपना कारोबार समेट कर जा रहे हैं , कई यहां से जा चुके हैं।

### सुडोकू 6474 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

## उत्तराखंड की प्रसिद्ध अभिनेत्री गीता उनियाल का कैंसर से निधन

### ■ 300 से ज्यादा म्यूजिक एल्बम में किया है काम

देहरादून, 21 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड की लोक संस्कृति और फिल्म जगत से जुड़ी एक बुरी खबर सामने आई है। देवभूमि की प्रसिद्ध अभिनेत्री गीता उनियाल का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि गीता उनियाल पिछले चार वर्षों से कैंसर से जूझ रही थीं। गीता ने मंगलवार को अपने आवास पर अंतिम सांस ली। इससे कुछ समय पहले ही गीता उनियाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपने सफल सर्जरी की बात बताई थी और कहा था कि वो तेजी से रिकवर कर रही हैं, लेकिन आज उनके एकाएक निधन की खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि सर्जरी सफल होने के बाद भी गीता फिर से कैंसर की चपेट में आ गई थी।

जय मां धारी देवी फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया था। इसके साथ ही घघरी, स्याली रोशनी, तेरी खुद समेत कई उत्तराखंडी गीतों में गीता उनियाल ने उत्कृष्ट अभिनय किया है। उन्होंने अपने अभिनय ने पहाड़ी लोगों के दिल में जगह बनाई थी। उनका निधन उत्तराखंड की संस्कृति और फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ी क्षति है। ये खबर सामने आने के बाद हर कोई स्तब्ध और दुखी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने गीता उनियाल के निधन पर दुख जताया है और ऐसे समय में शोक संतप्त परिजनों, प्रशंसकों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

उत्तराखंड से जुड़े व्यक्ति को गीता उनियाल का परिचय देने की आवश्कता नहीं है। साल 2004 से गीता ने उत्तराखंड फिल्म जगत में काम शुरू किया जो लगातार जारी रखा। फिल्म भुली-ए-भुली, मेरू गौं, कन्यादान, भगत और घंडियाल, खैरी का दिन, ब्यो, संजोग, फ्योंली जवान ह्वेगे, अभी जग्वाल कैरा आदि फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वो हिंदी फिल्म द हैवोक में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने करीब 15 उत्तराखंडी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वो फिल्म जय मां धारी देवी में नजर आई थीं। 300 से ज्यादा गढ़वाली म्यूजिक एल्बम में गीता काम कर चुकी हैं। उनके बेहतरीन कार्य के लिए साल 2009 में उन्हें बेस्ट एल्बम एक्ट्रेस से सम्मानित किया गया था। साल 2010 में फिल्म पीड़ा के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड दिया गया था। उन्हें युफा अवार्ड 2017 बेस्ट एक्ट्रेस से भी नवाजा गया था। साल 2011 में वो विकास उनियाल संग विवाह बंधन में बंधी। उनका रुद्राक्ष नाम का एक बेटा है।

## दस साहित्यकार साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित

देहरादून, 21 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा उत्तराखंड साहित्य गौरव, सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीएम धामी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से आयोजित साहित्य सम्मान समारोह में कुल 10 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। बुधवार को आईआरडीटी सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी साहित्यकारों को मुख्य अथिति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न भाषाओं का मिश्रण पुस्तक तराण का विमोचन किया गया। उत्तराखंड भाषा संस्थान ने वर्ष 2023 के साहित्य पुरस्कारों की घोषणा करते हुए 10 साहित्यकारों को कई श्रेणियों में साहित्य गौरव सम्मान के लिए चुना।



दीर्घकालीन साहित्य सृजन के लिए साहित्यकार प्रो. लक्ष्मण सिंह बिष्ट बटरोही को सुमित्रानंदन पंत साहित्य गौरव, कथा साहित्य के लिए डॉ. सुशील उपाध्याय को शैलेश मटियानी सम्मान दिया गया। उत्तराखंड भाषा संस्थान की निदेशक स्वाति एस भदौरिया के अनुसार, इस वर्ष कुमाऊंनी लोक साहित्य में दीर्घकालिक साहित्य सृजन के लिए देवकीनंदन भट्ट मयंक को गुमानी पंत पुरस्कार प्रदान किया गया। भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार गणेश खुगशाल गणी को दिया गया गढ़वाली लोक साहित्य में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए गिरीश सुंदरियाल को भजन सिंह सिंह पुरस्कार प्रदान किया गया। कुमाऊंनी एवं गढ़वाली में भिन्न बोलियों एवं उप बोलियों में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए डॉ. सुरेश ममगाई को गोविंद चातक पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। उर्दू साहित्य में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए केए खान को प्रो. उन्वान चिश्ती पुरस्कार मिला। पंजाबी साहित्य दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए प्रेम साहिल को शिक्षक पूर्ण सिंह पुरस्कार,महाकाव्य, खंड काव्य एवं काव्य रचना के लिए प्रोण् शैलेय को महादेवी वर्मा पुरस्कार,अन्य गद्य विद्या के लिए डॉ. ललित मोहन पंत को डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल पुरस्कार एवं साहित्य की मासिक, त्रैमासिक पत्रिकाओं के लिए गणेश खुगशाल गणी को भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार दिया गया।

## देहरादून जिलें में ही डंडी कंडी के सहारे मजदूर, बमीार को लेकर 9 किमी पैदल चले ग्रामीण

**विकासनगर,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड ने इन 24 सालों में 10 मुख्यमंत्री के चेहरे देख लिए हैं, लेकिन उन्होंने विकास कितना किया? इसका जवाब वो लोग दे सकते हैं, जो मरीजों को कंधों पर लादकर कई किलोमीटर पैदल चलते हैं। ऐसी ही तस्वीरें चकराता से सामने आया है। जहां एक बुजुर्ग की तबीयत खराब हो गई। ऐसे में ग्रामीण डंडी कंडी के सहारे बुजुर्ग को लेकर करीब 9 किलोमीटर पैदल चले और सड़क तक पहुंचाया। जहां से उसे अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन बुजुर्ग की जान नहीं बच पाई।

बता दें कि चकराता विधानसभा का दूरस्थ गांव उदांवा आजादी के 75 साल बाद भी एक अदद सड़क के लिए तरस रहा है। अभी भी उदांवा गांव विकास से कोसों दूर है। इस गांव में करीब 30 परिवार रहते हैं। बीती 13 फरवरी को गांव में एक बुर्जुग की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। सड़क न होने की वजह से ग्रामीणों ने बुर्जुग को अस्पताल पहुंचाने के लिए डंडी कंडी का इंतजाम किया। फिर उस पर बैठाकर ग्रामीण पैदल निकल पडे। ग्रामीणों ने कंधे पर मरीज को लादकर पगडंडी नुमा उबड़ खाबड़ और बर्फीले रास्तों से होकर करीब 9 किमी की दूरी तय की। तब जाकर कहीं ग्रामीण सड़क चकराता त्यूनी मोटर मार्ग पर पहुंचे। यहां तक पहुंचने में उन्हें कई घंटे लग गए। चकराता त्यूनी मोटर मार्ग पर पहुंचने के बाद ग्रामीण निजी वाहन से मरीज को विकासनगर के सरकारी अस्पताल ले गए।

विडंबना देखिए सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने इलाज करने से हाथ खड़े कर दिए। जहां से डॉक्टरों ने बुजुर्ग को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां देहरादून में इलाज के दौरान 14 फरवरी को मरीज ने दम तोड़ दिया। उदांवा गांव के निवासी मुन्ना सिंह बताते हैं कि अगर गांव में सड़क होती तो समय से मरीज को अस्पताल पहुंचाया जा सकता था। जिससे बुजुर्ग मरीज की जान बच सकती थी।

### इससे पहले भी दो मरीज तोड़ चुके हैं दम

ग्रामीण मुन्ना सिंह ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी दो मरीजों को समय से इलाज न मिलने पर मौत हो चुकी है। 9 किमी की पैदल चढ़ाई पार करने में समय लगता है। उसके बाद ही मुख्य मोटर मार्ग तक पहुंचा जा सकता है। यदि उनके गांव में सड़क बनी होती तो इस तरह की समस्या न होती।

## जेसीबी व ट्रैक्टर पर सवार होकर देहरादून के लिए निकले किसान, पुलिस ने रोका

### ■ उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

**डोईवाला,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में भी किसान आंदोलन की आंच पहुंच गई है। इसी कड़ी में न्यूनतम समर्थन मूल्य, मुकदमे वापस लेने समेत कई मांगों को लेकर किसान ट्रैक्टर और जेसीबी पर सवार होकर देहरादून कूच करने के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने लच्छीवाला टोल प्लाजा पर रोक लिया। इस दौरान किसानों ने टोल प्लाजा पर ही केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, किसानों ने मौके पर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। ऐसे में डोईवाला के सैकड़ों किसान दिल्ली जा रहे किसानों के साथ खड़े हैं। किसान नेता सुरेंद्र खालसा का कहना है कि अन्न उगाने वाले किसानों को आज खेत में होने के बजाए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। शंभू बॉर्डर पर किसानों के साथ



अत्याचार किया जा रहा है। उनकी बात सुनने का बजाए आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। जो किसानों के साथ नाइंसाफी है।

उन्होंने कहा कि डोईवाला के सैकड़ों किसान दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों के साथ खड़े हैं। राकेश टिकैत के आह्वान पर अगर दिल्ली जाना पड़ेगा तो किसान दिल्ली भी जाएंगे। गौर हो कि आज किसान श्दिल्ली चलोश् मार्च निकाल रहे हैं। हरियाणा और पंजाब से हजारों किसान दिल्ली के लिए निकले हैं। जहां शंभू और खनौरी बॉर्डर पर उन पर आंसू गैस के गोले दागे हैं।

बता दें कि एमएसपी, किसानों के ऊपर लगे मुकदमे वापस लेने और अन्य कई मांगों को लेकर डोईवाला के सैकड़ों किसान आज ट्रैक्टर रैली निकालकर देहरादून की ओर कूच किया, लेकिन किसानों को रोकने के लिए प्रशासन ने पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात कर लिया था। ऐसे में किसानों को लच्छीवाला टोल प्लाजा पर ही रोक लिया गया। जहां डोईवाला एसडीएम अपर्णा ढौंडियाल के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा।

## सरकार का लक्ष्या युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों : धामी

**देहरादून,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लोक सेवा आयोग के माध्यम से वित्त विभाग के अंतर्गत लेखा परीक्षक के पद पर चयनित 51 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर वित्त मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने सभी नव नियुक्त कार्मिकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी सच्ची लगन और मेहनत से अपने कार्य को निपुणता से करेंगे, इसकी उन्होंने अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, हमारा यह प्रयास धीरे-धीरे धरातल पर उतरने



लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के और अधिक अवसर मिल पाएंगे।

धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं से कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक ऐसे प्रदेश में सेवा का मौका ईश्वर ने दिया है, जिसमें आपकी एवं राज्य की प्रगति की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें, उसे पूर्ण ईमानदारी और लगन से करें तथा पूरी कोशिश करें कि जो काम आज होना है, उसे आज ही सम्पन्न करें तथा उस काम को कभी

- ■ सीएम धामी ने 51 अभ्यर्थियों को बाँटे नियुक्ति पत्र
- ■ वित्त विभाग में लेख परीक्षक पद पर नियुक्ति पाकर खुशी से झूमें युवा
- ■ वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल रहे मौजूद

भी कल के लिये मत छोड़ें एवं उत्तराखंड को श्रेष्ठ व नम्बर-एक राज्य बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हजारों युवाओं में से आपको यह अवसर विशिष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में मानक तय करने होंगे। अनुशासित होकर ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का लक्ष्य बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। हमारी सरकार प्रदेश के हर वर्ग के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है और करती रहेगी तथा अपेक्षा की कि आप सभी उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे 'विकल्प रहित संकल्प' की सिद्धि में भी इसी प्रकार अपना सहयोग देते रहेंगे। वित्त मंत्री श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने भी नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्दवर्द्धन, सचिव सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय, उप निदेशक वीरेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक महीप कुमार सिंह, नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रादेशिकी

## तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का होगा आयोजन

**फर्रुखाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। एसएन साध ट्रस्ट के बैनर तले शुक्रवार से तीन दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डा. सुबोध वर्मा सहित 4 डाक्टर है जिसके माध्यम से मरीज देखकर जरुरत के हिसाब से कृत्रिम उपकरण मुहैया कराए जाऐगें। इस बार कटे हुए हाथ वाले दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध कराये जाएगें। यह जानकारी समाजसेविका एंव भाजपा नेत्री डा. रजनी सरीन ने नाला मछरट्टा स्थित एक हॉल में प्रेस वार्ता के दौरान दी। डा. सरीन ने बताया कि एसएन साध ट्रस्ट के बैनर तले तीन दिवसीय 23,24 एंव 25 फरवरी तक नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में इलाज के लिए मरीजों को आधार कार्ड व दिव्यांग प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना आवश्यक है।

# ऋण देने में संकोच न करें बैंक : योगी

## मुख्यमंत्री ने बैंकों का ऋण जमानुपात 58.59 प्रतिशत होने पर जताई प्रसन्नता

**लखनऊ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध कराएं। ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री



**डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में होगा काम : योगी आदित्यनाथ**

ने वित्तीय समावेशन के प्रयासों में वन जीपी-वन बीसी (एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी) कार्यक्रम की सराहना करते हुए बैंकों को बीसी सखियों को और प्रोत्साहन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस एक कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलम्बन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और यह फाइनेंशियल इनक्लूजन का शानदार उदाहरण बनकर उभरा है।

वहीं, हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर जोर दिया। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रहीम उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गाँवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया।

### ऐसे बेहतर हुई वित्तीय स्थिति

2016-17 में बैंकों द्वारा प्रदेश में कुल 137452 करोड़ ऋण वितरित किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का ऋण दिया गया। और दिसम्बर 2023 तक 298551 करोड़ का ऋण वितरित जा चुका है। 2,42,097 नए बैंकिंग आउटलेट की स्थापना। सात वर्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 167 लाख नए लाभार्थी जुड़े। सात वर्ष में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 459 लाख नए लाभार्थी जुड़े। केंद्र पोषित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में यूपी नम्बर एक।

## एसडीएम मवाना ने प्राधिकृत नियंत्रक का कार्यभार संभाला

**मवाना,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। कृषक डिग्री कालेज मवाना की प्रबंध समिति के अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश शासन ने कालेज के संचालन के लिए मेरठ जिलाधिकारी को प्राधिकृत नियंत्रक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने 17 फरवरी को 24 को जारी आदेश कर मवाना एसडीएम को प्राधिकृत नियंत्रक बना दिया है। इसी सापेक्ष में एसडीएम अखिलेश यादव ने कृषक डिग्री कालेज मवाना के प्राधिकृत नियंत्रक का कार्यभार संभाल लिया है। शासन ने कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय मवाना की प्रबंध तंत्र को पृथक कर दिया है। कृषक पीजी कालेज की प्रबंध समिति का कार्यकाल 13 जनवरी 2001 को समाप्त हो चुका है। ऐसी दशा में तीन साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी महाविद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव नहीं हो सका है। अनुमोदित प्रबंध समिति के अभाव में कालेज के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के के वेतन भुगतान में लगातार समस्याएं आ रही है। महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक व कर्मियों की शिकायतें लगातार विश्वविद्यालय को प्राप्त हो रही है।

**कृषक डिग्री कालेज मवाना का मामला**

## काशी के दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

### पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात

**लखनऊ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। पीएम दो दिवसीय दौरे पर 22 व 23 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे। पीएम लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। पीएम मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। काशी से सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री अपने वाराणसी दौरे में स्वास्थ्य शिक्षा, परिवहन, जलमार्ग, खेल, धर्म,अध्यात्म आदि क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं और रोजगार परक प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 22 फरवरी को रात में वाराणसी आएंगे। 23 को तीन प्रमुख कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पीएम 23 फरवरी की सुबह स्वतंत्रता भवन में सांसद खेलकूद, सांसद फोटोग्राफी, सांसद ज्ञान और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं से भी संवाद करेंगे।



## सार संक्षेप

### दो दिवसीय महारोजगार मेला 27 फरवरी को

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में आगामी 27 और 28 फरवरी को दो दिवसीय महारोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम. याकूब (सेनि.), कुलसचिव दूरस्थ शिक्षा सैयद जफ्र हुसैन, महारोजगार मेला संयोजक तथा ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सैल के डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा ने मेले के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी।

### मनुष्य त्रुटियों का पुतला-भावभूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर।** जैन धर्मनगरी स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के चौथे दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भंगवतों का स्वर्ण कलश से अभिषेक अनंतवीर जैन और शान्तिधारा करने का सौभाग्य अंकुर जैन, हर्षित जेन, ललति जैन, आदित्य जैन को प्राप्त हुआ। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन सुनीता जैन, मुन्नी देवी, डॉ. शोभा जेन, सुशीला, अनीता, मधु जैन अर्हमं शरणम् ने किया।

### रोडी-बजरपुर बेचने वालों की होगी जांच

**मवाना।** नगर में रोड़ी बजरपुर वालों की शिकायत मिली है कि उनके बाट-कांटों में बैलेंस किया गया है। इन शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अब रोड़ी बजरपुर वालों की दुकानों पर लगे बाट-कांटों की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा। बाट व माप के वरिष्ठ निरीक्षक सूरजभान वर्मा ने बताया कि रोड़ी बजरपुर वाले व्यापारियों के कांटों में बैलेंस पाये जाने पर उनका विभागीय नियमानुसार चालान किया जायेगा।

### शादी में जमकर चले लात घुसे, गाड़ियों में की तोड़फोड़

**मवाना।** नगर स्थित बैंक्वेट हॉल में आई बारात बुधवार को बारातियों की हुड़दंग के चलते जंग के मैदान में बदल गया। बाराती और घरातियों के बीच जमकर हुई मारपीट में हूड़दंगाइयों ने मंडप सहित कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। जंग का मैदान बनने के बाद बैंक्वेट हॉल में अफरा-तफरी मच गई। हुड़दंगाई करने वाले पुलिस के पहुंचने से पूर्व मौके से फरार हो गए। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

### सट्टा माफिया पर 1988 में दर्ज हुआ था पहला मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** सट्टा माफिया हसनैन का इतिहास लगभग 36 साल पुराना है। जबकि सर्वेश 2012 में जुआ का मुकदमा दर्ज होनें के बाद प्रकाश में आया 7 सर्वेश जुआ और सट्टे के कारोबार में लगभग 12 साल से सक्रिय है। जून 2023 में शहर कोतवाली पुलिस नें हसनैन, सर्वेश व पारुल मिश्रा के साथ 13 पर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। सट्टामाफिया हसनैन पुत्र जुम्मन खां शहर कोतवाली के खटकपुरा का रहने वाला है।

## शोभित विवि ने राज्यपाल को भेट किया गया रुद्राक्ष का पौधा



**मेरठ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के एक दिवसीय मेरठ के दौरे के दौरान शोभित विवि के द्वारा रुद्राक्ष का पौधा एवं रुद्राक्ष से निर्मित वस्तुए भेट की गई। इस अवसर पर विवि द्वारा किए जा रहे रुद्राक्ष के शोध से भी राज्यपाल को अवगत कराया गया।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शोभित विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र को विश्वविद्यालय में रुद्राक्ष के ऊपर महत्वपूर्ण शोध करने के लिए अपना धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर शोभित विवि के कुलपति डॉ जयानंद, मेरठ के जिला अधिकारी दीपक मीणा, प्रियांक भारती मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## वेंक्टेश्वरा में मेधावियों को लेपटॉप व टैबलेट वितिरत

**मेरठ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओ को स्वाबलम्बी एवं डिजीटली सशक्त बनाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना 'स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना' के तहत वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के 204 से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए 'लेपटॉप व टैबलेट वितरण समारोह' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट देते हुए इस योजना को भारत के युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी बताते हुए इसे ''डिजीटल क्रान्ति' के क्षेत्र में मील का



**लेपटॉप व टैबलेट पाकर युवाओं के चेहरे खिले**

पत्थर करार दिया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में 'डिजी शक्ति' योजना के तहत 'लेपटॉप-टैबलेट वितरण समारोह' का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि सरकार की डिजीटल इण्डिया, स्किल इण्डिया, क्लीन इण्डिया जैसी योजनाओ से देश आज दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने आगे कहा कि संचार क्रान्ति के दौर में युवाओ को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की यह शानदार पहल है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा पिछले एक दशक में केंद्र सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार ने डिजीटल क्रान्ति लाकर भारत को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। आज भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा रहे है। समारोह को कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. राहुल आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समूह के प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोडा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, आर.एस. शर्मा आदि मौजदू रहे।

## परीक्षार्थियों ने सांसद के घर का किया घेराव

**फर्रुखाबाद,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने बुधवार को सांसद मुकेश राजपूत के आवास का घेराव कर लिया। अभ्यर्थियों ने मांग की कि पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराई जाए। अभ्यर्थी काफी समय तक हंगामा करते रहे, और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत को सौपा। पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल रागिनी ने बताया कि 17 और 18 फरवरी को जो पुलिस भर्ती परीक्षा हुई है, उस परीक्षा में पूरी तरह से धांधली की गई है।

जो पेपर शाम तीन बजे होना था, उसे सोशल मीडिया पर नौ बजे ही आउट कर दिया गया। जिससे काफी लोग अच्छे नंबरों से पास हो गए। जो परीक्षार्थी तैयारी करके परीक्षा में शामिल हुए थे वे रूक गए। यही कहना मनोज का है। शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया हरलाल का रहने वाला मनोज बताता है कि प्रश्न पत्र पहले ही आउट कर दिया गया। उसका कहना है कि यह परीक्षा दोबारा कराई जाए।

## बाट-कांटों की जांच के लिए चला अभियान, किए गए 32 चालान

**मवाना,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। विधिक माप विज्ञान बाट व माप विभाग ने मवाना नगर में बांट कांटों की जांच का अभियान चला रखा है। इस अभियान में बाट-कांटों में गड़बड़ मिलने पर करीब 32 व्यापारियों का चालान किया गया है। उन्होंने सभी व्यापारियों से चालान की परेशानी से बचने के लिए अपने बाट-कांटों की जांच कराने की अपील की है। संयुक्त व्यापारी एसोएिशन मवाना के अध्यक्ष शैवाल दुबलिश के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान बाट व माप अधिकारी सूरजभान वर्मा से मिला और व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की।

**व्यापारी अफसर से मिले, समस्याएं बताई**

व्यापारियों की शिकायत है कि नगर में विभाग के बाट-कांटे वाले ठेकेदार मोहर लगाते है और सर्टिफिकेट नहीं देते। जब विभागीय अधिकारी जांच के लिये बाजारों में जाते है तो सर्टिफिकेट नहीं मिलने पर व्यापारी का चालान कर देते है। सर्टिफिकेट नहीं देने का कारण बताया गया कि उस पर निर्धारित शुल्क लिखा होता है, जबकि ठेकेदार व्यापारियों से अधिक धन की वसूली कर रहे हैं। विभाग ने इलैक्ट्रोनिक्स कांटे बेचने का लाईसेन्स दे रखा है। वे व्यापारी को कांटे बेचते समय बिल नहीं देते है और न ही मोहर लगाकर देते है। ऐसे में व्यापारी दुकान पर बाट-कांटों की जांच में पकड़ा जाता है। उसका चालान कर दिया जाता है। व्यापारियों ने मांग उठाई कि मवाना नगर का बाजार बुधवार को बंद रहता है, इसलिये प्रत्येक बुधवार को कार्यालय में आने वाले व्यापारियों के बाट-कांटों पर मोहर लगाये और सर्टिफिकेट जारी करे, ताकि व्यापारी ठेकेदारों के शोषण से बच सकें। विधिक माप विज्ञान बाट व माप के वरिष्ठ निरीक्षक सूरजभान वर्मा ने बताया कि उन्होंने नगर में छह इलेक्ट्रानिक व एक मैनुअल बाट-कांटों पर मोहर लगाने के बाद रसीद देने के लिए ठेकेदार बनाये गये है।

## बोर्ड परीक्षा की समस्त तैयारी पूर्ण : डॉ. देवेंद्र कुमार

**मवाना,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। नगर मवाना के ऐतिहासिक कृषक इण्टर कालिज में गुरूवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के तैयारी पुरी कर ली गई है। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षा अधिकारियों के आदेशानुसार बोर्ड परीक्षा की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई।

परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं। परीक्षा के दौरान विद्यालय में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा। सघन तलाशी के उपरान्त ही परीक्षार्थीयों को विद्यालय में प्रवेश मिलेगा।

परीक्षार्थीयों को अपना प्रवेशपत्र, रजिस्ट्रेशन प्रपत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में इलैक्ट्रोनिक्स गैजेट, मोबाईल, कैलकुलेटर, बलूटूथ डिवाइस आदि पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा। समस्त परीक्षा कक्षों को आईपी कैमरों से लैस करते हुए प्रकाश व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। यहां पर परीक्षा प्रभारी अमित कुमार, सहायक परीक्षा प्रभारी विनोद कुमार, मोहित शर्मा, शिवम त्यागी, ब्रजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## इण्डियन इण्टर कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**मेरठ,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत आज इण्डियन इण्टर कॉलेज जसड़, विकास खण्ड-सरूरपुर, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 08 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया।



इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंसध्बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 9000 रू और अधिकतम 20000 रू0 मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 130 अभ्यर्थियों में, जो कि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 40 अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

**आयोजन** — *सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का दीक्षांत समारोह आयोजित*

# पश्चिम उप्र में सकारात्मक ऊर्जा के साथ प्रगति कर रहा कृषि विवि : आनंदी बेन

**मेरठ, 21 फरवरी (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 18 पदक व स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी में छात्र-छात्राओ को कुल 519 उपाधियां प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रीतिमा पर माल्यार्पण व मटकी में जलधारा अर्पित कर जल संचयन के संदेश के साथ तथा पुस्तकों का विमोचन कर किया गया एवं ड्रोन पॉयलेट ट्रेनिंग कम रिसर्च एंड डेवलेपमेंट सेंटर का अनावरण किया गया।**

राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को उपहार तथा शिक्षिकाओ को पुस्तके भेंट की। दीक्षांत समारोह के बाद 360 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट् वितरण कार्यक्रम एवं महिला उद्यमियों के साथ राज्यपाल द्वारा संवाद किया गया। उद्यमी महिला समागम-कुशलता से समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई प्रदर्शनी का राज्यपाल महोदया द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में स्नातक हेतु 370, स्नातकोत्तर 89 एवं पीएचडी में 60 छात्र छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए कृषि महाविद्यालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय, खाद्य प्रौद्योगिकी



महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 18 छात्र-छात्राओं को कुलपति स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर पर ऐकेडमिक एवं को-करिकुलर गतिविधियों में संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रर्दशन हेतु पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के छात्र सूरज धनकड़ को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी खडगपुर के निदेशक प्रो. वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने उपाधि पाने वाले छात्रों को बधाई प्रेषित दी। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह देश, समाज, परिवार के लिए कुछ न कुछ संकल्प करने का अवसर है। उन्होने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व शोध छात्रों का आह्वान करूंगी कि वे भविष्य की चुनौतियों के दृष्टिगत ही

- छात्रों को 519 डिग्रियां व 18 मेडल प्रदान किए
- श्रेष्ठ चरित्र के लिए राज्यपाल ने दिया आशीर्वाद

अपनी शोध योजना बनायें। योजनायें ऐसी हो जो पर्यावरण अनुकूल, टिकाऊ, कम लागत में उत्पादन देने वाली हो प्राकृतिक संसाधनों का कम दोहन करने वाली, पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव न डालती हो।

इस परिप्रेक्ष्य में आप वैज्ञानिकगणों एवं शोध छात्र-छात्राओं को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। देश की आबादी को नियंत्रित करने के साथ ही उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। उत्पादकता बढ़ाने के साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि हम बीमारी से बचे रहे, इसके लिए हमें जैविक खेती पर जोर देना होगा। मिलेट्स से होने वाले लाभो पर शोध होना चाहिए तथा इनके परिणामो का समाज में प्रचार-प्रसार होना चाहिए। कुलपति प्रो. केके सिंह ने दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यकमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा, शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर परड्यू विवि, इन्डियाना यूएसए एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं औद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के बीच शिक्षा शोध एवं प्रसार के कार्यक्रमो को अन्तर्राष्ट्रीय रूप दिये जाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए तथा परड्यू विश्वविद्यालय की ओर से डा. धर्मेन्द्र सारस्वत द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

## 'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी' में अपने किरदार के लिए लॉ पढ़ रही हैं रीम शेख

**मुंबई,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। लीगल ड्रामा शो 'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी' में काम करने वाली अभिनेत्री रीम शेख ने कहा कि उन्होंने शो में अपने रोल की बारीकियों को समझने के लिए एक बार फिर पढ़ाई शुरू कर दी है। रीम शेख ने शो में अंकिता का किरदार निभाया है। इसमें उनके दृढ़ संकल्प और महत्वाकांक्षा को दिखाया गया है। वह रायसिंघानी लीगल में काम करने के लिए प्रयास कर रही है, और वह वकील बनना चाहती है। भूमिका की तैयारियों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, जब इस शो का अवसर मेरे पास आया तो मैंने तुरंत इसके लिए हां बोल दिया, क्योंकि मैं अदालत कक्ष में बहस, सत्र, न्याय और बहुत कुछ करने के लिए बेताब हो गई।

# मोटापे से ग्रस्त लोगों में ब्लड कैंसर का खतरा अधिक : अध्ययन



**'धूम्रपान की आदतें और व्यायाम भी मल्टीपल मायलोमा विकसित होने की संभावना को प्रभावित कर सकते हैं**

न्यूयॉर्क, 22 फरवरी (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया है कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में ब्लड कैंसर का खतरा अधिक है। मोटापे से मल्टीपल मायलोमा 'प्लाज्मा सेल का ब्लड कैंसर' विकसित होने का खतरा 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकता है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल की टीम ने कहा, 'धूम्रपान की आदतें और व्यायाम भी मल्टीपल मायलोमा विकसित होने की संभावना को प्रभावित कर सकते हैं।' ब्लड एडवांसेज में प्रकाशित शोध से पता चला है कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में मोनोक्लोनल गैमोपैथी ऑफ अनडिटरमिन्ड महत्व (एमजीयूएस) होने की संभावना ज्यादा होती है, जो एक सौम्य रक्त (ब्लड) कंडिशन है जो अक्सर मल्टीपल मायलोमा से पहले होती है। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के डेविड ली ने बताया, मल्टीपल मायलोमा के ईलाज में तेजी आई है। लेकिन यह एक लाइलाज बीमारी बनी हुई है।

जिसका अक्सर निदान तब किया जाता है जब मरीजों को पहले ही अंतिम अंग क्षति का अनुभव हो चुका होता है। टीम ने फरवरी 2019 और मार्च 2022 के बीच पूरे अमेरिका से 2,628 व्यक्तियों की स्टडी की। खुद-पहचान किए गए वंश और हेमाटोलॉजिक विकृतियों के पारिवारिक इतिहास के आधार पर इनमें मल्टीपल मायलोमा विकसित होने का खतरा बढ़ गया था। उन्होंने आगे पाया कि सामान्य वजन वाले व्यक्तियों की तुलना में मोटापे के कारण एमजीयूएस होने की संभावना 73 प्रतिशत अधिक है। शारीरिक गतिविधि का लेखा-जोखा करते समय यह जुड़ाव अपरिवर्तित रहा। हालांकि, जो व्यक्ति प्रति दिन 45-60 मिनट या उससे अधिक दौड़ने या जॉगिंग करते हैं, उनमें बीएमआई वर्ग के लिए समायोजन के बाद भी एमजीयूएस होने की संभावना कम थी। जबकि जो लोग भारी धूम्रपान और कम नींद लेते हैं उनमें एमजीयूएस होने की संभावना अधिक थी। एमजीयूएस वाले अधिकांश लोगों में कोई महत्वपूर्ण लक्षण नहीं दिखते हैं और वे तुरंत बीमार नहीं होते हैं। बल्कि, एमजीयूएस की उपस्थिति मल्टीपल मायलोमा जैसी अधिक गंभीर स्थितियों के संभावित विकास की निगरानी के लिए एक चेतावनी के रूप में कार्य करती है, जो एमजीयूएस में बदल सकती है। डेविड ली ने कहा कि ये परिणाम कैंसर के खतरे पर वजन, व्यायाम और धूम्रपान जैसे परिवर्तनीय जोखिम फेक्टरों के प्रभाव को समझने में हमारे भविष्य के शोध का मार्गदर्शन करते हैं। इससे पहले कि हम मल्टीपल मायलोमा जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए प्रभावी निवारक स्वास्थ्य रणनीतियां विकसित कर सकें, हमें पहले एमजीयूएस और मोटापे जैसे संभावित परिवर्तनीय जोखिम कारकों के बीच संबंधों को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है।

# सचिन तेंदुलकर ने कश्मीर में बर्फबारी का आनंद लिया, एलओसी पर कमान पोस्ट का दौरा किया



**श्रीनगर,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिकेट सुपरस्टार सचिन तेंदुलकर ने गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में तीन दिन बिताए, जहां प्रकृति ने उनका और उनके परिवार का स्वागत ताजे बर्फ से किया, जिसके लिए कश्मीर तीन महीने से अधिक समय से तरस रहा था। 45 वर्षीय सचिन के एक उत्साही प्रशंसक अल्ताफ अहमद ने कहा, 'सचिन तेंदुलकर सबसे धन्य इंसानों में से एक होंगे। गुलमर्ग में उनके आगमन पर भारी बर्फबारी हुई, जिसके लिए रिसॉर्ट में स्कीयर और हजारों आम कश्मीरी तीन महीने से अधिक समय तक सांस रोककर इंतजार कर रहे थे।' एक रिसॉर्ट में रुकने के दौरान सचिन, उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा बर्फबारी का आनंद लेने के लिए बाहर निकले। सचिन ने गुलमर्ग में कुछ देर स्नो बाइक भी चलाई।

वह बुधवार को गुलमर्ग-श्रीनगर रोड पर कुंजर क्षेत्र में एक कला एवं शिल्प केंद्र का दौरा करेंगे। केंद्र में शॉल और कालीन बुनकर सचिन और उनके परिवार को अपनी बुनाई कला प्रदर्शित करेंगे। वह कला और शिल्प के गहरे प्रशंसक रहे हैं। कला एवं शिल्प केंद्र में उनके आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे एक शॉल बुनकर ने कहा, 'कला और शिल्प के प्रति उनका प्यार स्वाभाविक है। आखिरकार, वह बल्ले और गेंद से महानतम कलाकारों और शिल्पकारों में से एक रहे हैं। सचिन का कुंजर से बारामूला जिले के उरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर कमान पोस्ट पर अमन सेतु का दौरा करने का कार्यक्रम है।

उनसे कमान पोस्ट पर उन सैनिकों के साथ बातचीत करने की उम्मीद है जो देश की सीमाओं और इसकी अखंडता के प्रहरी हैं। शाम को परिवार श्रीनगर शहर लौट आएगा, जहां वे प्रसिद्ध डल झील के किनारे स्थित ताज विवांता रिसॉर्ट में रात बिताएंगे।

## भारी बर्फबारी, मौसम में सुधार की उम्मीद



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पिछले 48 घंटों के दौरान भारी बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के कारण कश्मीर की ओर जाने वाली सभी सड़कें बुधवार को बंद रहीं। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण यातायात निलंबित कर दिया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे श्रीनगर और जम्मू में यातायात नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने से पहले यात्रा न करें। अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग को साफ करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इस बीच, घाटी में जाने वाले अन्य सभी राजमार्ग जैसे मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड और कश्मीर के साथ गुरेज तथा करनाह/केरन के सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाले राजमार्ग भी बंद कर दिए गए। पिछले 48 घंटों के दौरान गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम, दूदपथरी, डक्सम, कोकेरनाग और अन्य पहाड़ी इलाकों जैसे ऊंचे इलाकों में लगभग एक से तीन फीट ताजा बर्फबारी हुई।

## अपने संगीत में रकुल और जैकी ने एनिमल के 'पहले भी मैं' पर दी शानदार परफॉर्मेंस



**मुंबई,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड जोड़ी रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी आज शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। अपने संगीत में जोड़े ने फिल्म 'एनिमल' के गाने 'पहले भी मैं' पर शानदार परफॉर्मेंस दी। संगीत में रितेश देशमुख और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भी शिरकत की। समारोह में डेविड धवन और जैकी के पिता, निर्माता वाशु भगनानी को ट्रिब्यूट दिया गया। डेविड के बेटे वरुण ने भी संगीत समारोह में 'कुली नंबर 1' के गाने 'हुस्न है सुहाना' पर डांस किया। 'कुली नंबर 1' का निर्देशन डेविड धवन और निर्माण वाशु भगनानी ने किया था। फिल्म को 2020 में इसी शीर्षक के साथ रीबूट किया गया था, और कोविड-19 महामारी के दौरान ओटीटी पर रिलीज किया गया था। समापन समारोह में रकुल और जैकी ने रणबीर कपूर-स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' के गाने 'पहले भी मैं' पर शानदार परफॉर्मेंस दी। इस बीच सबसे पहले आनंद कारज का एक सिख विवाह समारोह होगा, और दूसरा सिंधी शैली का समारोह होगा, जो रकुल और जैकी दोनों की संस्कृतियों को दिखाएगा। दोपहर 3:30 बजे के बाद दक्षिण गोवा में आईटीसी ग्रैंड में जोड़े के पारंपरिक फेरे होंगे।

## फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में नयनतारा के साथ 'चलेया' गाने पर झूमे शाहरुख खान



**मुंबई,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' में काम करने वाली साउथ एक्ट्रेस नयनतारा एक पुरस्कार समारोह में किंग खान के साथ नजर आईं, जहां उन्होंने खूब मस्ती की। हाल ही में आयोजित दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2024 में नयनतारा को फिल्म 'जवान' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। कार्यक्रम के एक वीडियो में दिखाया गया है कि जब वह पुरस्कार लेने के लिए मंच पर चढ़ीं तो शाहरुख ने उन्हें सहारा दिया। शाहरुख ने नयनतारा के साथ 'जवान' फिल्म के गाने 'चलेया' पर हुक स्टेप भी किया। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। निर्देशक एटली की फिल्म 'जवान' से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं नयनतारा ने गोल्डन येलो कलर की साड़ी पहनी थी और अपने बालों का जूड़ा बना रखा था। उन्होंने अपने लुक को चोकर और मैचिंग इयररिंग्स के साथ पूरा किया। फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में शाहरुख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी मिला। मुंबई में हुए अवॉर्ड शो में निर्देशक एटली, उनकी पत्नी प्रिया और संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर समेत 'जवान' की पूरी टीम मौजूद थी।

## 'प्रचंड अशोक' में विषकन्या के रूप में नजर आएंगी एक्ट्रेस मायरा मिश्रा



मुंबई। शो 'प्रचंड अशोक' में शामिल होने को लेकर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं। वह शो में कैमियो भूमिका निभाएंगी। इस शो में मायरा एक विषकन्या के रूप में नजर आएंगी। 'एमटीवी स्प्लिट्सविला' और 'उड़ान' में दिखाई देने वाली एक्ट्रेस मायरा ने शो के बारे में कहा, मैं एक ऐसे शो में शामिल होकर बेहद खुश हूं, जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं लंबे समय से ऐसी भूमिका का इंतजार कर रही थी।

## सागर के लाखा बंजारा झील में क्रूज चलाने की तैयारी



सागर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सागर जिले की पहचान लाखा बंजारा झील है। इसके कायाकल्प का अभियान पांच वर्षों से जारी है। अब झील में वाटर स्पोर्ट्स के साथ क्रूज चलाने की तैयारी है। लाखा बंजारा झील शहर के बीचों-बीच स्थित है और इसके चारों ओर देवालय है, यही कारण है कि यहां का शाम का नजारा हर किसी को लुभाने वाला होता है। इस झील को आकर्षक रूप देने की कोशिशें जारी है, यह बात अलग है कि झील अब तक वह रूप नहीं ले पाई है, जिसकी सभी को उम्मीद थी। इस झील के बीचों-बीच एक पुल बनाया गया है, जो शहर के दो हिस्सों को जोड़ने का काम कर रहा है। बस स्टैंड से चकराघाट तक पहुंचना आसान हो गया है। साथ ही शहर की मुख्य सड़क पर यातायात का दवाब भी कम हुआ है। अब इस झील में क्रूज के साथ वाटर स्पोर्ट्स भी शुरु होने जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक आर्य ने स्पोर्ट्स गतिविधियों के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के साथ हिदायत दी है और कहा है कि किसी भी स्थिति में बगैर लाइफ जैकेट के गतिविधियों में शामिल न किया जाए। झील में आने वाली वर्षा ऋतु में पर्याप्त पानी होगा। इसे ध्यान में रखते हुए झील में पर्यटन करने के लिए क्रूज चलाया जाने वाला है।

# सरस मेले में छठे दिन हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बने लोगों की पसंद





- आंध्रा, असम, बिहार तथा छत्तीसगढ़ के उत्पादों की सरस मेले में रही धूम
- उत्तराखंड का मशहूर लोकनृत्य बना सरस मेले की शान

**नोएडा,** 21 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित सरस आजीविका सरस मेले में छठे दिन बुधवार को लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की। बुधवार को मेले में छठे दिन उत्तराखंड के कलाकारों ने मंच पर सुप्रसिद्ध लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। अपनी कला के शानदार प्रदर्शन से उत्तराखंड के कलाकारों ने यहा उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मेले में बुधवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों की जमकर खरीदारी की गई। आंध्र प्रदेश के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीदारी की। आंध्र के ही हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खसी पसंद बने। असम के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम से ही हैंडीक्राफ्ट के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। उधर बिहार के फूड प्रोडक्ट्स में सत्तू लोगों की पसंद बने। बिहार के हैंडीक्राफ्ट के डेकोरेटिव आइटम्स की खरीददारी भी जमकर हुई। छत्तीसगढ़ के मसाले लोगों को खूब भा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के हैंडीक्राफ्ट बैल मेटल ने खासी धूम मचा रखी है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्ननपटना खिलौना मेले में उपलब्ध हैं।




# के नारे के साथ 21 किमी लंबी मैराथन में सात देशों के 120 धावकों ने लिया हिस्सा

**शायद आखिरी हो यह दौड़ पैंगांग झील पर क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण यह अब जम नहीं रही**

जम्मू, 21 फरवरी (देशबन्धु)। लगातार दूसरी बार 14 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे बड़े खारे पानी के समुद्र अर्थात पैंगांग झील पर 21 किमी की मैराथन में दौड़ लगा लगा 7 देशों के 120 धावकों ने लोगों में रोमांच तो भरा ही है, साथ ही दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश की है कि ग्लोबल वार्मिंग को अगर अभी नहीं थामा गया तो विनाश होगा। दरअसल यह पहली बार था कि पैंगांग झील पूरी तरह से जम नहीं पाई थी जिसके बावजूद इस पर मैराथन का खतरा मोल लिया गया। सच में आप इस खबर मात्र से ही रोमांच से भर सकते हैं कि कैसे 120 लोगों ने करीब 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस झील पर दौड़ लगाई होगी। यह झील फिलहाल शून्य ये 25 डिग्री नीचे के तापमान के कारण कुछ ही जगहों पर इस बार जम पाई थी। हालांकि चिंता इस बात की व्यक्त की जा रही है कि यह मैराथन इस झील पर आखिरी हो सकती है क्योंकि आशंका है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आने वाले सालों में यह शायद ही पुन: जम पाए।

मिलने वाले समाचारों के अनुसार, दुनिया के 7 अलग-अलग देशों के 120 से अधिक धावकों ने मंगलवार को दुनिया की सबसे ऊंची जमी हुई झील मैराथन - पैंगोंग फ्रोजन लेक मैराथन के दूसरे संस्करण में भाग लिया। प्रतिभागियों ने दौड़ की दो श्रेणियों -21 किमी और 10 किमी में भाग लिया। खेल सचिव लद्दाख रविंदर कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उनके साथ चुशुल निर्वाचन क्षेत्र के पार्षद कोंचोक स्टैनजिन भी थे।

इस दौड़ के पीछे मुख्य उद्देश्य तेजी से पिघल रहे हिमालय के ग्लेशियरों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस मैराथन को थिएस्ट्रन टाइटल दिया गया, जिसका अर्थ है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के कारण जमी हुई पैंगोंग झील पर यह आखिरी दौड़ हो सकती है। साथ ही इसके माध्यम से चांगथांग जैसी जगहों पर शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देना है। पैंगोंग के आसपास स्थित गांवों जिनमें मान, मराक, स्पैंगमिक और फोब्रांग शामिल हैं के लोगों ने धावकों की मेजबानी के साथ-साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

लद्दाख में भारत और चीन के बीच बंटी हुई विश्व प्रसिद्ध पैंगांग झील ने पिछले साल भी जब पहली बार जमी हुई झील मैराथन की मेजबानी की थी तो इस घटनाक्रम का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया था। अधिकारियों के अनुसार, 21 किमी की मैराथन भारत में अपनी तरह की पहली मैराथन थी। मैराथन 14500 फीट की ऊंचाई पर हुई थी और इतनी ऊंचाई पर दुनिया में होने वाली यह अपनी तरह की पहली मैराथन थी।

# नूतन पहली मिस इंडिया थी जिसने फिल्मों में काम किया

**पुण्यतिथि 21 फरवरी के अवसर पर ..**



मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। आज के दौर में जहां मिस इंडिया का खिताब जीतने वाली सुंदरियों को फिल्मों में काम करने का मौका आसानी से मिल जाता है वहीं नूतन को फिल्मों में काम पाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा था।

04 जून 1936 को मुंबई में जन्मीं नूतन 'मूल नाम नूतन समर्थ' को अभिनय की कला विरासत में मिली ।उनकी मां शोभना समर्थ जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण नूतन अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। नूतन ने बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती' से अपने सिने कैरियर की शुरूआत की। इस बीच नूतन ने अखिल भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें वह प्रथम चुनी गयी लेकिन बॉलीवुड के किसी निर्माता का ध्यान उनकी ओर नहीं गया। नूतन को वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म 'हमारी बेटी ..में अभिनय करने का मौका मिला ।इस फिल्म का निर्देशन उनकी मां शोभना समर्थ ने किया। इसके बाद नूतन ने हमलोग .शीशम.नगीना और शवाब जैसी कुछ फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इन फिल्मों से वह कुछ खास पहचान नहीं बना सकी। वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म ..सीमा..से नूतन ने विद्राहिणी नायिका के सशक्त किरदार को रूपहले पर्दे पर साकार किया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये नूतन को अपने सिने करियर का सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

इस बीच नूतन ने देवानंद के साथ पेइंग गेस्ट और तेरे घर के सामने में हल्के-फुल्के रोल कर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म सोने की चिड़िया के हिट होने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में नूतन के नाम के डंके बजने लगे और बाद में एक के बाद एक कठिन भूमिकाओं को निभाकर वह फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गयी। वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म 'दिल्ली का ठग' में नूतन ने स्विमिंग कॉस्टयूम तरण वेश पहनकर उस समय के समाज को चौंका दिया । फिल्म बारिश में नूतन काफी बोल्ड दृश्य दिये जिसके लिये उनकी काफी आलोचना भी हुयी लेकिन बाद में विमल राय की फिल्म सुजाता एवं बंदिनी में नूतन ने अत्यंत मर्मस्पर्शी अभिनय कर अपनी बोल्ड अभिनेत्री की छवि को बदल दिया ।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.99 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.51 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.95 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.88 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.31 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2.76 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.71 प्रतिशत |
| विप्रो | 2.00 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.72 प्रतिशत |
| एलटी | 1.70 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों पर निरंतर निगरानी और सक्रिय प्रयासों पर एफएसडीसी का जोर



**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में आज घरेलू और वैश्विक मैक्रो-वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने की दिशा में निरंतर निगरानी और सक्रिय प्रयासों पर जोर दिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुयी एफएसडीसी की 28वीं बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास, वित्त सचिव और वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के व्यय विभाग में सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन, वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में सचिव अजय सेठ, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव डॉ. विवेक जोशी, वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में सचिव संजय मल्होत्रा, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) में सचिव डॉ. मनोज गोविल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष देबाशीष पांडा, पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. दीपक मोहंती, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के अध्यक्ष रवि मितल, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण के अध्यक्ष और वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग के सचिव के. राजारमन ने भाग लिया।

एफएसडीसी ने अन्य बातों के अलावा, व्यापक वित्तीय स्थिरता और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केन्द्रों में से एक बनने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी और वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की अपनी आगे की भूमिका निभाने के लिए जीआईएफटी आईएफएससी को उसकी रणनीतिक भूमिका में सहयोग देने के लिए वर्तमान अंतर-नियामक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एफएसडीसी ने अपने निर्णयों और केन्द्रीय बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। समान केवाईसी मानदंड निर्धारित करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-प्रयोज्यता, और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण, सामाजिक स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से सामाजिक उद्यमों द्वारा धन जुटाने की शुरुआत करना, ऑनलाइन ऐप के माध्यम से अनधिकृत ऋण देने के हानिकारक प्रभावों को रोकना और उनके आगे प्रसार को रोकने के उपाय करने आदि पर विचार विमर्श किया गया।

एफएसडीसी ने घरेलू और वैश्विक मैक्रो-वित्तीय स्थिति पर विचार किया और इस बात पर जोर दिया कि सदस्यों को उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने और वित्तीय क्षेत्र का लचीलापन बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय करने के लिए निरंतर सतर्कता बनाए रखने और अपने सक्रिय प्रयास जारी रखने की आवश्यकता है।

## 12 भाषाओं में इंडस ऐपस्टोर लांच




**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। फोनपे ने आज अपने इंडस ऐपस्टोर के लाँच की घोषणा की जो अभी 12 भाषाओं में उपलब्ध है। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने इस ऐप स्टोर को लाँच किया। फ़ोनपे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा कि इंडस ऐपस्टोर भारत के लिए एक अधिक प्रतिस्पर्धी और स्थानीयकृत मोबाइल ऐप स्टोर अर्थव्यवस्था बनाने का फोनपे का प्रयास है, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा मोबाइल ऐप डाउनलोड बाजार है।

उन्होंने कहा कि इंडस ऐपस्टोर भारतीय उपभोक्ताओं को 45 श्रेणियों में 2 लाख से अधिक मोबाइल ऐप और गेम डाउनलोड करने की अनुमति देता है। उपयोगकर्ता इन ऐप को 12 भारतीय भाषाओं में आसानी से खोज पाएंगे, जिससे 95 प्रतिशत भारतीयों की भाषा प्राथमिकताएं पूरी होंगी। उपभोक्ताओं के लिए नई ऐप खोज को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए ऐप स्टोर एक बिल्कुल नया लघु-वीडियो आधारित खोज सुविधा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर पहला कदम उठाते हुए, इंडस ऐपस्टोर ऐप और गेम डेवलपरों को इन-ऐप बिलिंग के लिए किसी भी तीसरे पक्ष के भुगतान गेटवे को चुनने की अनुमति देता है, और यदि वे बाहरी भुगतान गेटवे का उपयोग करते हैं तो उनसे कोई कमीशन नहीं लिया जाएगा। बाद की तारीख में, इंडस अपने स्वयं के इन-ऐप बिलिंग और कैटलॉग समाधान भी प्रदान करेगा, लेकिन ये ऐप डेवलपरों के लिए पूरी तरह से वैकल्पिक रहेंगे। इसके अलावा, डेवलपर पंजीकरण में तेजी लाने के लिए, इंडस डेवलपरो को एक वर्ष के लिए शून्य लिस्टिंग शुल्क की पेशकश कर रहा है।

श्री निगम ने कहा कि मोबाइल ऐप स्टोर क्षेत्र में अधिक मुक्त बाजार प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के हालिया शोर को देखते हुए इंडस ऐपस्टोर के लॉन्च का समय अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा इंडस ऐपस्टोर यथास्थिति को चुनौती देता है, मोबाइल ऐप बाज़ार में अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के युग की शुरुआत करता है, जिससे बदले में एक अधिक लोकतांत्रिक और जीवंत भारतीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिलेगी। इंडस ऐपस्टोर वास्तव में एक समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है जहां प्रत्येक भारतीय उपयोगकर्ता घर जैसा महसूस करता है।

## कोयला क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम पूंजीगत व्यय का लक्ष्य पार करने की राह पर

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जनवरी के अंत तक 20,153 करोड़ रुपये रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया था। यह वार्षिक 21,030 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के लक्ष्य के 95.83 प्रतिशत के बराबर है और मार्च के अंत तक यह लक्ष्य से ऊपर भी जा सकता है। कोयला मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में, कोयला क्षेत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) ने भरपूर तरीके से पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। वित्त वर्ष 2021-22 में, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और नैवेली लिग्नाइट कोल इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) ने अपने लक्ष्य का क्रमश: 104.88 प्रतिशत और 123.33 प्रतिशत पूंजीगत व्यय किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में इसी तरह का प्रदर्शन दोहराते हुए इन उपक्रमों ने क्रमशः लक्ष्य के लगभग 113 प्रतिशत के बराबर पूंजीगत खर्च किया। पूंजीगत खर्च क्षमता बनाए रखने और बढ़ाने में सहायक होता है। इस तरह चालू वित्त वर्ष में भी कोयला क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में पूंजीगत निवेश वार्षिक लक्ष्य से अधिक होने की संभावना है।

## भारत में 24.7 करोड़ उद्यमी परिवार, 8.8 लाख करोड़ डॉलर का किया ट्रांजेक्शन



**मुंबई,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में कम से कम 24.7 करोड़ पारिवारिक उद्यम हैं, जो भारत की अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन उद्यमों ने 8.8 लाख करोड़ डॉलर का लेनदेन किया।

अंतर्राष्ट्रीय संस्था एनमासे और प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, ये उद्यमशील परिवार देश में अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे और उनका मुख्य लेनदेन मूल्य (सीटीवी) वित्त वर्ष 2042-43 तक सालाना 12.7 प्रतिशत की औसत से बढ़कर 95.2 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा।

ऐसे उद्यमशील परिवारों की आय के एक से अधिक स्रोत होते हैं। वे इन आय और क्यूरेटेड उधारों को उच्च प्राथमिकता वाली वस्तुओं और सेवाओं और व्यावसायिक खर्चों के लेनदेन-गहन पोर्टफोलियो में बदल देते हैं।

एलीवर इक्विटी की मैनेजिंग पार्टनर और एनमासे की सह-संस्थापक ज्योत्सना कृष्णन ने कहा, कोर ट्रांजेक्शन मूल्य पर शोध और 24.7 करोड़ उद्यमशील परिवारों की पहचान से परिवर्तनकारी विकास के लिए तैयार एक जीवंत आर्थिक खंड का पता चलता है।

रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि उद्यमशील परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने वाले ब्रांडों ने नियोजित पूंजी (आरओसीई) पर आकर्षक लाभ कमाया है, जो वित्त वर्ष 2023 में निफ्टी 50 के करीब है।

प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस के मैनेजिंग पार्टनर और सीईओ मधुर सिंगल ने कहा, हमने जो 8.8 लाख करोड़ डॉलर का कोर ट्रांजेक्शन मूल्य उजागर किया है, वह सिर्फ एक संख्या नहीं है; यह इन परिवारों की अप्रयुक्त क्षमता और जीवंत आर्थिक गतिविधि का एक प्रमाण है।

## सार संक्षेप

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, प्रतिभा की मांग बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नैसकॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2027 तक 25 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 17 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। एआई निवेश में भी इसी तरह की वृद्धि होगी। बाजार अनुसंधान फर्म बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, जेनएआई सहित एआई/एमएल क्षमताओं के साथ भारत का एआई बाजार बढ़ रहा है, जो 2023 में आईटी खरीदारों द्वारा किए जाने वाले आईटी खर्च की शीर्ष श्रेणी के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि कई कारकों से प्रेरित है, जिसमें उद्यम तकनीकी खर्च में वृद्धि भारत का बढ़ता एआई प्रतिभा आधार और एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष ने कहा, जनरेटिव एआई के आगमन के साथ भारतीय तकनीकी कंपनियां पारंपरिक आईटी और बिजनेस प्रोसेस प्रबंधन से परे अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही हैं, जिसमें एआई-संचालित एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन और व्यक्तिगत ग्राहक इंटरैक्शन शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस यात्रा को तेज करने के लिए एआई कौशल पर बड़े पैमाने पर निवेश, नैतिक और सुरक्षित एआई विकास प्रथाओं और शासन ढांचे में निवेश की जरूरत होगी। एआई जॉब फंक्शंस में काम करने वाले 420,000 कर्मचारियों के साथ भारत आज दूसरा सबसे बड़ा स्थापित प्रतिभा आधार है। अन्य देशों की तुलना में तीन गुना अधिक एआई कुशल प्रतिभा के साथ देश में कौशल की पहुंच भी सबसे अधिक है।

### पीएफआरडीए ने एनपीएसटी और पेंशन फंड विनियमों में संशोधन को किया अधिसूचित

**नई दिल्ली।** पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन सिस्टम ट्रस्ट (दूसरा संशोधन) विनियम 2023 और पेंशन फंड (संशोधन) विनियम 2023 को अधिसूचित कर दिया है। एनपीएस ट्रस्ट विनियमों में इन संशोधनों ने ट्रस्टियों की नियुक्ति, उनके नियम और शर्तें, ट्रस्टी बोर्ड की बैठकें आयोजित करने और सीईओ - एनपीएस ट्रस्ट की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों को सरल बनाया गया है। पेंशन फंड विनियमों में संशोधन से कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप पेंशन फंड के संचालन से संबंधित प्रावधान सरल हुए है और इससे पेंशन फंड के खुलासे को बढ़ावा मिला है। योग्य और उचित व्यक्ति मानदंडों के अनुपालन के साथ-साथ पेंशन फंड और पेंशन फंड के प्रायोजक की भूमिकाओं में भी स्पष्टता लायी गयी है। पेंशन फंड द्वारा लेखापरीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति जैसी अतिरिक्त बोर्ड समितियों का गठन किया जा सकेगा। नाम खंड में पेंशन फंड नाम शामिल करना और 12 महीने की अवधि के भीतर इस प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए मौजूदा पेंशन फंड की आवश्यकता होगी।

## गिर गया शेयर बाजार




**मुंबई** 21 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे मूल्य पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में शेयर बाजार पिछले लगातार छह दिन की तेजी गंवाकर आज गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 434.31 अंक अर्थात 0.59 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,623.09 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 141.90 अंक यानी 0.64 प्रतिशत टूटकर 22,055.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी मुनाफ़ावसूली हुई। इससे मिडकैप 1.27 प्रतिशत का गोता लगाकर 39,471.47 अंक और स्मॉलकैप 0.84 प्रतिशत लुढ़ककर 45,541.89 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3942 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2374 को नुकसान जबकि 1467 को लाभ हुआ वहीं 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में बिकवाली जबकि 11 में लिवली हुई वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में रियल्टी समूह की 1.96 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 19 समूहों बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.12, सीडी 0.55, ऊर्जा 1.59, एफएमसीजी 0.07, वित्तीय सेवाएं 0.58, हेल्थकेयर 0.40, इंडस्ट्रियल्स 1.19, आईटी 1.54, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 2.10, ऑटो 0.46, बैंकिंग 0.13, कैपिटल गुड्स 1.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, धातु 0.18, तेल एवं गैस 1.78, पावर 1.66, टेक 1.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.25 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.87 और जापान का निक्केई 0.26 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.23, हांगकांग का हैंगसेंग 1.57 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.97 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 210 अंक की गिरावट लेकर 73,267.48 अंक पर खुला और जारी लिवली के बल पर थोड़ी देर बाद 73,267.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 72,450.56 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,057.40 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत का गोता लगाकर 72,623.09 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह 52 अंक की बढ़त के साथ 22,248.85 अंक पर खुला निफ्टी सत्र के दौरान 22,249.40 अंक के उच्चतम जबकि 21,997.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,196.95 अंक की तुलना में 0.64 प्रतिशत कमजोर होकर 22,055.05 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें एनटीपीसी 2.76, पावरग्रिड 2.71, विप्रो 2.00, एचसीएल टेक 1.72, एलटी 1.70, टेक महिंद्रा 1.70, इंफ़ोसिस 1.67, बजाज फाइनेंस 1.19, एचडीएफसी बैंक 1.07, बजाज फिन सर्व 1.06, टीसीएस 1.01, कोटक बैंक 0.97, टाइटन 0.78, आईटीसी 0.68, टाटा मोटर्स 0.58, एक्सिस बैंक 0.57, एशियन पेंट 0.41, भारती एयरटेल 0.38, अल्ट्रासिमको 0.30 और रिलायंस 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा स्टील 1.99, एसबीआई 1.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.95, इंडसइंड बैंक 0.88, सन फार्मा 0.31, मारुति 0.21, नेस्ले इंडिया 0.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.14, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.14 और आईसीआईआई बैंक के शेयर 0.12 प्रतिशत लाभ में रहे।

## भारत में कम कीमत वाले फैशन वर्टिकल बाजार को लॉन्च करेगा अमेजन




**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेज़न भारत में बाज़ार नाम से कम कीमत वाला फैशन और लाइफस्टाइल वर्टिकल लॉन्च करने के लिए तैयार है।

टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने साझेदारों को जो संदेश भेजा है, उसके अनुसार नया वर्टिकल बाज़ार एक विशेष स्टोर है, जहां गैर-ब्रांडेड और ट्रेंडी फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की आपूर्ति करने वाले विक्रेताओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

कंपनी ने बताया, आपके उत्पाद अमेजन पर एक विशेष स्टोर में प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे ग्राहकों के लिए उन्हें ढूंढना आसान हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाज़ार के माध्यम से बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमत 600 रुपये से कम होगी।

ई-कॉमर्स दिग्गज ने यह भी उल्लेख किया कि बाज़ार विक्रेताओं को लाखों ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करेगा। इसके अलावा परेशानी मुक्त डिलीवरी और शून्य रेफरल शुल्क लगाएगा।

इस बीच, 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवकाश तिमाही में अमेजन की शुद्ध बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 170 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 149.2 बिलियन डॉलर थी।

अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कहा कि पिछला छुट्टियों का मौसम रिकॉर्ड तोड़ था। 2023 की चौथी तिमाही में शुद्ध आय बढ़कर 10.6 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि, 2022 की चौथी तिमाही में यह 0.3 बिलियन डॉलर थी। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सेगमेंट की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 24.2 बिलियन डॉलर हो गई।

## खाद्य तेलों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा सात रिंगिट फिसलकर 3971 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की गिरावट के साथ 45.38 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## तीसरी तिमाही में देश की विकास दर छह प्रतिशत : इक्रा




चेन्नई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अनुमानित वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में छह फीसदी है। दूसरी तिमाही में यह 7.6 फीसदी थी। इसके अलावा, सेवा क्षेत्र में सुधार के बीच, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों द्वारा संचालित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 7.4 प्रतिशत से घटकर छह प्रतिशत होने का अनुमान है। इक्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि में अनुमानित गिरावट आंशिक रूप से प्रतिकूल बेस अफेक्ट और मात्रा विस्तार में मंदी के कारण है, जबकि कमोडिटी की कीमतों में निरंतर अपस्फीति ने कुछ क्षेत्रों में लाभ को अनुकूल बनाए रखा है।

इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत सरकार और 25 राज्य सरकारों (अरुणाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर को छोड़कर सभी राज्यों) के कुल खर्च में 0.2 प्रतिशत की हल्की गिरावट से तिमाही में जीवीए वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है। इक्रा की अनुसंधान एवं आउटरीच प्रमुख मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, औद्योगिक क्षेत्र के लिए कम मात्रा में वृद्धि, निवेश गतिविधि के कुछ संकेतकों में धीमी गति, सरकारी व्यय में मंदी और असमान मानसून के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर घटकर 6.0 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो दूसरी तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी। इक्रा का अनुमान है कि सभी चार उप-क्षेत्रों, अर्थात् विनिर्माण, बिजली, निर्माण और खनन एवं उत्खनन के नेतृत्व में औद्योगिक जीवीए वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 13.2 प्रतिशत से घटकर 8.8 प्रतिशत हो जाएगी। इक्रा का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में जीवीए का विस्तार 10 प्रतिशत रहेगा, पहली तिमाही के 4.7 प्रतिशत से दोगुना है। हालांकि यह वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में दर्ज किए गए 13.9 प्रतिशत से कम है। पहले अग्रिम अनुमानों में अनुमानित सभी प्रमुख ख़रीफ़ फसलों के उत्पादन में गिरावट के कारण, इक्रा का अनुमान है कि कृषि, वानिकी और मछली पकड़ने में वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में घटकर 0.5 प्रतिशत रह जाएगी, जो दूसरी तिमाही में 1.2 प्रतिशत थी। यह वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही (-0.9 प्रतिशत) के बाद से इस क्षेत्र के लिए सबसे कम वृद्धि दर होगी। इक्रा का अनुमान है कि उद्योग और कृषि के विपरीत, व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं के नेतृत्व में सेवाओं की जीवीए वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाएगी।

# खेल जगत

## मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हराया

**मैनचेस्टर ( ब्रिटेन )।** मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ घरेलू जीत हासिल की। एर्लिंग हालैंड ने मैच का एकमात्र गोल किया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ 1-0 से यह मैच अपने नाम किया। मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। मैनचेस्टर सिटी और ब्रेंटफोर्ड ने कई मौके बनाए लेकिन इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण डिफेंस पेश किया। मैच में शुरुआत से ही सीटी का दबदबा जरूर रहा लेकिन ब्रेंटफोर्ड के खिलाड़ियों ने भी हार नहीं मानी। हालांकि, मैच का एकमात्र और विनिंग गोल 71वें मिनट में एर्लिंग हालैंड ने सीटी के लिए किया। इस जीत के साथ सिटी प्रीमियर लीग पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। अब सीटी टेबल टॉपर लिवरपूल से मात्र एक अंक पीछे है।



# केएल राहुल चौथे टेस्ट से भी बाहर, पांचवें में खेलना फिट होने पर निर्भर

- भारत ने बुमराह की जगह मुकेश कुमार को चौथे टेस्ट के लिए टीम से जोड़ा
- सीरीज में अब तक 17 विकेट हासिल कर चुके हैं बुमराह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 फरवरी (देशबन्धु)। भारत ने मौजूदा सीरीज में शुरू के तीन टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट चटकाने वाले अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरू हो रहे चौथे क्रिकेट के लिए आराम दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान लगी जांघ में चोट के चलते दूसरे और तीसरे टेस्ट से बाहर रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज केएल राहुल अभी भी पूरी तरह फिट न होने के कारण चौथे क्रिकेट टेस्ट से तो बाहर रहेंगे ही धर्मशाला में सात मार्च को शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट में भी उनका हिस्सा लेना उनके पूरी तरह फिट होने पर निर्भर करता है। यह घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने की। दरअसल जसप्रीत बुमराह के भारत के लिए लगातार खेलने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन ने उन्हें आराम देने का फैसला किया हष। राजकोट में तीसरे टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद अब तेज गेंदबाज मुकेश कुमार रांची में सीरीज के लिए चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं।



बुमराह ने मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत के लिए 81 ओवर फेंके और गेंदबाजी के इस बोझ और आगे आईपीएल और 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप को जेहन में रखते हुए उन्हें चौथे क्रिकेट टेस्ट के लिए आराम देने का फैसला किया गया है। दरअसल बुमराह को राजकोट में तीसरे टेस्ट में आराम दिए जाने की चर्चा थी लेकिन चूंकि तब भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट की सीरीज एक-एक की बराबरी पर थी और इसलिए उन्हें राजकोट में खिलाया गया। भारत अब इंग्लैंड से मौजूदा टेस्ट सीरीज में हैदराबाद का पहला टेस्ट 28 रन से हारने के बाद विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से और राजकोट में तीसरा टेस्ट जसप्रीत बुमराह की गेंद से धार और रफ्तार के साथ नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे दोहरे टेस्ट शतक से रिकॉर्ड 434 रन से जीत कर पांच टेस्ट की सीरीज में 2-1 से आगे है।

बुमराह विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में कुल मिलाकर 91 रन देकर 9 विकेट चटका भारत की इंग्लैंड पर जीत के नायक और मैन ऑफ द मैच रहे थे। तब भारत ने दूसरे टेस्ट में मोहम्मद सिराज को आराम दिया था और उनकी जगह तेज गेंदबाज मुकेश कुमार बतौर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार के रूप में खेले थे।अब भारत यदि रांची में दो तेज गेंदबाज के साथ उतरने का फैसला करता है तो मोहम्मद सिराज के साथ दूसरे तेज गेंदबाज के लिए मुकेश कुमार और आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किए आकाशदीप में से कोई एक खेलेगा। आकाशदीप ने हाल ही में इंडिया %ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मैच सहित सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

केएल राहुल ने मौजूदा सीरीज में हैदराबाद में सीरीज के पहले टेस्ट में भारत के लिए 86 और दूसरे में 22 रन बनाए थे और इसमें इंग्लैंड को 28 रन से जीत मिली थी। केएल राहुल को इसके बाद तीसरे टेस्ट में फिट होने की शर्त पर ही टीम में शामिल किया था लेकिन वह फिट नहीं थे और इसलिए इसमें उनकी जगह सरफराज खान को अपना टेस्ट करियर शुरू करने का मौका मिला और इसमें सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ भारत को जीत दिलाने में योगदान किया।

**इंग्लैंड के खिलाफ रांची में चौथे क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम है :** रोहित शर्मा(कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल(विकेटकीपर), केएस भरत(विकेटकीपर), देवदत्त पड्डीकल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज , मुकेश कुमार आकाश दीप।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी छाए यशस्वी जायसवाल, टॉप-15 में बनाई जगह

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीन मैचों में दो डबल सेंचुरी लगा चुके भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाई है। यशस्वी जायसवाल को अब भारत के भविष्य की टीम का बड़ा नाम माना जा रहा है। वर्ल्ड क्रिकेट के तमाम दिग्गज उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ चुके हैं। वैसे तो यह पहला मौका नहीं है, जब इस 22 साल के युवा बल्लेबाज ने सुर्खियां बटोरी है। लेकिन, इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों में उनकी पारी ने उन्हें पूरी दुनिया में मशहूर कर दिया है। इन पारियों का यशस्वी जायसवाल को ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी फायदा मिला है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में शतक लगाने के बाद कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दूसरी पारी में शतक के करीब पहुंचने के बाद शुभमन गिल तीन स्थान आगे बढ़कर 35वें स्थान पर हैं।

वहीं, अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के बाद सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने क्रमश: 75वें और 100वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

राजकोट में प्लेयर ऑफ द मैच रवींद्र जडेजा की पहली इनिंग में 112 रन की पारी ने उन्हें बल्लेबाजों में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने ऑलराउंडर की रैंकिंग में भी शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और वह 416 से करियर के सर्वश्रेष्ठ 469 रेटिंग अंक पर पहुंच गए हैं।



- इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीन मैचों में दो डबल सेंचुरी लगा चुके यशस्वी

इस बीच, केन विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात टेस्ट मैचों में सातवां शतक लगाने के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के बाद एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह के करीब पहुंच गए हैं। जबकि, इसी सूची में जडेजा तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की पहली इनिंग में 153 रन की पारी ने उन्हें 12 स्थान ऊपर उठाकर 13वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

# ध्रुव जुरेल को रांची टेस्ट के दौरान एमएस धोनी से मिलने की उम्मीद

**रांची,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को उम्मीद है कि उन्हें एमएस धोनी से मिलने का मौका मिलेगा। एमएस धोनी के शहर में एक बार फिर टीम इंडिया पहुंच चुकी है। इस बार उनका सामना इंग्लैंड से होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची में गुरुवार से खेला जाना है। भारत फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड से 2-1 से आगे है। भारत के लिए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने राजकोट टेस्ट में टेस्ट डेब्यू किया, जहां भारत ने 434 रन से जीत दर्ज की थी। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड की दूसरी पारी में जुरेल ने बेन डकेट को रन-आउट किया। यह रन-आउट आसान नहीं था। इतना ही नहीं उन्होंने बल्ले से भी अच्छी पारी खेली जिससे पता चला कि वह लंबे प्रारूप में दोनों कौशल में माहिर हैं। बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में ध्रुव जुरेल ने कहा, मेरा सपना माही भाई से मिलना है। जब भी मैंने उनसे बात की है, मैंने हमेशा उनसे कुछ नया सीखा है और यह मेरे करियर में बहुत मददगार रहा है। इसलिए, उम्मीद है कि मुझे रांची में चौथे टेस्ट के दौरान उनसे मिलने का मौका मिलेगा, वो भी तब जब मैं भारतीय जर्सी में रहूंगा।



दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत एक कार दुर्घटना का शिकार हो गये थे, जिसके बाद से वह टीम से बाहर हैं। भारत ने पहले टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज के स्थान पर के.एस. भरत, ईशान किशन और के.एल. राहुल को आजमाया था, लेकिन उनमें से कोई भी इस भूमिका में फिट नहीं बैठता था। टेस्ट डेब्यू में ध्रुव जुरेल के अच्छे प्रदर्शन ने उनके ग्लववर्क और बल्लेबाजी के लिए प्रशंसा अर्जित की। उन्होंने आईपीएल 2023 में धोनी के साथ अपनी पहली मुलाकात को भी याद किया, जो राजस्थान रॉयल्स के साथ उनका पहला सीजन भी था।

# आईपीएल 2024 में पंत के कमबैक पर आकाश चोपड़ा ने कहा, यह किसी चमत्कार से कम नहीं

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द क्रिकेट के मैदान में दिखाई दे सकते हैं। आईपीएल 2024 में उनके संभावित कमबैक पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा, यह किसी चमत्कार से कम नहीं।

30 दिसंबर, 2022 को एक कार दुर्घटना में पंत बाल-बाल बचे थे। उस समय से लेकर अब तक वो क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। हाल में पंत बेंगलुरु में एनसीए में रिहैब से गुजर रहे हैं। वह अपनी रिकवरी में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के लिए उनका फिट होना प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की एक संभावना के रूप में देखा जा रहा है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ऐसी खबरें हैं कि ऋषभ पंत इस साल आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। यह चमत्कारी है, क्योंकि उन्होंने एक काफी मुश्किल रास्ता तय किया है।



क्रिकेट जीवन का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, जीवन है तो ही क्रिकेट है। जिस तरह का हादसा था, मैं बस खुश था कि वह जीवित था। मुझे पूरा यकीन है कि उसे बहुत काम करना पड़ा होगा, वहां से यहां तक की यात्रा कठिन है।

> क्रिकेट जीवन का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, जीवन है तो ही क्रिकेट है। जिस तरह का हादसा था, मैं बस खुश था कि वह जीवित था। मुझे पूरा यकीन है कि उसे बहुत काम करना पड़ा होगा, वहां से यहां तक की यात्रा कठिन है : आकाश चोपड़ा

चोपड़ा का मानना है कि पंत न केवल खेलेंगे बल्कि कप्तान के रूप में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व भी करेंगे। बल्लेबाज के रूप में 26 वर्षीय प्लेयर की उपस्थिति दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी के लिए बड़ी समस्या का समाधान करेगी। पंत ने 98 आईपीएल मैचों में 34.61 की औसत और 147.97 की स्ट्राइक रेट से 2,838 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हाईएस्ट स्कोर नाबाद 128 रन है।

## सार संक्षेप

### रियो ओपनर में अल्काराज़ को टखने में लगी चोट, दो गेम के बाद हुए रिटायर

**रियो डी जेनेरो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ को थियागो मोंटेइरो के खिलाफ रियो ओपन के शुरुआती मैच के दौरान केवल दो अंक के बाद टखने में चोट लग गई। उन्होंने मैच जारी रखने के प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह रिटायर हो गए। टूर्नामेंट वेबसाइट के अनुसार, फोरहैंड रिटर्न मारने के बाद अल्काराज़ कोर्ट के सेंटर में पीछे की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान मोंटेइरो के रिटर्न को खेलने के प्रयास में स्पेनिश खिलाड़ी ने अपने मोमेंटम को रोकने के लिए अपना दाहिना पैर अड़ाया, लेकिन उसका दाहिना टखना बुरी तरह मुड़ गया और वह पीठ के बल जमीन पर गिर गये। मोंटेइरो की मदद से वह अपनी बेंच पर वापस आये और एटीपी फिजियो एलेजांद्रो रेसनिकॉफ ने उनके टखने को कसकर बांध दिया। वह कोर्ट पर लौटे और ब्राजीलियाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 1-0 की बढ़त ले ली। लेकिन उनके मूवमेंट अच्छे से नहीं हो रहा था और अगले गेम में सर्विस गंवाकर वह रिटायर हो गये। अल्काराज ने कहा, कल मैं अपने टखने की जाँच कराऊँगा और देखूंगा कि यह कुछ गंभीर है या नहीं। मुझे दर्द महसूस हो रहा था। मैं ठीक से चल नहीं पा रहा था, और मुझे पता था कि इसे जारी रखना असंभव होगा। मैंने सोचा कि अगर मैं इतने लंबे मैच खेलता रहा तो स्थिति और खराब हो जाएगी और इसीलिए मैंने (मैच से) रिटायर होने का फैसला किया।

### बाबर ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड, टी20 में सबसे तेज 10,000 रन किए पूरे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम इस समय पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने इस लीग के दौरान टी20 क्रिकेट में इतिहास रचा और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम भी किया है। बाबर आजम बुधवार को वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़कर टी20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने 271 पारियों में यह मुकाम हासिल किया। जबकि, क्रिस गेल को यह उपलब्धि हासिल करने में 285 पारियां लगीं। भारत के विराट कोहली इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए 299 पारियां खेली। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पेशावर जाल्मी के लिए खेलने वाले बाबर को विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए केवल छह रनों की जरूरत थी। उन्होंने कराची किंग्स के खिलाफ पीएसएल मैच में यह कारनामा कर दिखाया। कुल मिलाकर, पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सबसे छोटे प्रारूप में 10,000 रन बनाने वाले 13वें खिलाड़ी बन गए। जिसमें गेल 14,562 रनों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि पाकिस्तान के शोएब मलिक 13,159 रनों के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## यूएई क्रिकेट के हेड कोच बने लालचंद राजपूत



**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत को तीन साल के लिए यूएई पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। लालचंद राजपूत ने 1985 से 1987 तक भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेले।

यूएई क्रिकेट टीम में लालचंद ने अंतरिम मुख्य कोच मुदस्सर नज़र की जगह ली है। 62 वर्षीय राजपूत, दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहला पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम के मैनेजर थे। साथ ही 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच के रूप में भी उन्होंने कार्य किया है। लालचंद राजपूत, 2016 से 2017 तक अफगानिस्तान की टीम के साथ जुड़े थे। फिर, 2018 से 2022 तक जिम्बाब्वे पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया। राजपूत ने एक बयान में कहा, इस भूमिका में मुझे नियुक्त करने के लिए मैं क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। यूएई हाल के वर्षों में मजबूत एसोसिएट सदस्यों में से एक के रूप में उभरा है। खिलाड़ियों ने वनडे और टी20 दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यूएई क्रिकेट का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। मेरा लक्ष्य टीम को और अधिक लगातार प्रदर्शन करना और उन्हें आगे तक ले जाना होगा। अगले स्तर पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे इसमें पूरी तरह सक्षम हैं। यूएई के नए मुख्य कोच के रूप में उनका पहला कार्यभार आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला होगी, जिसकी मेजबानी स्कॉटलैंड और कनाडा अन्य प्रतिभागियों के रूप में करेंगे।

# ओपनिंग रोल के बिना स्मिथ की टी20 विश्व कप में जगह मुश्किल : वॉन

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी तैयारियों में जुटी है। इस बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि अगर अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को छोटे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल नहीं किया जाता, तो उनकी जगह खतरे में हो सकती है।

माइकल वॉन का बयान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श के बतौर टी20 सलामी बल्लेबाज के लिए ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर का नाम ऐलान करने के बाद आया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से वेलिंगटन में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर सलामी जोड़ी होंगे।

ऐसे में वॉन का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया का यह फैसला इस साल आगामी विश्व कप में स्मिथ के खेलने की संभावनाओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।



वॉन ने फॉक्सस्पोर्ट्स.कॉम.एयू को बताया, मुझे लगता है कि उसकी एकमात्र स्थिति वास्तव में ओपनिंग करना है, क्योंकि उसके पास मैच में पहले छह ओवरों को शानदार ढंग से खेलने कौशल है।

वह एक कुशल खिलाड़ी है, लेकिन अगर वह ओपनिंग नहीं करने जा रहा है, तो मुझे नहीं लगता कि उसे खेलना चाहिए। यदि आप उसे टीम में शामिल करना चाहते हैं, तो उसे शीर्ष दो में बल्लेबाजी करनी चाहिए और यह टीम के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

वह 50 गेंदों का सामना करेगा और आपको 80 या 90 रन बनाकर दे सकता है।अगर वह ओपनिंग नहीं करने जा रहा है, तो मुझे नहीं लगता कि पावरप्ले के बाद वो मिडिल ऑर्डर में ज्यादा इम्पैक्ट डाल पाएंगे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला जून में टी20 विश्व कप से पहले छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया की आखिरी टी20 सीरीज है।

# मार्श की तूफानी बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड पहले टी-20 मुकाबले में छह विकेट से पराजित

**वेलिंग्टन,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। कप्तान मिचेल मार्श की 44 गेंदों में दो चौके और सात छक्कों की तूफानी नाबाद 72 रनों की अर्धशतकीय पारी और टिम डेविड के नाबाद 31 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने आज न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मुकाबले में छह विकेट से पराजित कर दिया है।

आज यहां खेले गये रोमांचक मुकाबले में मैच की आखिर गेंद पर डेविड ने टिम साउदी की गेंद पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में ट्रैविस हेड 24 रन विकेट गंवा दिया। इसके बाद सातवें ओवर में डेविड वॉर्नर 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ग्लेन मैक्सवेल को 25 रन पर फर्ग्युसन बोल्ड आउट किया। जॉश इंग्लिस भी 20 रन बनाकर आउट हुये। मार्श नाबाद 72 रन और डेविड नाबाद 31 रनों की अंतिम ओवरों ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की।



न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर दो विकेट मिले। लॉकी फर्ग्युसन और ऐडम मिल्न ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

- मैच की आखिर गेंद पर डेविड ने टिम साउदी की गेंद पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई
- मार्श नाबाद 72 रन और डेविड नाबाद 31 रनों की अंतिम ओवरों ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की

इससे पहले डेवन कॉन्वे 63 रन और रचिन रविंद्र 68 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों का लक्ष्य दिया है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की एलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 61 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। छठें ओवर में स्टार्क ने फिन एलन को 32 रन पर वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रचिन रविंद्र ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट लिये 113 रनों की साझेदारी की। रचिन रविंद्र ने 35 गेंदों में दो चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 68 रन ठोक डाले। उन्हें मार्श ने स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। डेवन कॉन्वे ने 46 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 63 रन बनाये। उन्हें कमिंस ने स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फिलिप्स 19 रन और मार्क चैपमैन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क,पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।